# प्रतिकृति

Grizzly College of Education

**GRIZZLY**
**COLLEGE OF EDUCATION**
(A SECONDARY LEVEL TEACHERS' TRAINING INSTITUTE)
Recognised by NCTE, ERC, Bhubaneshwar &
Affiliated to Vinoba Bhave University, Hazaribag

Scanned with CamScanner

# प्रतिकृति

## GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION

(A SECONDARY LEVEL TEACHERS' TRAINING INSTITUTE)
Recognised by NCTE, ERC, Bhubaneshwar &
Affiliated to Vinoba Bhave University, Hazaribag

Scanned with CamScanner



डा० नीरा यादव
मंत्री
मानव संसाधन विकास विभाग
झारखण्ड सरकार

आवास :
कृष्णा कुंज, गिरिडीह रोड
पोस्ट+जिला – कोडरमा
पिन – 825410
मो॰ : 9431334228, 8757637977, 9431334165

# संदेश

यह हर्ष का विषय है कि ग्रिजली बी॰ एड॰ कॉलेज अपनी वार्षिक पत्रिका "प्रतिकृति" का प्रकाशन कर रहा है। केवल कोडरमा ही नहीं बल्कि अन्य निकटवर्ती जिलों व राज्य के अन्य इलाकों में ग्रिजली बीएड कॉलेज ने अपनी पहचान बनायी है और स्कूलों में बेहतर शिक्षा के लिए योग्य और शिक्षा को समर्पित युवाओं को तैयार कर रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी यह कॉलेज बेहतर शिक्षण के साथ शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देता रहेगा। उत्तरोत्तर प्रगति और विकास की कामना के साथ कॉलेज प्रबंधन और इससे जुड़े सभी कर्मियों, कॉलेज में अध्ययनरत प्रशिक्षु व भविष्य के अध्यापकों को हार्दिक बधाई।

(डा॰ नीरा यादव)

Scanned with CamScanner



Dr. Gurdeep Singh
Vice-Chancellor

**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
Hazaribag - 825 301, Post Box No.-31
Phone No.-V.C-264279 (O), 262342 (R)

# MESSAGE

It gives me immense pleasure to know that GRIZZLY College of Education, Jhumritelaiya is coming out with its first edition of the College Magazine "PRATIKRITI". GRIZZLY College of Education in a very short span of time has become a name to reckon with in the region due to the sincere efforts put in by the College Administration in general and the students in particular.

I convey my good wishes to the College Managing Committee, Staff, Students and the Principal on this auspicious occasion.

(Gurdeep Singh)

Scanned with CamScanner

The Directors

**GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION**
Jhumritelaiya, Koderma (Jharkhand)
E-mail : grizzlycollege@gmail.com
Website : www.grizzlycollege.org

# MESSAGE

Mdm Principal,

We are happy to learn that the first issue of College Magazine "PRATIKRITI" is being published.

We admire the sincere efforts of your team :- And the first issue is coming out. It will, we are sure, be proved a replica (PRATIKRITI) of the vision, of the action and of the creation of the students, who are being trained to make this society, a place to live with honour, a place to live with peace and a place to live with equality.

Our good wishes to you all.

Good going.....

Keep it up.....

(Arun Mishra) (Avinash Seth) (Manish Kapsime)

Scanned with CamScanner






## *From Principal's Desk*

"Pratikriti" our college magazine is the inner voice of college. Through the articles it expresses the core values like contribution to national development, competencies, value systems, community services, skills and techniques that spontaneously reflect the urge to achieve excellence.

Man is perhaps the best creation of God, and, he, at the same time gifted with creativity. The creativity and imagination of the prospective teachers often hold a torchlight for younger generations. It manifests a combination of self and external quality education, progress with sustenance initiatives. Its various projects stimulate the academic environment for promotion of quality in teaching learning situation. In our college we encourage every aspect of students' creativity to flourish, to be shared by others. This magazine represents a brief ideology of the creativity and awareness of the pupil teacher. On salient feature of Education College, is that the students here are a combination of students and teacher both. Hence, they must make themselves excellent communicators as communication is a multi-faceted art. "Pratikriti" encourages communication of different shades and depth.

Thanks to all the teachers and students in preparation of this elegant magazine. I hope this labor will be liked by everyone.

Sanjeeta Kumari

Dr. Sanjeeta Kumari

Scanned with CamScanner

# Editorial Board






## Editorial

"Pratikriti" a reflection of Grizzly College of Education. It provides a panoramic view of the culture, academics, sports, literary activities and achievements of the college during the academic year. This magazine draw a beautiful portrait of college students programmes and our mission.

The creativity and imaginations of the prospective teachers flourish its psychological aspect. It manifests a combination of self and external quality education, progress with sustenance initiatives. Its various projects stimulate the academic environment for promotion of quality in teaching learning situation. In our college we encourage every aspect of the students to flourish whether it may be related to cognitive, effective and conative. This magazine represents a brief ideology of the creativity and awareness of the pupil teacher. Thanks to all the teacher and students in preparation of this elegant magazine. Hopefully this labor will be liked by everyone.

**Dr. Bhupendar Thakur**

Scanned with CamScanner

## TEACHING STAFF




Prof. Vivekanand Pandey, *M.Sc., M.Ed., PGDRD* | Dr. Chaudhary Prem Prakash, *M.A., M.Ed, Ph.D. (History)* | Dr. Bhupendra Thakur, *M.A., M.Ed, Ph.D. (History)*

Dr. Sanjeeta Kumari, Principal, *M.A., M.Ed, NET (Education), Ph.D. (Education)* | Dr. Narendra Pandey, *M.Sc., M.Ed, Ph.D. (Education)*

Prof. Dharmendra Kumar, *M.A., M.Ed., Ph.D. (Cont.)* | Prof. Chandra Shekhar Nath Jha, *M.A., M.Ed., PGD V.G.C.C.)* | Prof. Sneha Bharti, *M.A., M.Ed., C.I.C.*

Scanned with CamScanner

## Non Teaching Staff - I




## Non Teaching Staff - II






Scanned with CamScanner


## OUR GLORIOUS PAST

# GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION

Recognised by NCTE
Affiliated to Vinoba Bhave University, Hazaribag


**SESSION : 2009-10**









Scanned with CamScanner






Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

# AGENCY OF TEACHER EDUCATION AT CENTRE LEVEL

*- By Dr. Sanjeeta Kumari*

Due to explosion of knowledge, there is a spread of education not only in India, but all over the world. Due to this change, social needs are changed accordingly. A teacher is expected to face the new changes by undergoing through training for new trends in education. Such training needs are satisfied by different agencies at different levels. The training institutes not only enhance the knowledge of teacher but it also provides those skills, strategy and methodology to tackle the class room situation as well as social situation.

## NATIONAL LEVEL AGENCIES OF TEACHER EDUCATION PROGRAMME

**University Grants Commission (UGC):**

Established on 28th December, 1953, at New Delhi. UGC was given autonomy by govt. of India in 1956.

**Functions:**

- It provides financial assistance to universities and colleges to meet their requirement.
- It extends the financial aid for the development of Universities and maintenance.
- It provides a guide-line to Center and State Govt. for giving grant to a University.
- It provides the grants for five years to establish as new University in the state.
- It provides the grants for five years to start new department or any academic programme in the University but now state concurrence is essential.
- It encourages higher level research work and teaching activities by providing financial assistance.
- It provides the grants for higher education and new programmes in the Universities and colleges.
- It provides the fellowship for teachers and project work for University and college teachers.

**National Institute of Educational Planning and Administration: (NUEPA/ NIEPA) :**

**Functions:**

As the highest organization of educational planning and Administration- have the following functions to perform:

- Providing training of educational planning and administration to develop the abilities and competencies in the educational administration as the in-service program.
- Providing training facilities in educational planning and administration at state level and regional level to develop efficiency at their level.
- Integrating educational studies and researches under the area of educational planning and administration and make co ordinations in these activities.
- Encouraging the teachers to solve the problems of educational planning and administration by organizing seminars and workshops.
- Arranging extension programs for new developments and innovations in the area of planning and administration.
- Establishing contact with other countries to understand the developments and innovations of the developed countries.



Scanned with CamScanner

- Providing guidance at National and State levels in the area of planning and administration.
- Multi –dimensional activities- under extension programs – journal on educational planning and administration and other books are published.
- Review of educational planning and administration of other countries- used to develop our educational system and solve educational problems.
- Orientation programs for educational administrators- provide awareness of new developments in this area.
- Educational research reports are published. The publication unit established the coordination between theory and practice.
- Seminars and workshops are organized and their discussions and results are published.
- Training Institutions for special fields for school and colleges- these provide elementary in special fields like- computers, educational technology and fine arts.

**Language Institutions:**

- Kendriya Hindi Sanasthan.
- Central Institute of English, Hyderabad,
- Central Institute of Indian Languages, Mysore.

  Language training is given.

**National Council of Teacher Education (NCTE):**

Kothari commission Report (1964-66) criticized Teacher Education Programme being conventional, rigid and away from reality. Therefore it expressed the need of establishing National council of Teacher Education in order to improve the standard of Teacher Education. In September 1972, Central Advisory Board in Education accepted the said proposal which was supported by fifth National plan. Thereafter by law, Indian Education Ministry established NCTE on 21st May 1973. NCTE has got independent constitutional status since 1993.

**Objectives:**

- To work especially towards planned and coordinated development of teacher-education.
- To improve the standard and functioning of teacher-educators.

**Functions:**

**According to the Act 1993, NCTE performs the following functions:**

- Undertake survey and studies relating to various aspects of teacher-education and publish the results.
- Making recommendations to the center and State government Universities, the U.G.C and other institutions in the preparation of plans and programmme's in the field of teacher education.
- Coordinating and monitoring teacher education and its development in the country.
- Preparing a guideline with regard to minimum qualifications for the candidates to be employed as teacher- educators at different levels.
- Developing norms for any specified category of courses or training in teacher-education, including minimum eligibility criterion for admission.



Scanned with CamScanner

- Preparing a guideline and specified requirements for starting new courses and programmes under teacher education.
- Developing a guideline for general teacher-education programme.
- To advise central government on matters like teacher - education (in building pre-service / in-service training), evaluation of the curricula for teacher — education and periodical review with respect to revision of curricula.
- To advise state governments on any matter of their concern.
- To review the progress of plan of teacher- education, submitted by central / state governments.
- To advise the government on ensuring adequate standards in teacher – education
- To give approval to teacher - education institutions.
- To lay down norms for maintaining standards of teachers - education.
- Promoting innovations and research studies and organize them periodically or annually.
- Supervising the teacher education programmes and providing financial assistance.
- Enforcing accountability of teacher development programmes in the country.
- Preparing a programme for in-service teacher education for orienting teachers for latest development.

**NCTE functions through the following standing committees:**

- Pre – Primary, primary teachers' education committee.
- Secondary college - teacher education committee.
- Special education - teacher education committee.
- In-service - teacher - education committee.

**Activities of NCTE are with respect to :**

- Research - Extension services.
- Development programmes.
- Training.
- Evaluations.

**NCERT - National Council of Educational Research and Training :**

**Introduction:**

- Due to knowledge explosion, there is a spread of education not only in India, but all over the world. Due to this change, social needs have changed accordingly. A teacher is expected to face the new changes by undergoing through training for new trends in education. Such training - needs are satisfied by following National level agencies of Teacher Education programme NCERT and NCTE.

**National Council of Educational Research and Training (NCERT):**

Establishment: Ministry of Education of Indian Government established NCERT in 1961. NCERT is an autonomous - organization, working as an academic wing of the Ministry of Education. It assists the said ministry in the formulation and implementation of its policies and programmes in the field of Education. It is



Scanned with CamScanner

expected to encourage student teachers and teacher educators to conduct educational research. In order to fulfill these main objectives, it has established National Institute of Education (NIE) at Delhi and 4 regional colleges of education at Ajmer, Bhopal, Bhubaneswar and Mysore. It also works in collaboration with the departments in the states, the universities and institutes, following objectives of school education. It also maintains close-contact with similar national and international institutions throughout the world. It communicates results of its researches to a common man by publishing books and journals.

**Objectives:**

- To launch, organize and strengthen research works in various aspects of education.
- To arrange for pre-service and in-service training at the higher level.
- To publish necessary textbooks, journals and other literature for achieving the objectives.
- To organize extension centers in training institutes with the cooperation of state governments and extend facilities pertaining to new methods and technologies among them.
- To establish a National Institute of Education and manage for the development of research and higher training for educational administrators and teachers.
- To provide guidance and counseling services on a large scale.

**a) Major function of NCERT are as under/ Role of NCERT :**

- To monitor the administration of NIE /Regional colleges of Education.To undertake aid, promote and co-ordinate research in all branches of education for improving school-education.
- To organize pre-service and in-service education programmes for teachers
- To prepare and publish study material for students and related teacher's handbooks.
- To search talented students for the award of scholarship in science, Technology and social sciences.
- To undertake functions assigned by the Ministry of education (Now HRD) for improving school – education

It is quite interesting to know how following constituent institutes works.

- National Institute of Education (NIE)

In order to fulfill the objectives of NCERT, NIE Functions through 9 departments, 7 units and 2 cells as under:

**Departments of NIE**

- Academic Depts.
- Production Department.
- Dept of Maths Education
- Dept. of textbooks
- Dept of Teacher education
- Dept of Teaching Aids
- Dept of Educational Psychology Publication Department.
- Dept of Educational Psychology Workshop Department
- Dept of educational psychology textbook department



Scanned with CamScanner

**Units of NIE**

- National Talent Search unit
- Survey and Data processing Unit
- Policy, planning and Evaluation Unit
- Library and Documentation Unit
- Vocationalisation of Education Unit
- Examination Reform unit
- Examination Research unit

**Cells of NIE**

Primary Curriculum

Journals cell

**b) Central institute of Educational Technology (CIET): Functions of CIET are as under –**

- To encourage the use of Educational technology in the spread of education.
- To organize training programmes in connection with school-broadcasting and Educational Television.
- To develop learning aids based on Educational technology.

**C) Regional Institutes of Education (RIE):**

- NCERT established Institutes of Education as model institutes in different regions of the country.
- Besides Teacher Education programme (4 years integrated B.Ed Course), these college conduct programme with respect to in-service - training, extension services and Research.
- They run 4 years B.Ed. course with a view that Education is a professional subject like engineering, medicine and B.Ed. student should be trained in the content and methodology simultaneously.
- This course offers B.Sc. B.Ed. (Science) and BA, B.Ed (languages) degree.
- These colleges conduct two-year B.Ed. course especially in science, agriculture, commerce and languages. (2015 onwards)
- They also run M.Ed course.
- These Colleges are situated at Ajmer, Bhopal, Bhubaneswar and Mysore as centers of excellence for the four regions of India.

**The role of NCERT in Indian Education:**

- NCERT organizes / conducts various programmes with respect to Research, Development, Training, Extension-services, publishing study - material, and evaluation.
- It aims at qualitative improvement of school - education.
- It aims at qualitative improvement of school - education rather than quantitative expansion.
- It wants to make our education relevant to national objectives and social needs.
- Besides researches conducted at NIE, NCERT offers financial aid to research projects of the teachers.
- It also organizes summer Institutes to school teachers and teacher - educators for attaining their professional growth. Through these measures NCERT wants to achieve qualitative improvement in Education.



Scanned with CamScanner

# विश्वशांति और भावी शिक्षा - एक अध्ययन

अपनी पुस्तक "Impact of Science on Society" में सुविख्यात दार्शनिक बर्ट्रण्ड रसेल समकालीन विश्व की त्रासदी तथा विकट स्थिति का वर्णन करते हुए लिखा है कि – ''मोटे–तौर पर कहें तो आज हम मानवीय दक्षता को एक साधन के रूप में और मानव की मूर्खता को एक साध्य के रूप में लेते हुए इन दोनों की दौड़ के मध्य में खड़ा हुआ देख रहे हैं। पर्याप्त मूर्खता को अपना साध्य समझते हुए इसको प्राप्त करने के लिये मानव की दक्षता में कोई भी बुद्धि हानिकर है। मानव जाति अब तक जो जीवित रही है वह अपने अज्ञान और अक्षमता के आधार पर रही है, परन्तु उसकी मूर्खता के साथ उसको ज्ञान और क्षमता प्रदान कर देने पर उसका आगे जीवित रहना निश्चित दिखाई नहीं देगा। ज्ञान बहुत बड़ी शक्ति है परन्तु यह शक्ति जितनी शुभ के लिये प्रयोग हो सकती है उतनी ही दुष्टता और दुराचार के लिये भी। अतः इससे यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि जब तक मनुष्य बुद्धिमत्ता और विवेकशीलता में उतनी वृद्धि नहीं करता जितनी ज्ञान में कर रहा है, तब तक मात्र ज्ञान की वृद्धि उसके दुःखों और संकटों को ही बढ़ाएगी।''

मानव इतिहास में ऐसा ही हुआ है। पिछले तीन सौ वर्षों से मानव सभ्यता बिजली और भाषा के युग से गुजरती हुई परमाणु शक्ति के युग तक आ गई है। मनुष्य के मस्तिष्क को वैज्ञानिक विधियों ने अनुशासित किया है उसका ज्ञान प्रकृति के सभी रहस्यों का उद्‌घाटन करता चला जा रहा है। परन्तु जितनी शक्ति उसके हाथों में आ रही है उतना ही वह अपने भविष्य की और अपने अस्तित्व के विषय में अनिश्चितता का शिकार होता जा रहा है। 19वीं शताब्दी तक मानव ने दुःख को दूर करने और मानव को सुखी बनाने को ही जीवन का आदर्श बनाया हुआ था, परन्तु आज इस विज्ञान द्वारा प्राप्त शक्ति को वह अपनी मूर्खता की वृद्धि के लिये प्रयोग कर रहा है जो इसके विनाश का कारण बन सकती है। यह आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी त्रासदी है जैसा कि रसेल के उपरोक्त कथन में स्वीकार किया गया है। उसके खान–पान, आहार–विहार और चिन्तन की शैली में विनाश के बीज छुपे हुए हैं अब न तो इस नई सभ्यता में संवेदनशीलता दिखाई पड़ती है और न करूणाभाव। आज का सभ्य मानव अपने विनाश को ही नियंत्रण दे रहा है। हारवर्ड विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध समाजशास्त्री डॉ0 सारोकिन का भी यही मत है कि आधुनिक सभ्यता ने मानव को ज्ञान और शक्ति तो प्रदान कर दी है परन्तु बुद्धिमत्ता या विवेक प्रदान नहीं किया। वह भोग के साधन तो जुटा पाया है परन्तु भोग कभी भी शान्ति नहीं दे सकता। भारतीय मनीषी भी इसी बात पर आग्रह करते हैं कि भोगों ने हमें भोग किया है। हम भोगों को नहीं भोग पाए क्योंकि भोग लिप्सा कभी तृप्त नहीं होती। इसी कारण सर्वत्र अशांति ही अशांति है, भटकाव ही भटकाव है।

विश्वशांति स्थापना के लिये जो मार्ग राजनेताओं ने खोजा है वह मात्र युद्ध की विभीषिका से बचने का मार्ग है। दो विश्वयुद्धों के विनाश को देखते हुए विश्व के सत्ताधारियों ने युद्ध को रोकने के कुछ उपाय निकाले हैं जिन्हें शान्ति स्थापना का प्रयास कहा जाता है उनका मानना है कि विश्वशांति स्थापित करने के लिये ऐसे उपाय काम में लाने चाहिए जिनसे अन्तर्राष्ट्रीय तनाव दूर होते हों। विख्यात मनोवैज्ञानिक आलपोर्ट ने अपने एक निबन्ध **''मानव प्रकृति और शान्ति''** में बहुत से सिद्धांतों का एक वक्तव्य प्रसारित किया था, जिस पर दो हजार से अधिक अमेरिकन मनोवैज्ञानिकों ने हस्ताक्षर किये थे। इस निबंध में जिन बातों पर विशेष आग्रह किया गया था उनमें से कुछ इस प्रकार है –

1. युद्धों के मूल में कुछ हताशायें और स्वार्थों के संघर्ष होते हैं। शिक्षा और सामाजिक दशाओं के सुधार से युद्ध के कारणों को दूर किया जा सकता है।

   शांति की योजना में भावी पीढ़ी को संस्कारित करने का बहुत महत्त्व है। शांति की हर योजना भावी पीढ़ी पर आधारित होनी चाहिए, क्योंकि उसका स्वभाव नमनीय होता है। बालक सरलता से एकता के सिद्धांतों को समझ सकते हैं और ऐसा व्यवहार अपना सकते हैं जिसमें साम्राज्यवाद, पक्षपात, असुरक्षा और अज्ञानता के दुर्गुण कम से कम हो।

2. जिस तरह मनुष्य युद्ध करना सीखता है उसी तरह वह शांति से रहना भी सीख सकता है। इसके लिये उसको, विशेषतया नई पीढ़ी के युवक–युवतियों को शांति की शिक्षा देनी होगी जिससे कि वे अपने को विश्व का



Scanned with CamScanner

नागरिक समझे और अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के सदस्य के रूप में कार्य करें।

3. संसार से युद्ध को स्थाई रूप से हटाने के लिये यह जरूरी है कि दुनिया में कहीं भी सामाजिक और आर्थिक विषमतायें, गरीबी, असुरक्षा, हताशायें आदि न रहे। संसार के हर एक राष्ट्र में लोगों का सामाजिक और आर्थिक कल्याण किया जाना चाहिए।

दूसरे महायुद्ध के पश्चात् आगे युद्ध को रोकने और विश्व में शान्ति बनाए रखने के लिये अब भयोपरित के सिद्धांत का प्रयोग किया जा रहा है जिसका अर्थ है – भय दिखाकर भय दूर करने का सिद्धांत आज के युग में इसका प्रयोग आणविक संदर्भ में किया जाता है। प्रत्येक राष्ट्र ने शस्त्र संचय की होड़ को औचित्य प्रदान करने के लिये भयोपरित का आश्रय लिया है। इसके समर्थकों को विश्वास है कि परस्पर भयोपरित राष्ट्रों के द्वारा शक्ति प्रयोग पर अंकुश लगा सकती है तथा राष्ट्रों को शान्ति बनाए रखने के लिये बाध्य कर सकती है परन्तु भयोपरित का यह सिद्धांत सर्वथा अत्यावहारिक दिखाई देता है। विशेषकर ऐसी अवस्था में जब अनेक अलोकतांत्रिक देशों के पास परमाणु अस्त्र हैं। भयोपरित वास्तव में अविश्वास का एक घातक खेल है। यद्यपि यह धारणा इस सामरिक नियम पर आधारित है कि सबसे अच्छा युद्ध वही है जिसे आरंभ होने से पूर्व ही जीत लिया जाए और यह दण्ड तो भय पर ही निर्भर करता है लेकिन यदि युद्ध अवश्यम्भावी है तो भयोपरित परस्पर निश्चित विनाश का ही सूचक है। भयोपरित झूठ का खेल है। ऐसी नकारात्मक विचारधाराओं से विश्व शान्ति की संभावना नहीं है। यह राजनैतिक खेल भय दिखाकर और अधिक अशांति को तो जन्म दे सकते हैं शान्ति का नहीं, क्योंकि डर से किसी का हृदय शान्ति की ओर परिवर्तित नहीं किया जा सकता। इस राजनैतिक धारणा का शिक्षा के साथ तालमेल भी नहीं बैठता, क्योंकि रसल के कथनानुसार यह तो मानव मूर्खता का प्रदर्शन है, बुद्धिमत्ता या विवेक का परिचायक नहीं है।

विश्व में जो आज व्यापक अशांति विद्यमान है उसका कारण हमें कहीं और देखना पड़ेगा। पिछले सौ वर्षो के मानव इतिहास का विश्लेषण करने पर दिखाई पड़ता है कि अठारहवीं शताब्दी के आरम्भ से ही विज्ञानाश्रित भौतिकवादी सभ्यता ने मानव से उसकी महानता का बोध छीन लिया है। प्राचीन मानव यह मानता रहा है कि वह इस पृथ्वी का गौरव है। महाभारत शांति पर्व में उल्लेख किया गया है कि ''ना शानुषात् श्रेष्ठतम् हि किंचित'' अर्थात् मानव से श्रेष्ठ इस विश्व में कुछ भी नहीं है। बाइबल में भी मानव को सृष्टि का सिरमौर कहकर उसकी महानता का गान किया गया। ऐसा ही वर्णन कुरआन में भी मिलता है कि मानव जीव जगत में सर्वश्रेष्ठ हैं परन्तु विज्ञान ने उससे यह महानता और श्रेष्ठता छीन ली। डार्विन ने अपने विकास के सिद्धांत में यह निष्कर्ष निकाला कि मनुष्य का उद्भव पशु जगत से हुआ है और मनुष्य वानर वंश का ही विकसित रूप है। जब मनुष्य से उसकी गरिमा छीनकर उसको नीचे गिराकर पशु जगत से जोड़ दिया तो उसका आचरण भी पशुवत् बना दिया। पशु में न मर्यादा होती है और न पशुओं ने कोई सभ्यता निर्माण की है। डार्विन के इस विकास सिद्धान्त पर जो सभ्यता जन्म लेगी वह तो निरंकुश और अमर्यादित ही रहेगी।

आहार, निद्रा, मैथुन आचरण है। गन्दगी के ढ़ेर के चारों ओर मंडराना, उसका भोग करना और अण्डे देकर संतान उत्पन्न करके मर जाना मनुष्य का उद्देश्य बन गया तो फिर ऊँचे आदर्श कहाँ से निर्माण होंगे? पशुवत् जीवन तो लक्ष्य विहीन होता है। किसी शेर या हाथी को बोध नहीं होता कि वो क्यों जी रहा है? आज यंत्रवत् जीवन जीने वाले मानव को भी यह पता नहीं कि वह किस उद्देश्य के लिये जी रहा है। एक कवि ने कहा है कि –

**'' किस लिये जीते हैं हम, किसके लिये जीते हैं,**
**बहरहाल ऐसे सवालात् पे रोना आया।''**

यही भटकाव जीवन में असंतोष भर देता है और इस कारण से मानव बड़े भारी पैमाने पर मानसिक उद्देश्य, अवसाद और मनोविक्षेप का जीवन जी रहा है जिसको दूर करने के लिये वह मादक वस्तुओं का नियमित प्रयोग कर रहा है फिर भी शान्ति नहीं मिल पा रही। इस विज्ञानाश्रित भौतिक सभ्यता ने उसे भौतिक सुविधाएँ तो बहुत दे दी परन्तु वह अपना आन्तरिक संतोष, मन की शांति खो बैठा है, उसकी आत्मा खो गई है। 20वीं शताब्दी के विख्यात मनोवैज्ञानिक कार्ल गुस्ताव जग ने अपनी पुस्तक आधुनिक मानव आत्मा की खोज (Modern Man insearch of soul) में बड़े



Scanned with CamScanner

विस्तार से आज के मानव के मानसिक संत्रास का विश्लेषण करते हुए यही निष्कर्ष निकाला है कि आज भटका हुआ पाश्चात्य जगत पुनः आध्यात्मिक पुनर्जीवन के कगार पर खड़ा हो गया है और जीवन मूल्यों की ओर उसकी वृत्ति बदलती दिखाई दे रही है। इस भौतिकवाद में वह खोई हुई आत्मा को खोज रहा है जो शान्ति का आधार है। वह कहते हैं कि एक लम्बे काल तक बाह्य विस्तार में भटककर अब मानव पुनः अपने आन्तरिक जगत की ओर लौटना चाहता है। अब वह तथ्यों में खेलने की बजाए उनकी सार्थकता और मूल्यों को जानना चाहता है। इस आन्तरिक और बाह्य में जो एक तनाव उत्पन्न हो गया उसमें आज का मानव कोई संगति नहीं बिठा पा रहा है, क्योंकि उसकी भौतिकवादी सभ्यता में कोई ऐसा तत्व है ही नहीं जो इसका तालमेल बिठा दे। इसके लिये तो उसे प्राच्य अर्थात् भारत की ओर देखना पड़ेगा। भारतीय दार्शनिक परम्पराएँ ही यह जानती है कि वैज्ञानिक अनुशासन को केवल बाह्य प्रकृति को भी समझने और उस पर नियंत्रण प्राप्त करने के लिये कैसे प्रयोग करना चाहिए क्योंकि केवल विज्ञान और तकनीकी से प्रकृति को परिवर्तित या संशोधित करके उसके द्वारा प्राप्त किए गए ऐन्द्रिय सुख के साधन मानव को मानसिक शान्ति और संतुष्टता प्रदान नहीं कर सकते। यह शांति तो केवल आध्यात्मिक अनुशासन द्वारा ही प्राप्त हो सकती है। दुर्भाग्य से पाश्चात्य ने इस आत्मानुशासन को सर्वथा उपेक्षित कर रखा है इसलिये श्री जुंग आग्रहपूर्वक कह रहे हैं कि आधुनिक मानव आत्मा की खोज में भटक रहा है, क्योंकि उसके बिना शांति संभव ही नहीं है।

दूसरी बात जो डार्विन ने मानव के विकास के विषय में कही है वह यह है कि अब तक जो जैविक विकास का क्रम चला है उसके मुख्य सूत्र ''अस्तित्व के लिये संघर्ष'' और योग्यतम को जीने का अधिकार है। प्रकृति में निरंतर अस्तित्व का संघर्ष चल रहा है और प्रकृति के दाँत और पंजे रक्त रंजित हैं। (Nature is red in its teech and claws) सर्वत्र हिंसा है प्रकृति की क्रिया में। जिस सभ्यता के विकास का आधार ही हिंसा प्रकृति का अपरिहार्य नियम है उसमें शांति की बात करना ऐसे ही है जैसे मरूस्थल में मछलियाँ खोजना। इस दृष्टि से भी भारतीय संस्कृति ही शान्ति का पाठ पढ़ा सकती है। धीरे–धीरे विश्व के दार्शनिकों को भारतीय दर्शन की ओर आना पड़ेगा।

20वीं शताब्दी के विख्यात मनोवैज्ञानिक फ्राइड का नाम उन महान मनीषियों में लिया जाता है जिन्होंने विश्व की चिन्तनधारा ही बदल दी। अपने मनोचिकित्सा के क्षेत्र में सैकड़ों मानसिक रोगियों का मनोविश्लेषण करते हुए उसने देखा कि हमारी सभ्यता में ही कुछ ऐसे हैं जो सारी मानसिक विकृतियों को जन्म देते हैं।

अपनी क्रांतिकारी पुस्तक सभ्यता और उसके असंतोष में फ्राइड ने बड़े विस्तार से सारी पाश्चात्य सभ्यता का विश्लेषण करके निष्कर्ष निकाला कि मनस क्षोभ तो सभ्य बनने का न्यूनतम मूल्य है और फिर इस समस्या पर गहन विचार करना आरम्भ किया कि वर्तमान संस्कृति को कैसे बचाया जाए जिसका अपराधों, मादक द्रव्यों के सेवन, चरित्र विकार और मर्यादा भंग, हिंसा वृत्ति का निरन्तर बढ़ता हुआ ज्वर निरन्तर विनाश का भय दिखा रहा है।

फ्राइड इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि अब तो शिक्षा ही भविष्य की आशा है जो व्यापक अशांति का निवारण करके सभ्यता को नष्ट होने से बचा सकती है क्योंकि शिक्षा ही श्रेष्ठ और सुसंस्कृत नागरिक पैदा कर सकती है। इसके लिये नैतिक शिक्षा बहुत आवश्यक है। शिक्षा का उद्देश्य बताते हुए फ्राइड कहते हैं कि यह बालक को प्रशिक्षित करेगी कि वह अपनी कामेच्छा पर किस प्रकार नियंत्रण कर सकता है। इस काम के लिये शिक्षा द्वारा ही पराहम् (Super ego) को विकसित करके दृढ़ बनाना होगा जिसमें समाज की मर्यादाएँ आदर्श और उदार जीवन मूल्य सम्मिलित होते हैं। यौन उर्जा को सृजनात्मक कार्यों की ओर मोड़ना भी शिक्षा द्वारा ही होगा जिसको परिष्कृत करना (Sublimation) कहा जाता है काम वृत्तियों को रोकने का श्लाघनीय कार्य शिक्षा प्राचीनकाल से करती रही है। यह मनुष्य को नैतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से ऊँचा उठाने का कार्य था और शायद फ्राइड उसी प्राचीन यूनानी, रोमन तथा भारतीय शिक्षा पद्धति की ओर संकेत कर रहे हैं। फ्राइड एक पूर्व चेतावनी दे रहे हैं कि मूल प्रवृतियों को यदि शिक्षा द्वारा संस्कारित नहीं किया गया तो वे सारी सीमाओं को तोड़ देगी और सैकड़ों वर्षों के श्रम और साधना से जो सभ्यता का महल खड़ा किया गया है वह ध्वस्त हो जाएगा। इसलिये भौतिकवादी सभ्यता के व्यापक असंतोष का समाधान सुपर इगो के विकास अर्थात नैतिक और



Scanned with CamScanner

आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा ही संभव है जिसके लिये पाश्चात्य जगत को भारत की ओर ही आना पड़ेगा।

आधुनिक सभ्यता ने मानव चेतना को इन्द्रिय संतुष्टि के बंधन में जकड़ दिया है और इन्द्रिय सुख का दास बना दिया है। अरविन्द के शब्दों में आधुनिक मानव आर्थिक बर्बर बन गया है जो प्राणशक्ति को ही भूलवश आत्मा समझ बैठता है और उसकी संतुष्टि को ही जीवन का परम लक्ष्य समझता है। प्राचीन शारीरिक बर्बर मानव अब आर्थिक बर्बर बन गया है। उसके जीवन का प्रथम प्रयोजन व्यक्ति केन्द्रित है। इसलिये वह समाज में भी अपने आप में अकेला महसूस करता है और यही उसकी मानसिक अशांति और हताशा का कारण है। अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिये उसमें संग्रहशीलता और अर्जन वृत्ति ही प्रबल हो गई है। यह अधिकाधिक संग्रह की वृत्ति भोगवाद को जन्म देने वाली है। इसको वाणिज्यवाद तो कहा जा सकता है, संस्कृति बिल्कुल नहीं।

यह वाणिज्यवादी और उपभोगवादी सभ्यता जो औद्योगिकीकरण से निकली है पाश्चात्य की देन है, इसमें उच्छृंखलता है, हिंसा है, मर्यादा तथा मूल्यविहीनता है। यौनाचार और संतुष्टि के लिये हर प्रकार का अपराध सम्मिलित है। ये सारी विश्व शांति के मूल में है।

विविध दृष्टिकोणों से बहुत से विश्वविख्यात विचारकों ने इसकी कटु आलोचना की जिनमें कार्ल मार्क्स, श्री अरविन्द, ओसवाल्ड स्पैंगलर तथा पीटिरिम सौरोकिन सम्मिलित है। इनकी आलोचना का सामान्य बिन्दु **''धन अन्तर्बन्ध''** है जो अब सभी मानवीय सम्बंधों पर छाया हुआ है। प्रत्येक वस्तु, प्रत्येक कार्य मूल्य का वाणिज्यीकरण हो गया है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि उपयोगितावाद और फलानुभववाद के आदर्श और धारणाएँ बहुत से विचार अधिक ग्राह्य हो गए हैं। इस वाणिज्यिक सभ्यता के प्रति कुछ विचारकों की प्रतिक्रियाएँ बहुत दुखान्तक और निराशाजनक है जिनमें स्पैंगलर का नाम प्रमुख है।

अमेरिका के प्रसिद्व समाजशास्त्री, सौरोकिन और अरविन्द यद्यपि मानवता के भविष्य के विषय में आशावान हैं, क्योंकि दोनों को आध्यात्मिक तत्व में आस्था है, परन्तु दोनों ने ही दस एन्द्रिक, भोगमूलक सभ्यता की अशिष्टताओं और विकृतियों की बहुत तीव्र आलोचना की है। सेरोकिन आधुनिक संस्कृति को ऐन्द्रिक संस्कृति कहते हैं और यह दर्शाते हैं कि यह एक भयानक संकटावस्था की जकड़ में है। वह कहते हैं कि ''पाश्चात्य समाज के जीवन का, संस्थाओं और संस्कृति का प्रत्येक महत्वपूर्ण पक्ष इस संकटावस्था में फँसा हुआ है। इसका शरीर और मन बीमार है। इसके शरीर में कोई भी ऐसा अंग नहीं है जो कष्टग्रस्त न हो, न ही कोई स्नायुतंत्र ऐसा रह गया है जो स्वस्थ रूप से काम कर रहा हो।''

यह रोगग्रस्त संस्कृति अब मरणशील है। वह कहते हैं कि हम दो युगों के मध्य में खड़े हैं एक तो मृत्युशय्या पर पड़ी एन्द्रिक अर्थात् भोगवाद संस्कृति का है जिसने पिछले तीन सौ वर्षों से सुख सुविधा के बहुत से साधन मानव को दिये थे और दूसरा युग आने वाले सृजनात्मक काल की चिन्तात्मक संस्कृति का युग है। यह उस भोगवादी संस्कृति का क्षयकाल है। इस संक्रमण काल की रात्रि अपने डरावने स्वप्नों, भयभीत करने वाली छायाओं और हृदय विदारक त्रास के साथ हमारी आँखों के सामने मंडरा रही है परन्तु इसके आगे महान चिन्तनात्मक संस्कृति का नव प्रभात भविष्य के मानव के अभिवादन करने की प्रतीक्षा कर रहा है।

सौरोकिन ने भरती हुई भोगवाद संस्कृति का जो चित्र अपनी सोशल एण्ड कल्चरल डायनामिक्स खंड 3 में प्रस्तुत किया है वह वास्तव में बड़ा हृदयस्पर्शी है उनकी उज्जवल भविष्य की आशा भी खोखली आशा ही लगती है परन्तु अपनी इस आशा का आधार जो उन्होंने बताया है कि मानव का वर्तमान संत्रास को दूर करने और शांति की खोज में उसके प्रबल प्रयासों पर आधारित है। उनका विश्वास है कि विवेकानन्द और अरविन्द की शिक्षा व्यवस्था से जो नये मानव तैयार हो रहे हैं वह आध्यात्मिक पुरूष होंगे और चिन्तनात्मक संस्कृति की विश्व में स्थापना करेंगे। सौरोकिन का यह विचार बिल्कुल सुतथ्य है। विवेकानन्द की मानव निर्माण की शिक्षा पद्धति से ही ऐसे मानव निर्माण हो सकेंगे जो मानवता को आलोकित कर सके। इस सर्वांगीण शिक्षा से पूर्ण मानव का विकास होगा। संवेदन विहीन मूल्य विहीन और एकांगी शिक्षा तो खण्डित, हताश तथा अशान्त व्यक्तित्व ही पैदा कर सकती है और जैसा कि गीता में कहा गया है कि ''अशान्तस्य कुतः सुरणं'' अशान्त व्यक्ति को तो स्वर्ग में भी



Scanned with CamScanner

सूरज की अनुभूति नहीं हो सकती। विवेकानन्द की शिक्षा व्यवस्था ही मानव को उसकी पूर्णता का बोध करा सकती है उन्होंने स्वयं कहा है – ''शिक्षा मनुष्य में पहले से ही अन्तर्निहित संपूर्णता की अभिव्यक्ति अथवा उसके साक्षात्कार का नाम है। ऐसा मानव ही शारीरिक, मानसिक, प्राणिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से विकसित हो, वास्तव में मानव को मानव बना सकता है और विश्व को आलोकित करके शान्ति की स्थापना कर सकता है।

महर्षि अरविन्द मानव को विकासक्रम का अन्त नहीं मानते। उनका विश्वास है कि समग्र शिक्षा के माध्यम से भावी मानव जाति को अति मानसिक प्रकाश को ग्रहण करने के योग्य बनाया जा सकता है जो विश्व की मरणशील भोगवादी सभ्यता के स्थान पर नई चिन्तनात्मक संस्कृति विश्व को प्रदान करेगा। मनुष्य को उसकी खोई हुई मानवता मिल जाए और फिर वह अधिमानव बनने के लिये तैयार हो, यह नयी समग्र शिक्षा का उद्देश्य है। यह शिक्षा ऐसी जाति निर्माण करेगी जिसमें दिव्य चेतना होगी। यह दिव्य जीवन शांति, प्रेम और संतोष का जीवन होगा और उसका निर्माण हमारी चैत्य तथा आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा होगा। यह निश्चित है कि विवेकानन्द और अरविन्द के शिक्षा दर्शन में ही मानव संस्कृति का उज्ज्वल भविष्य निहित है और इन्हीं की शिक्षा व्यवस्था से ऐसे व्यक्ति निर्मित होकर निकलेंगे जो विश्व को शांति का संदेश देंगे।

**''सा विद्या या विमुक्तये''**

***– डॉ0 भूपेन्द्र ठाकुर, व्याख्याता***

---

# मौका पहचानें, सफल बनें।

चींटी का परिश्रम देखकर मानव को लज्जा होने के लिये बाध्य होना पड़ता है। चींटी का लघुतम जीवन परिश्रम से भरा हुआ है। वह बड़े से बड़े पर्वतों को सरलता से लाँघ जाती है। शायद ही किसी ने चींटी को सोते हुए या आराम से बैठे हुए देखा हो। वह अनवरत श्रम करती है, इसलिये उसे अपना छोटापन अखरता नहीं। वह जीवन की समस्याओं को अपने श्रम से बड़ी सरलता से सुलझा लेती है। तब क्या मनुष्य संसार की कठिन से कठिन समस्याओं को विभीषिकाओं को अपने श्रम से सरल नहीं बना सकता? नेपोलियन की डायरी में असम्भव जैसा कोई शब्द नहीं था।

परिश्रमी व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर निरन्तर अग्रसर होता रहता है। उद्योगी पुरूष को ही लक्ष्मी प्राप्त होती है। ''ईश्वर देगा'' ऐसा कायर आदमी कहा करते हैं। जो मनुष्य अपने जीवन में जितना परिश्रमी रहा जितना अधिक से अधिक संघर्ष और कठिनाइयाँ उसने उठा ली, अन्त में उसने उतनी ही अधिक उन्नति की। आलसी, अनुद्योगी और अकर्मण्य व्यक्ति जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं होता। गति का ही दूसरा नाम जीवन है। जिस मनुष्य के जीवन में गति नहीं है, वह आगे नहीं बढ़ सकता, जहाँ पैदा हुआ है किसी दिन उसी स्थान पर सूख कर पृथ्वी पर गिर पड़ेगा। संघर्षो में घोर श्रम करना पड़ता है। जो व्यक्ति संघर्षो से, श्रम से डर गया, वह मानव नहीं पशु है।

**जो सफर इख्तियार करते हैं,**
**वहीं मंजिलों को पार करते हैं।**
**बस एक बार चलने का हौसला तो रखिए,**
**ऐसे मुसाफिरों का रास्ते भी इंतजार करते हैं।**

मनुष्य अपना भाग्यविधाता स्वयं है। संसार के महापुरूषों की जीवनियाँ पढ़ें। एकाध को भले ही आरम्भ से फूलों पर चलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हो, शेष को काँटों पर ही चलना पड़ा है। महापुरूषों ने जीवन में परिश्रम के महत्त्व का मूल्यांकन किया था। वे जानते थे कि परिश्रम से मनुष्य की न केवल भौतिक उन्नति होती है, अपितु आध्यात्मिक उन्नति भी होती है। श्री कृष्ण को क्या आवश्यकता थी, पशुओं को लाठी लेकर हाँकने की तथा उन्हें वन–वन लेकर घूमने की? कबीर कपड़ा बुनते थे, रैदास जूते बनाते



Scanned with CamScanner

थे, खलिफा उमर अपने राजमहलों में बैठे–बैठे चटाई ही बुना करते थे, जॉन ऑफ आर्क को भेंड़ चराने में ही आनन्द आता था। रैमजे मैकडॉनाल्ड केवल एक निर्धन श्रमिक था, परन्तु अपने अथक परिश्रम के बल पर ही एक दिन इंग्लैंड का प्रधानमंत्री बना। महात्मा मालवीय जी एक साधारण परिवार के बालक थे, परन्तु अपने अदम्य साहस और अथक–परिश्रम के बल पर ही काशी हिन्दू विश्वविद्यालय जैसी अभूतपूर्व संस्था का निर्माण कर सके।

**अपनी जमीं और अपना आसमान पैदा कर,**
**अपने कर्मों से एक नया इतिहास पैदा कर।**
**माँगने से मंजिल नहीं मिलती दोस्त,**
**अपने हर कदम पर एक नया विश्वास पैदा कर।**

फायदे की इमारत नुकसान की धूप में बनती है। अनन्त अवकाश की नरक की सबसे अच्छी व्याख्या है। हमें अपने बाह्य आकार पर विशेष ध्यान न देकर अपने आन्तरिक गुणों का विकास करना चाहिए।

ईश्वर सभी को मौका देते हैं, उसको पहचानने की क्षमता होनी चाहिए, छोटी –छोटी बातों में, लोभ में फँसकर आदमी बड़े उद्देश्यों से दूर होता चला जाता है। बड़े सपनों को साकार करने के लिये बड़ी सोच जरूरी है। सकारात्मक सोच, ईमानदार पहल और निरंतर प्रयास आदमी को शिखर तक ले जाता है। कहा जाता है – "ईश्वर देता है, तो छप्पर फाड़ के।" इसका मतलब यह है कि ईश्वर हमेशा अपने बंदों को बेहतर से बेहतर अवसर देता है, परन्तु हम अपनी मुट्ठी में छोटे–छोटे लोभ रूपी कंकड़ भर लेते हैं। हमारा हाथ उन कंकड़–पत्थरों से भर जाता है, ऐसे में जब हमें हीरे–मोती लेने के अवसर आते हैं, तो हमारी हथेली में जगह नहीं होती और हम अवसर चूक जाते हैं।

प्रकृति हर चीज सिखाती है। उदाहरण प्रस्तुत करती है, लेकिन हम उसे समझ नहीं पाते या समझना नहीं चाहते। हारा हुआ मुहम्मद गौरी जब चींटी के निरंतर नहीं थकने वाले प्रयास को देख कर शहंशाह बन सकता है, तो हम क्यों नहीं ?
सफलता के लिये आवश्यक है, अर्जुन जैसा लक्ष्य, एकलव्य जैसा विश्वास व आरूणी जैसा समर्पण। यदि ऐसा है, तो कोई कारण नहीं कि हम अपनी मंजिल तक नहीं पहुँच पायें।

**साहिल तक पहुँचना ही मंजिल हो तो,**
**मझधार में उठी कठिनाई न देखो।**
**पहनना है अगर मोतियों का हार,**
**तो समन्दर की गहराई न देखो।**

लोगों, खासकर युवाओं से मेरा यही कहना है कि उद्देश्यपूर्ण काम में अपना समय लगायें, तो उन्हें मंजिल पाने में आसानी होगी। हम ऐसा देखते हैं कि युवा तमाम तरह की बातों में उलझ कर अपने मकसद से भटक जाते हैं। वे उन्हीं चीजों को जरूरी समझ लेते हैं, जो केवल दिखावा होती है। हमारे जैसे और हमसे बेहतर हजारों युवा हैं, उन्हें अवसर नहीं मिलता। झारखण्ड बदल रहा है, चीजें बदल रही हैं, माहौल अच्छा हो रहा है। मौके पहले से ज्यादा हैं। युवाओं को उन्हें भुनाने का प्रयास करना चाहिए। अगर वह ऐसा करके अपनी और अपने परिवार, समाज की स्थिति बदलते हैं, तो यह सबसे अच्छी बात होगी। एक बात और आप कितने भी धनवान हो जाऐं, कितनी भी नाम हो जाये, हमें अपनापन नहीं छोड़ना चाहिए।

धर्मेन्द्र कुमार
व्याख्याता

# उलझनों के भँवर में शिक्षा - गाँधी जी के संदर्भ में

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक प्रमुख विशेषता भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों का भारत के भविष्य के लिये स्वाधीनता प्राप्ति से भी अधिक चिन्तित होना था। उन्हें जातिगत तथा धार्मिक अलगाव हीन भाईचारा धार्मिक सद्भाव युक्त शोषण, नियंत्रण तथा प्रताड़ना युक्त भारत चाहिए था। उनकी कल्पना के स्वतंत्र भारत में भूखमरी, गरीबी, महामारी को हर वर्ग से तथा हर संभव प्रयत्न से हटाना शामिल था। वे ऐसा भारत बनाना चाहते थे, जहाँ हर नागरिक को किसी भी आधार पर किसी प्रकार के भेदभाव से सामना नहीं करना पड़े। समता, समानता, सामंजस्य, सद्भाव, सामाजिक न्याय जैसी संकल्पनाओं को मूर्त्त रूप कैसे दिया जायेगा। यह सब उनके चिन्तन में निरन्तर विद्यमान रहता था। वे यह भी जानते थे कि इस भारत की संकल्पना को साकार रूप में देखना तभी संभव होगा यदि शिक्षा द्वारा सूचना तथा ज्ञान का प्रकाश हर नागरिक तक पहुँचा दिया जाय। वे जानते थे कि अंग्रेज भारत में इसलिये शासन कर सके क्योंकि उन्होंने भारत की परम्परागत तथा देश की मिट्टी में गहरी जड़ें जमा चुकी ज्ञानार्जन तथा उसके उपयोग की परम्परा को समूल नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

बम्बई विधान सदन में सन् 1911 ई0 में गोपालकृष्ण गोखले ने शिक्षा के सार्वजनिकीकरण का प्रस्ताव पेश किया। गाँधी जी का हिन्द स्वराज की संकल्पना ही तदन्तर बेसिक शिक्षा तथा बुनियादी तालीम के रूप में देश के समक्ष रखे गये। कब ? आजादी आने से दशकों पहले। ऐसा महत्व शिक्षा को शायद ही किसी देश में स्वतंत्रता प्राप्ति के पहले मिला हो। भविष्य निर्माण के लिये इन नेताओं ने जब संविधान बनाया तो उसमें भी निःशुल्क अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था की। इससे भी अधिक साहसपूर्ण निर्णय यह था कि सरकार 14 वर्ष तक के हर बच्चे के लिये यह व्यवस्था 10 वर्ष में पूरी करेगी। तब साक्षरता दर केवल 20 प्रतिशत थी। देश के सामने गरीबी, भूखमरी तथा साधनहीनता की घनघोर समस्यायें थीं। भारत विभाजित हो चुका था, उस त्रासदी का प्रभाव हर ओर था, जाति प्रथा, अस्पृश्यता विकट रूप से स्थापित थे। इन सबके रहते हुए भी दस वर्ष की अवधि निर्धारित की गई। यह वह लोग थे जो भारत की, उसके लोगों की, उसकी विविधताओं की नब्ज पहचानते थे। उनकी अपनी कार्य संस्कृति, संस्कार, जीवन मूल्य तथा सामान्य जन तथा प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सेवा भाव सर्वविदित थे क्योंकि उनका जीवन खुली किताब था। उन्हें विश्वास था कि शिक्षा लोगों को व्यावहारिक रूप में ''समानता'' के करीब ले जायेगी।

इतनी पैनी दृष्टि रखने वाले भी शायद उस तीव्रगति तथा उससे जुड़ी उस गतिशीलता का अनुमान नहीं लगा सके जो संविधान लागू होने के डेढ़–दो दशक बाद आने वाली थी। जैसे–जैसे वह पीढ़ी परिदृश्य से हटी, सिद्धांत, मानवमूल्य, सेवाभाव, अपरिग्रह इत्यादि भी तेजी से नेपथ्य में जाने लगे। हिन्द स्वराज्य, बुनियादी तालीम जैसे शब्द प्रचलन से परे हो गये। सामान्य जन ''आम आदमी'' बन गया, हर वह व्यक्ति जो सत्ता में भागीदारी करने या उसे अपने हाथ में लेने के उद्देश्य से राजनीति में आया वह इस ''आम आदमी'' को सीढ़ी बनाने से नहीं चूका।

हर नेता, हर दल, इसी आम आदमी के ईधन के सहारे अपने पकवान तलता रहा है। इसे पीने के पानी, रहने के लिये मकान, पोषण, स्वास्थ्य इत्यादि को हर बार अगले पाँच साल में पूरा करने के वायदे परोसता रहा है। हर पाँच साल बाद एक बार फिर विनम्र होकर कहता है – एक मौका और (वन्स इज नाट एनफ)।

भारत के एक बड़े नक्शे की कल्पना कीजिए। उसमें 10 लाख स्कूल, 20 हजार कॉलेज, 400 विश्वविद्यालय देखने का प्रयास कीजिए। एक तरफ विशालकाय भवन, प्रसिद्ध विद्वान, विश्वख्याति, दूसरी तरफ भवन विहीन स्कूल जहाँ न अध्यापक, न सामग्री, न पीने का पानी, यह सारा वर्णपट आपको साफ–साफ दिखाई देगा। बड़े शहर, मेट्रो, मॉल, कारखाने, पाँच सितारा होटल क्या कुछ नहीं दिखेगा आपको। सारी भव्यता, अरबपतियों की तेजी से बढ़ती संख्या, ग्रीन कार्ड के लिये दौड़, भारत की विश्व में बढ़ती साख की तरफ भी निगाह जायेगी। जहाँ निगाह नहीं जाती है वह है 14 साल तक की उम्र के कितने बच्चे कुपोषित, भूख से ग्रस्त तथा



Scanned with CamScanner

शिक्षा के प्रकाश के बाहर हैं। इसके लिये वायदे तो बहुत आये मगर इरादे कैसे थे, यह अब जग जाहिर हैं। बड़े–बड़े कार्यक्रम ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड, जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम, सर्व शिक्षा अभियान आदि जाने पहचाने नाम हैं। आंकड़े प्रगति को दर्शाते हैं। नामांकन बढ़ा है, साक्षरता दर बढ़ी है – संख्यायें हर तरफ बढ़ी हैं और उन्हीं के भंवरजाल में शिक्षा की संपूर्णता, स्वरूप तथा सार्वभौमिकता कहीं उलझ कर रह गई है। इस प्रणाली की संरचना में पिछले 6 दशकों में केवल छिट–पुट परिवर्तन ही हो पाये हैं। कुल मिलाकर एक प्रश्न बार–बार उभरता है कि – स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद शिक्षा–तंत्र को मूल रूप से बदलने की आवश्यकता क्यों स्वीकार्य नहीं थी ? क्या यह अनावश्यक थी या ऐसा कर पाने का साहस नहीं जुटाया जा सका ? क्या केवल संसाधनों की कमी ही राह का रोड़ा बना रही या निर्णय लेने में सक्षम तथा इसे प्रभावित करने की क्षमता वाले वर्ग के स्वार्थ साधन इस अपरिवर्तन के लिये जिम्मेदार हैं ?

गाँधी जी ने आज से शताधिक वर्ष पूर्व शिक्षा में परिवर्तन की आवश्यकता पर पूरी समग्रता से विचार किया था। इसको केवल शैक्षिक साधनों, विद्यालय, किताब परीक्षा आदि तक सीमित न रखते हुए विश्लेषित किया था। उनके हर विचार से सहमति न तब थी, न अब हैं, परन्तु उन विचारों की ईमानदारी, प्रखरता, समग्रता तथा भविष्यदृष्टि पर लगभग सभी सहमत रहे हैं।

गाँधी जी 1888 से 1914 के बीच के केवल 4 वर्ष के भारत प्रवास के दौरान भारत में हो रहे परिवर्तन को इंडियन ओपिनियन में इस प्रकार वर्णित किया था कि अच्छी स्थिति में पहुँच चुके भारतीयों का कर्त्तव्य हैं कि वे शिक्षा के प्रसार के लाभों को जानें और यदि दक्षिण अफ्रीकी सरकार आगे नहीं आती है तो वे लोग स्वयं आगे बढ़कर भारतीय बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करें। आज खरबपतियों/अरबपतियों की सूची में शामिल कितने भारतीय इस वाक्य से परिचित है ? कितनों ने आदिवासी, वनवासी, पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में प्रारंभिक स्कूल खोले हैं ? सभी ने देखा है कि सरकार तो संविधान निहित निर्देश कि 14 वर्ष तक की आयु के हर बच्चे को अनिवार्य तथा निःशुल्क शिक्षा मिले का पालन आजतक नहीं कर पाई है।

1993 में उन्नीकृष्णन निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षा के मूलभूत अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 का अंश माना। 2002 में 86 वां संविधान संशोधन हुआ। 2009 में शिक्षा के मूलभूत अधिकार का अधिनियम बना यानि उन्नीकृष्णन निर्णय के बाद भी 16 साल लग गये। अभी भी कितना विश्वास जागृत हुआ है, कितनी तैयारी है, इरादे कितने सुदृढ़ हैं, यह सब कह पाना मुश्किल हैं?

1835 में मैकाले मिनट्स के साथ ही भारतीय देशज शैक्षिक व्यवस्था का विस्थापन प्रारंभ हो गया। सामाजिक तथा सांस्कृतिक आन्दोलनों में शिक्षा की चर्चा आना अवश्यम्भावी था और यह आई भी परन्तु एक अत्यंत सीमित वर्ग एवं क्षेत्र के संदर्भ में। महाराज बड़ौदा द्वारा प्रारंभिक शिक्षा को अपने राज्य में अनिवार्य करना तात्कालिक सामाजिक स्थिति में वस्तुतः एक अत्यंत साहसिक कदम था।

आज भी कक्षा पाँच के पहले लगभग 4–5 करोड़ बच्चे, उनमें से जो स्कूलों में कक्षा एक में नामांकित होते हैं, स्कूल छोड़ जाते हैं। समय–समय पर स्वयं सेवी संस्थाओं तथा कई बार सरकारी वित्त पोषित संस्थान अपने सर्वेक्षणों में यह उजागर करते रहते हैं कि प्राथमिक स्तर पर शैक्षणिक उपलब्धियाँ सरकारी स्कूलों के बच्चों में अपेक्षा से कहीं निचले स्तर पर होती है। कक्षा पाँच या आठ के पहले स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के जीवन में स्कूल आने का कोई महत्व नहीं रह जाता है। वे न तो कोई कौशल सीख पाते हैं न उन्हें व्यावहारिक कार्य अनुभव से परिचित कराने की कोई व्यवस्था की जाती है। धीरे–धीरे इनमें से अधिकांश फिर अशिक्षा के अंधेरे में पहुँच जाते हैं। स्कूल छोड़ने वालों के लिये मुक्त शिक्षा व्यवस्था–ओपन स्कूलिंग–एक सरकारी प्रयास हैं, जो आंकड़ों में प्रभावशाली लगता हैं, परन्तु उसकी स्वीकार्यता तथा प्रतिष्ठा लगातार नीचे ही जा रही है। इस बात की चिन्ता जो गांधी जी को 1909 में थी वह 2012 में भी और अधिक सघनता से विद्यमान हैं। गांधी जी के अनुसार– "शिक्षा अगर अक्षर ज्ञान ही है तो यह एक साधन मात्र है जिसका अच्छा उपयोग भी हो सकता है और बुरा उपयोग भी हो सकता है। अक्षर ज्ञान के अच्छे उपयोग का प्रमाण कम ही दिखता है। यदि यह ठीक है तो इससे यह साबित होता है कि अक्षर ज्ञान से दुनिया को फायदे के बदले नुकसान ही हुआ है।''



Scanned with CamScanner

शिक्षा के स्वरूप को उपयुक्त बनाना तथा केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित न करने की महती आवश्यकता है। गाँधीजी के चिन्तन तथा विचारों से अपरिचित, परन्तु (ऐसा शायद ही कोई है) शिक्षित व्यक्ति अक्षर ज्ञान के संबंध में जो कहा गया था उसे समझने के लिये ठिठक जायेगा। बाद में यह विचार उसके मन में अवश्य उठेंगे कि शिक्षा के प्रसार तथा साक्षरता दर में हुई बड़ी वृद्धि के साथ समाज में समरसता क्यों नहीं बढ़ी, हिंसा, अविश्वास, बैरभाव क्यों बढ़ते रहे ? बड़े–बड़े घोटाले तथा महा घोटाले क्या आरक्षितों और अनपढ़ों ने किये ? विकास और प्रगति केवल आंकड़ों या कुछ परिवारों में क्यों सिमट गये ? आदिवासियों, वनवासियों तथा पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति का सर्वाधिक शोषण तो अक्षर ज्ञान प्राप्त लोगों ने ही किया और कर रहे हैं।

इन सारे सन्दर्भ में अरस्तु का कथन याद आता है कि "अच्छे लोगों का अच्छा नागरिक बनना आवश्यक है – लोगों के लिये व्यवस्था के लिये तथा भविष्य के लिये।" इंडियन ओपिनियन के 16 दिसम्बर 1905 में गाँधी जी का यह कथन, ''देश में सच्ची आवश्यकता शिक्षा की है। शिक्षा का अर्थ ककहरा सीख कर बैठ जाना नहीं है, बल्कि यह जानना है कि अधिकारों के साथ हमारे उत्तरदायित्व और कर्त्तव्य क्या है? इस तरह के जोशिले नौजवान बड़ी संख्या में तैयार हो जाएँ तो इस दुनिया में कोई ऐसा नहीं है जो हमें सता सके। उनके अधिकारों, कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्व की प्रगाढ़ परस्परता पर उनके चिन्तन की परिपक्वता को प्रदर्शित करता है।

कर्त्तव्यों और अधिकारों का यह संदर्भ आज भी हमारे सामने एक ऐसी व्यवस्था के रूप में उपस्थित है जो कुछ लोगों को शिक्षित करने के लिये बनी थी। उसका उद्देश्य था दास–प्रवृत्ति को बढ़ावा देना, विदेशी शासन को देशी खाद पानी से सिंचित करना और स्वाभिमान, संस्कृति, इतिहास तथा परम्परा से भारतीयों को विमुख करना। इसी व्यवस्था को 1947 के बाद जारी रखा गया। उसे तो चरमराना ही था, वह जीर्ण–शीर्ण होती गई। उसमें स्थानीयता का मूल तत्व नहीं लाया गया। ग्रामीण, वनवासी तथा दुर्गम स्थान निवासी यह समझ नहीं पाये कि उन्हें शिक्षा के नाम पर क्या दिया जा रहा है? प्रत्यक्ष प्रमाण आर्थिक सामाजिक, आंतरिक विध्वंसक गतिविधियों के रूप में प्रदर्शित हो रहा है। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था न केवल धन और समय का अपव्यय करने वाला है, बल्कि नुकसानदेह भी है।

प्रश्न यह है कि देश की शिक्षा व्यवस्था का कर्त्तव्य क्या है ? उसके उत्तरदायित्व क्या हैं ? इसका किस सीमा तक निर्वहन होता है ? यदि नहीं होता है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी है ? क्या व्यवस्था ने ऐसा स्वरूप अपना लिया है कि वह उत्तरदायित्व से पूर्णरूपेण मुक्त है? यहाँ असफल केवल बच्चा ही होता है, स्कूल–अध्यापक, अधिकारी, व्यवस्था, नीतिनिर्धारक कभी असफल नहीं होते हैं। शिक्षा व्यवसायी एक वर्ग के समस्त शैक्षिक आवश्यकताओं को पूर्ण करती है – उस वर्ग के लिये पब्लिक स्कूल, विशेष स्कूल जैसे केन्द्रिय विद्यालय, सैनिक स्कूल, विदेशी विश्वविद्यालय उपलब्ध हैं। 75–80 प्रतिशत के पास विकल्पहीनता हैं। उनके लिये अत्यंत दयनीय अवस्था वाले सरकारी स्कूल एवं कॉलेज हैं। इस वर्ग की चिन्ता सरकारी घोषणाओं, दस्तावेजों और निरंतर बदलते आंकड़ों में देखी जाती है। विकल्पहीनों के बच्चे स्कूलों में मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा या उसके नाम पर जो कुछ सरकारी स्कूलों में उपलब्ध है उसे पा रहे हैं। बाकी जो समर्थ हैं या किसी भी तरह प्रयत्नपूर्वक उस श्रेणी में पहुँच रहे हैं, वे तो अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने वाले स्कूलों में प्रवेश प्राप्ति को जीवन की बड़ी उपलब्धि मान कर सुनिश्चित हो जाते हैं। यह हालत उस देश की है जहाँ लगभग हर सरकार हर नेता गाँधी के बताये मार्ग पर चलने ही लगातार घोषणायें करता है। वहीं गाँधी जी कह गये थे – अंग्रेजी शिक्षा से दम्म, राग और जुल्म वगैरह बढ़े हैं। अंग्रेजी शिक्षा पाये लोगों ने प्रजा को ठगने में, उसे परेशान करने में कुछ भी उठा नहीं रखा है। अब अगर हम अंग्रेजी शिक्षा पाये लोग उसके लिये कुछ करते हैं तो उनका हम पर जो कर्ज चढ़ा हुआ है उसका कुछ हिस्सा ही हम अदा कर सकते हैं।

गाँधी जी ने सभ्यता को अपना फर्ज अदा करने का आचरण माना है। फर्ज अदा करने का तात्पर्य है नीति का पालन करना। नीति के पालन का मतलब है अपने मन और इन्द्रियों को वश में रखना। ऐसा करते हुए हम स्वयं को पहचानते हैं। इससे जो उल्टा है वह बिगाड़ने वाला है।

आज चाहे दिल्ली हो चाहे कोरापुट का गाँव, व्यवस्था का शोषण कम या ज्यादा अनुपात में हर तरफ पहले से कई गुने भयावह रूप में विद्यमान है। एक व्यक्ति अपने छल कपट



Scanned with CamScanner

से व्यवस्था खरीदता है, भू–माफिया, सम्मानित नेता या धनाढ्य बनकर समाज में अग्रणी स्थान बना लेता है, तो दूसरा जीवन यापन, खाने–पीने के परम्परागत स्त्रोतों के सूख जाने पर अधिकारियों तथा पुलिस के सतत् शोषण के बाद नक्सलवादी बन जाता है या घोषित हो जाता है। यह संख्या बढ़ती है तो और अधिक हथियार और सैनिक लगा दिये जाते हैं। आर्थिक संसाधनों की बंदर बाँट होने लग जाते हैं। देश के दो सौ से अधिक जिलों की शासन व्यवस्था की साख कहाँ है सब जानते हैं। स्वीकार्यता और सम्मान तो कहीं नहीं दिखाई देते। वकील तथा डॉक्टरों के बारे में जितना कम कहा जाय उतना अच्छा। पुलिस की गति निराली है तो शिक्षक भी कहाँ मानने वाले। प्रश्न आचरण का है। आचरण के निर्माण तथा परिपक्वता का है। सही शिक्षा का है।

शिक्षा में जिस वर्ग के पास विकल्प है, सामर्थ्य है, वहाँ असलियत को न पहचानने के प्रयास योजनाबद्ध तरीके से होते रहे हैं लोग अपनों से दूर होते जा रहे हैं। अविश्वास, अश्रद्धा, अनादर ही बढ़ते दिखाई देते हैं। हिन्द स्वराज्य नैतिक शिक्षा पर सबसे अधिक बल देता है और यहाँ तक कहता है कि उसके लिये अक्षर ज्ञान या जो शिक्षा स्कूलों में मिल रही थी वह आवश्यक नहीं थी। यानि नैतिकता का सर्वव्यापीकरण शिक्षा के सार्वजनिकीकरण के पहले आवश्यक है। नैतिकता तथा चरित्र निर्माण में शिक्षा ही पूरी तरफ सारा उत्तरदायित्व नहीं ले सकती है। मगर यह भी अकाट्य अधिक योगदान कर सकती है। यह तब संभव होगा जब नई तालीम बेसिक एजुकेशन योजना में परिलक्षित तीन प्रमुख तत्वों उत्पादक कार्य, सामाजिक जीवन तथा समाज सेवा को उचित स्थान तथा महत्व दिया जाए। इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि जो विज्ञान, तकनीकी, संचार तकनीकी ने पाया है उसे नकार दिया जाय। विचारों, नवाचारों, आविष्कारों के लिये घर, खिड़की, दरवाजे खुले रखने ही होंगे। ताजी हवा आनी चाहिए। साथ ही घर की नींव न कमजोर हो इसका ध्यान रखना पड़ेगा। आज नींवों पर, जड़ों पर प्रहार हो रहा है, योजनाबद्ध ढंग से हो रहा है, स्वार्थवश हो रहा है। उसे समझने की आवश्यकता है और सफल न हो इसके लिये शिक्षा का स्वरूप तय करना है। उसे गतिशील तथा समानुकूलन बनाना है।

डॉ0 नरेन्द्र पाण्डेय
व्याख्याता

---

## जीवन संघर्ष

वर्तमान युग में जिस भीषणता के साथ जीवन संघर्ष चल रहा है, उसमें वह व्यक्ति कभी भी विजयी नहीं हो सकता जो चुपचाप अति दीर्घकाल तक सोचता–विचारता रहेगा। यहाँ तो वही टिक सकता जिसमें काफी स्फूर्ति है। अगर आप इस जीवन में कुछ करना चाहते हैं और अगर तुम्हें अपना जीवन सफल बनाना है तो तुम्हें संधर्षमय होना चाहिये। अपने निर्णय पर दुढ़ करना चाहिए और उसपर जमकर काम करना चाहिए। जिस व्यक्ति में ये गुण पाये जाते हैं उसमें अन्य गुणों का समावेश भी रहता है।

मनुष्य का मन सदैव गतिशील रहता है, ऐसा होता है कि विरोधी शक्तियाँ उसे अपनी ओर न खींचती है। निकम्मे रहकर मनुष्यों की चिंतन शक्ति थक जाती है। बिस्तरों और आसनों पर सोते–सोते मन के घोड़े हार जाते हैं सारा जीवन रस निचुड़ जाता है।

जो मनुष्य मन की विपरित परिस्थितियों में अपने को मजबूती से खड़ा नहीं रख सकता वे धारा के सत्य के साथ बह जाते हैं, वे कभी भी अपने उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर सकेंगे। उनके लिये तो यह कहना चाहिए कि वे जीवित रहते हुये मुर्दे के समान हैं। मन की अवस्था तो सभी की पलटी है जो व्यक्ति समय एवं परिस्थिति को समझ लेते हैं वे कभी धोखा नहीं खा सकते और कठिनाइयों के बीच में भी अपना रास्ता खोज निकालते हैं। कारण जानकर वे उसके विषैले और दूषित प्रभाव से भी बचने का प्रयत्न करते हैं, लेकिन ऐसे लोगों की भी संख्या मिलेगी जो अपनी मनोदशा से त्रस्त हो जाते हैं और ऐसे काम कर बैठते हैं जिनसे उनके शांतिमय जीवन में विष घुल जाता है।

शमशुं निशा
रौल न0 28



Scanned with CamScanner

# अध्यापक शिक्षा में संचार प्रौद्योगिकी

आज समाज के प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिकीकरण हो रहा है। इसके अंतर्गत आधुनिकतम विचारों, स्वरूप तथा स्तर से अनुकूल कर रहे हैं। इस प्रकार के अनुकूलन में हम परंपरागत अथवा अर्द्ध–परंपरागत को त्यागकर विचारधाराओं, कार्यो अथवा तथ्यों को आधुनिक उपलब्धियों की सहायता से सरल, सुगम, सुविधाजनक तथा प्रगतिशील बनाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसी संदर्भ में संचार प्रौद्योगिकी शिक्षा में अहम् भूमिका निभा रही है।

अध्यापक शिक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में संचार प्रौद्योगिकी एक अहम् भूमिका निभा रही है। शैक्षिक सूचना और संप्रेषण प्रौद्योगिकी दूसरे अर्थ का संबंध समीप या दूरी पर प्रसार के लिये शैक्षिक सामग्री और संप्रेषण सामग्री का पाठ्यक्रम तैयार करने उसको बनाने तथा उसके मूल्यांकन से संबंध स्थापित किया गया है। इस प्रकार शिक्षा के लिये सूचना एकत्र की जाती है, उसमें से उपयुक्त सूचनाओं को चुना जाता है, उसे संसाधित करके उसका भण्डारण किया जाता है ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसको उपलब्ध कराया जा सके।

शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यक्तिगत एवं सामाजिक कौशलों के विकास में संचार प्रौद्योगिकी का प्रमुख योगदान है। इसके माध्यम से न केवल शिक्षा का स्वस्थ प्रसार किया जा सकता है, वरन् सभी प्रतिभागियों को चाहे वह शिक्षक हो या प्रशिक्षु उनका सम्पूर्ण व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास होता है। श्रव्य–दृश्य सामग्री के उपयोग से शिक्षक का मानवीय संबंध सभी प्रशिक्षुओं से जुड़ता है, साथ ही साथ वह अपने ज्ञान की सशक्त अभिव्यक्ति के द्वारा सामाजिक समाज के एक नेता के रूप में भी उभरता है। एक अध्यापक E-learning के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों को आसानी से चिन्हित कर सकता है तथा उनका उन्मूलन करके वह समाज को एक नवीन दिशा प्रदान करता है।

आज संचार प्रौद्योगिकी एक सृजनात्मक शिक्षा की नींव रख रही है। यह पठन–पाठन के प्रणाली को एक नवीन आयाम प्रदान कर रहा है। यह पूर्णतः विद्यार्थी केन्द्रित प्रणाली है, जहाँ प्रशिक्षुओं को अपने प्रश्न एवं समस्याओं को शिक्षक के सामने रखने के अनगिनत / विभिन्न विधियाँ प्रदान करता है। जैसे – श्रव्य दृश्य के साथ ई–मेल पद्धति। यह प्रणाली भौगोलिक और प्राकृतिक समस्याओं से परे हैं जिससे कि एक शिक्षक मिलों दूर बैठे दुर्गम क्षेत्रों के प्रशिक्षुओं से आमने–सामने साक्षात्कार कर सकता है और इस तरह से शिक्षा बिना रूके निरंतर चलती रहती है।

संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से शैक्षिक पद्धति अभियांत्रिकी से उन्नत किया जाता है। इसके तहत पूरी शिक्षा उसका निर्माण तथा मूल्यांकन को सरल बनाया जाता है। इसका सरोकार प्रशासनिक पद्धति, क्रियापद्धति या निश्चित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये और किसी विकल्प को तैयार करने में होता है अर्थात् इसके माध्यम से अध्यापक प्रशिक्षण की योजनाओं, कार्यो को मूर्त रूप प्रदान करना आसान होता है। साथ ही इसकी सहायता से कक्षा प्रबंधन एवं विद्यालय प्रशासन को बल मिलता है।

संचार प्रौद्योगिकी शिक्षक और प्रशिक्षुओं को एक साथ पृष्ठपोषण का अवसर प्रदान करता है, जिससे किसी भी भावी समस्या का पहले ही निवारण किया जा सकता है। यह शिक्षण के मापन एवं मूल्यांकन प्रणाली को पारदर्शी बनाता है। यह प्रक्रिया एक स्वस्थ शिक्षण मनोविज्ञान की नींव रखता है। यह शिक्षण को विविध प्रस्तुतीकरण–चलचित्र, पॉवर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन द्वारा अधिक रोचक बनाता है, जिससे कि छात्रों को समझने में आसानी होती है।

विगत वर्षों में संचार प्रौद्योगिकी ने शिक्षा को योजनात्मक तरीके से लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके प्रयोग से एक बड़े भू–भाग में व्याप्त शिक्षण प्रणाली को सूक्ष्म रूप से जाँचा परखा जा सकता है। इससे शिक्षा में आ रही कमियों को पहले ही निवारण करने में बल मिलता है।

संचार प्रौद्योगिकी शिक्षण प्रणाली को प्रत्येक स्तर में जाँचने में सुविधा प्रदान करता है। यह जाँच प्रक्रिया आई0सी0टी0 के सशक्त प्रयोगों से अत्यंत सुगम एवं प्रभावशाली सिद्ध होता है। किसी भी अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के विकास एवं पोषण में आने वाली कमियों को समय पूर्व चिन्हित किया जा सकता है और यदि किसी समस्या जैसे कि वित्तीय, सामाजिक, राजनैतिक, तकनीकी जनित



Scanned with CamScanner

समस्याओं को एक बेहतर संगठनात्मक प्रयोगों द्वारा दूर किया जा सकता है। संचार प्रौद्योगिकी शिक्षण को एक बेहतर रूप में प्रस्तुत करता है। समस्याओं का सांख्यिकीय प्रस्तुतीकरण, समस्याओं को समझने और दूर करने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। इसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविद्, शिक्षक एवं प्रशिक्षु आपस में विचारों का आदान–प्रदान करते हैं। आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रमों में बदलाव या नवीन प्रयोगों का विकास के साथ ही इसके गुणवत्ता की जाँच व्यापक रूप में किया जा सकता है।

सांख्यिकीय प्रस्तुतीकरण शिक्षा के उद्देश्यों का प्रभावी रूप से मात्रात्मक एवं गुणात्मक विश्लेषण करता है, जिससे कि शिक्षा में चलायमान प्रयोगों और भावी योजनाओं को एक दिशा देता है। इस तरह के प्रयोग शिक्षण अनुसंधान में एक मुख्य भूमिका निभाते हैं। साथ ही साथ विभिन्न शोधकर्ता संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से आपस में विचारों का आदान–प्रदान करते हैं जिससे कि शिक्षण अनुसंधान को एक निश्चित दिशा प्रदान करती है। इंटरनेट पर पूर्व के सारे संबंधित अनुसंधान आसानी से उपलब्ध होते हैं। इन सारे तथ्यों के माध्यम से यह कहा जा सकता है कि आज वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम में संचार प्रौद्योगिकी अपनी महती भूमिका अदा कर रही है।

चौधरी प्रेम प्रकाश
सहायक प्राध्यापक

# चौंक गये न

1. जापान के इतिहास में विभिन्न नगरों में आने वाले भूकम्पों की तारीखें कुछ इस प्रकार है –

   **1 सितम्बर, 827 ई0**
   **1 सितम्बर, 859 ई0**
   **1 सितम्बर, 867 ई0**
   **1 सितम्बर, 1135 ई0**
   **1 सितम्बर, 1649 ई0**
   **1 सितम्बर, 1923 ई0**

2. सन् 1849 ई0 में पेरिस के एक ऑपरेशन के दौरान ट्रेनर युगीन मेसोले ने ''ओ गाड क्रश हिम'' नामक पंक्ति गाते समय मंच की छत की ओर अंगुली से इशारा किया तो वहाँ बैठा एक कर्मचारी नीचे गिरकर मर गया। दूसरे और तीसरे दिन भी एक–एक व्यक्ति इसी पंक्ति को गाते समय अचानक मर गया।

3. आइरिश समुद्र में 5 दिसम्बर 1664 को एक नाव पलट गई। इसमें सवार 81 यात्रियों में से सिर्फ एक व्यक्ति जिन्दा बचा, जिसका नाम था – हुग विलियम्स।

   121 साल बाद यानि सन् 1785 में ठीक उसी जगह एक और नाव समुद्र में पलट गई जिसमें 60 लोग सवार थे। इसमें भी हुग विलियम्स नामक व्यक्ति जिन्दा बचा। इसके 35 साल बाद सन् 1820 में 25 लोगों से भरी एक नाव फिर डूब गई। इस बार भी सिर्फ एक व्यक्ति जिन्दा बच गया और उसका नाम भी हुग विलियम्स ही था। ये दुर्घटनाऐं एक ही स्थान पर हुई। एक ही नाम बचा।

4. अमेरिका के राष्ट्रपति लिंकन और कैनेडी के बीच काफी अनूठे संयोग रहे। लिंकन सन् 1860 में तथा कैनेडी सन् 1960 में राष्ट्रपति बने। लिंकन के दो पुत्र एडवर्ड और रॉबर्ट थे, जिनमें से एडवर्ड की मृत्यु तीन साल की उम्र में हो गई। कैनेडी के पुत्रों के नाम भी एडवर्ड और रॉबर्ट थे, जिनमें से रॉबर्ट मारा गया।

   लिंकन के सचिव का नाम कैनडी और कैनेडी के सचिव का नाम लिंकन था। दोनों ही राष्ट्रपतियों को शुक्रवार के दिन इनकी पत्नियों की मौजूदगी में ही सिर में पीछे से गोली दागी गयी। लिंकन को थिएटर में गोली मारी गई और हत्यारा को गोदाम में पकड़ा गया। कैनेडी को गोदाम में गोली मारी गई और हत्यारा को थियेटर से पकड़ा गया। दोनों के हत्यारों को अदालत में आने से पूर्व मार दिया गया। दोनों हत्यारों के नाम में भी पन्द्रह अक्षर थे।

चन्द्रशेखर नाथ झा
व्याख्याता



Scanned with CamScanner

# चुटकुले

1. पिता – बेवकूफ कैसी माचिस लाया है एक भी तीली नहीं जल रही है ?

बेटा – क्या बात करते हो पापा, सारी तीलियाँ जलाकर चेक करके लाया हूँ।

2. टीचर (राम से) – न तो तुम्हे अंग्रेजी आती है और न ही हिन्दी, गणित में तो और कमजोर हो, आखिर तुम्हें आता क्या है ?

राम – सर, मुझे पढ़ने के नाम से पसीना आता है।

3. टीचर – रोहित, बर्फ से वाक्य बनाओ।

रोहित – पानी ठंडा है।

टीचर – इसमें बर्फ कहाँ है ?

रोहित – जी पिघल गया।

4. श्यामू – यार राम, मेरे दो बैल चोरी हो गए हैं। पुलिस को बयान देना है। कैसे दूँ ?

रामू – थाना जाओ और दरोगा से कहो कि रात का समय था, चारों ओर अँधेरा था, तारे चमक रहे थे, कुत्ते भौंक रहे थे, चोर आया दीवार फाँद कर, बैल को उठाकर ले गया।

(श्यामू हड़बड़ में थाने पहुँचा।)

दरोगा (श्यामू से) – तुम्हें क्या बयान देना है, जल्दी दो।

श्यामू – रात का अँधेरा था, चारों ओर समय था, तारे भूँक रहे थे, कुत्ते चमक रहे थे, चोर आया, बैल को फाँदकर, दीवार को उठाकर ले गया।

परवेज मुर्शरफ
रौल न0 – 55

# पहेलियाँ

1. घटते बढ़ते का चक्र है
रूप है बहुत सलौना
ऐसे आंगन में खिलते हैं
नहीं है जिसका कोना।

उ0 : चन्द्रमा

2. पीछे से टेढ़ा दिखे
सम्मुख गाँठ गठीला
बिना मंतर जो छुए
चीखे उफ्फ! जहरीला।

उ0 : बिच्छू

3. पीला डिब्बा, लाल डिब्बा
डिब्बा है सरकारी
बैठने की धूमधाम चलने
की तैयारी ?

उ0 : रेलगाड़ी

4. हरा मैदान, लाल मकान
उसके अन्दर सारे के सारे काले इंसान।

उ0 : तरबूज

5. मैं छोटा सा फकीर
मेरे पेट में लकीर।

उ0 : गेहूँ

रश्मी
रौल न0 – 16



Scanned with CamScanner

# देश में development हो रहा है।

देश में Development हो रहा है।
ईमानदार अधिकारी Suspend हो रहा है।
चमचों का काम Urgent हो रहा है।
चमचागिरी करनेवाला Permanent हो रहा है।
देश में development हो रहा है।
चुनाव के समय मंत्री जनता का Servant हो रहा है।
लूट है जल्दी लूट लो यारों,
Retirement हो रहा है।
देश में development हो रहा है।

मंदिर–मस्जिद दिखावे का Stunt हो रहा है।
ट्रॉफिक की सुविधा नहीं, सिर्फ Accident हो रहा है।
दिल्ली और मुम्बई में Outbursment हो रहा हैं।
बच के चलना यारों, अब तो मामला End हो रहा है।
देश में development हो रहा है।

पूजा कुमारी
रौल न0 – 36

## तमन्ना

तमन्ना चाहने की है अगर,
तो उन कलियों को चाहो,
जो खिलती हुई जन्नत की आभा बिखेरती है।
उन फूलों को चाहो
जो हर हाथों को अपनी खुशबू के रंग दिया करते हैं।
तमन्ना कुछ पाने की है अगर,
तो उनका साथ पाओ
जो जिन्दगी में अच्छे अनुभव दे जाते हैं।
तमन्ना अगर कुछ खोने की है,
तो उन मतलब परस्त और
खुदगर्ज लोगों को खो दो
जो अपने होकर अक्सर गैर बन
जाया करते हैं।

तमन्ना अगर बदलाव की हो
तो उन मानसिकताओं को बदल डालो
जो इंसान को हैवान बनाया करते हैं।
तमन्ना अगर फिर से चाहने की हो
तो उस समाज की चाह करो
जहाँ इंसान, इंसान के बिना न रहता हो
जहाँ मैं, तुम और आप मिलकर
हम बना करते हों।

नेहा गुप्ता
रौल न0 – 79



Scanned with CamScanner

# चुटकुले

संता और बंता पार्क में बैठे बातें कर रहे थे,

संता : क्या तुम्हें संगीत का शौक है ?

बंता : हाँ, बहुत ज्यादा।

संता : तुम कौन सा वाद्ययंत्र बजाते हो ?

बंता : डीवीडी प्लेयर !!

एक बातूनी महिला के मुँह का चेकअप करने के बाद डॉक्टर ने कहा आपको कुछ नहीं हुआ, बस आराम की जरूरत है।

महिला : लेकिन आपने मेरी जीभ तो देखी ही नहीं।

डॉक्टर : उसे ही आराम की जरूरत है।

एक शराबी के सपने में भगवान आए और उससे पूछा : तुम्हें एक वरदान माँगने को कहा जाए तो क्या वरदान माँगोगे ?
शराबी ने कहा : हे ईश्वर, अगले जन्म में दाँत भले ही मत देना पर लीवर पूरे 32 देना।

पत्नी : कार इतनी तेजी से क्यों चला रहे हो ?

पति : क्योंकि कार का ब्रेक फेल हो गया है। हमें एक्सीडेंट होने से पहले घर पहुँच जाना चाहिए।

---

# हिन्दी हैं हम ?

कितनी बड़ी बात है कि हिन्दी भाषा संसार की तीसरी सर्वाधिक बोली जानेवाली भाषा है। हिन्दी हमारी राष्ट्रीय भाषा है, जिस भाषा को हम सबसे सहज ढंग से बोल पाते हैं, जिस भाषा में हम अपनी भावनाओं को सबसे उचित ढंग से प्रस्तुत कर पाते हैं, उसी हिन्दी भाषा से आज हम अलग होते जा रहे हैं। आज जितने भी कार्यालय, विद्यालय, कॉलेज आदि हैं चाहे वे सरकारी हो या निजी सभी में अंग्रेजी भाषा का प्रयोग अधिक मात्रा में होने लगा है। कुछ स्थान ऐसे हैं जहाँ सिर्फ अंग्रेजी का ही प्रयोग होता है। यदि किसी व्यक्ति को अंग्रेजी का ज्ञान न हो तो दूसरे लोग उसके लिये ''गँवार'' शब्द का प्रयोग करते हैं और वह व्यक्ति स्वयं भी अपने आप को हीन समझता है, वहीं जिस व्यक्ति को अंग्रेजी का ज्ञान होता है, जो अंग्रेजी बोलता है वह स्वयं को सबसे बड़ा विद्वान मानता है, क्या यह उचित है ? हम सभी स्वयं को हिन्दुस्तानी कहते हैं, पर इस तरह से अपनी मातृभाषा का अपमान कर हम हिन्दुस्तानी होने का फर्ज निभा रहे हैं ? यदि हम अन्य देशों को देखे तो कोई भी देश किसी अन्य स्थान/देश की भाषा को अपनाता हुआ नजर नहीं आता, फिर ऐसी क्या जरूरत है कि हम अंग्रेजी को पूरी तरह से आत्मसात् करने पर अड़ गए हैं? किसी अन्य भाषा को जानना बुरा नहीं है वरन् बुरा है अन्य भाषा के सामने अपनी भाषा को तुच्छ समझना। अब हमें यह सोचना है कि हम अन्य भाषा को अपनाकर अपनी मातृभाषा को भूल जाना चाहते हैं या फिर अपनी मातृभाषा के साथ ही अन्य भाषा को जानकर अपना उचित विकास करना चाहते हैं ?

रिम्मी



Scanned with CamScanner

## शिक्षक को नमन

दिया है तुमने हमे वरदान
हूँ जहाँ भी मैं उसमें तेरा हैं बड़ा योगदान।
शिक्षक की महिमा कभी होगी न कम,
भले कर लें कितनी ही उन्नति हम।
शिक्षक तू है शिक्षा का सागर,
शिक्षक बाँटे ज्ञान बराबर।
शिक्षक तू न देखे जात–पात,
तू न करता कभी पक्षपात।
निर्धन हो या हो धनवान,
तू सबको समझे एक–इंसान।
शिक्षक तू है माँझी नाव–किनारा,
तू ही देता डूबते को किनारा।
शिक्षक तू सदा ही कहता,
श्रम लगन है सच्चा गहना।

विजय कुमार
रौल नं0 – 019

## भारत की धरती

पावन है भारत की धरती,
कण–कण में भी बसती है।
पवन में इसके अमन–चमन की,
हरपल महक बरसती है।

आँख उठाने वालों सुन लो
भस्म हो जाओगे क्षण में।
भिड़ने का साहस न करना
टिक न पाओगे रण में।

जब–जब आँख उठाओगे
औंधे गिरोगे तुम मुँह के बल।
सच को गले उतार लो अपने
वरना मिट जाओगे तुम कल।

कविता कुमारी
रौल नं0 – 17

## आजादी का जश्न

दोस्तों जश्न ऐसे मनाओ
अब वतन से करप्शन हटाओ

हमने आजादी हासिल तो कर ली
अब करप्शन से इसको बचाओ

जैसा हिन्दुस्तान है हमारा
कौन सा मुल्क होगा बताओ

कितने कुर्बान हुए इस वतन पे
उन शहीदों को तुम न भूलाओ

मेरा देश, मेरा मुल्क, मेरा वतन
तुम हमेशा यही गुनगनाओ।

हम अपने दम पर वतन को बचाने निकले
बस एक पेड़ जमीन पर हम लगाने निकले
लिया है सांस हवा से तो क्या दिया उसको
वह कर्ज अब हम चुकाने निकले
हयात भर में लगाकर के एक ही पौधा
हम अपने दोस्तों को राह दिखाने निकले
किसी को साया किसी को घोंसला देगा
हम अपने चमन को सजाने निकले।

– शमाँ नाशीन
रौल नं॰ – 54



Scanned with CamScanner

# धरती स्वर्ग बनाएँ हम

धरती स्वर्ग बनाएँ हम – 2
याद करे यह दुनियाँ हमको
कुछ तो कर दिखलाएँ हम।
धरती स्वर्ग बनाएँ हम – 2

जिनको अपने भुज–दण्डों की ताकत का विश्वास है
दुनियाँ का हर सुख उनका है
हर निधि उनके पास है।
यह विश्वास जगाकर ही
जन–मन का भाग्य जगाएँ हम
धरती स्वर्ग बनाएँ हम – 2

मूल मंत्र जीवन का श्रम है
श्रम अपनी तकदीर है
बिना परिश्रम किए न
जीवन की उजली तस्वीर है।

श्रम जीवन है, श्रम पूजा है
श्रम करके समझाएँ हम
धरती स्वर्ग बनाएँ हम – 2

रूकने का है काम नहीं
आगे ही बढ़ते जाएँ हम
ऊँचे–ऊँचे और अधिक
ऊँचे ही चढ़ते जाए हम
खुद ऊँचे उठकर, ऊँचाई
तक सबको पहुँचाए हम।
धरती स्वर्ग बनाएँ हम – 2

उषा कुमारी
रौल न0 – 09

---

# ज्ञान

ज्ञान क्या है ? ज्ञान बाहरी विषयों का आत्मसात है। यह व्यक्ति को स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर ले जाता है। जहाँ इस प्रकार की मानसिकता पाई जाती है, वहाँ ज्ञान है। ज्ञान का आधार क्या है ? जहाँ ज्ञान भौतिक है, वहाँ ज्ञान का आधार मन है। जहाँ ज्ञान आध्यात्मिक है, वहाँ ज्ञान का आधार आत्मा है। ज्ञान मन को आत्मा के साथ जोड़ता है। जहाँ भी मन आत्मा के साथ जुड़ी हुई न हो वहाँ ज्ञान नहीं होता है, बल्कि ज्ञान की भ्रांति होती है। इसी कारण तथाकथित ज्ञान से मन में अहंकार पैदा हो जाता है। यदि हम किसी अहंकारी व्यक्ति को देखते हैं तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि उस व्यक्ति को ज्ञान नहीं है। ज्ञान नहीं होने के कारण मनुष्य आज अपनी मनुष्यता भी भूलता जा रहा है। इंसानियत मानव–जीवन से आज उन बिखरे पन्नों में समा गई है, जो कल एक किताब में झलकती है। इसी इंसानियत के कारण आज रिश्ते एक–दूसरे से उस कच्ची डोर से बंधे हैं, जो कभी भी टूट सकता है। इसकी एकमात्र वजह मनुष्य में अहंकार का समावेश है। प्रथम स्तर में ज्ञान का आधार हमारा मन होता है। हम जानते हैं कि कौरवों और पाण्डवों के बीच युद्ध के समय कौरवों को युद्ध का परिणाम समझाने की बहुत चेष्टा की गई। यहाँ तक कि युद्धिष्ठिर ने कौरवों के हृदय–परिवर्तन को लेकर भगवान से प्रार्थना की। वहाँ परमात्मा की अनुकम्पा थी, लेकिन कौरव समझ नहीं पाए अर्जुन के गांडीव की टंकार से वे आसानी से समझ गये थे। कौरवों में भी अहंकार था। इसलिये वे प्रगति के प्रशस्त मार्ग पर आगे न बढ़ सके। अहंकार मनुष्य का विनाश करता है। हमें अहंकार को छोड़ मानव में फिर से उस इंसानियत को वापस जगाना होगा। तभी ज्ञान का सर्वोदय होगा और इसी इंसानियत से एक आध्यात्मिक सुख मिलेगा जो सर्वोत्तम सुख है। अतः हमें भौतिक ज्ञान के बजाय आध्यात्मिक ज्ञान पर विशेष बल देना चाहिए जिससे हम प्रगति के पथ पर चल सकें।

शशि कुमार भूषण
रौल न0 – 100



Scanned with CamScanner

# भिखारी की चालाकी

एक भिखारी था। वह बूढ़ा होने वाला था उसने सोचा कि जब वह बूढ़ा हो जाएगा तो वह भीख नहीं मांग पाएगा। इसलिये उसने सोचा कि वह अभी से कुछ पैसे बचाएगा नहीं तो वह बुढ़ापे में भूख से ही मर जाएगा। इसलिये उसने एक घड़े में पैसे जमा करना शुरू कर दिया। वह रोज जितने पैसे पाता उस पैसे का आधा उस घड़े में डाल देता, लेकिन जब उसका घड़ा जरा भरे तो फिर उसमें से पैसे कम हो जाते। इससे वह बड़ा परेशान था। उसने अपने पड़ोसी रामगोपाल से यह बात बताई तो उसने कहा आज रात मैं तुम्हारे घर की पहरेदारी करूँगा। जैसे ही चोर आएगा मैं पकड़ लूंगा। मटका भिखारी की पलंग के नीचे रखा था। रामगोपाल उसके घर की रखवाली करने लगा। उस रात उसके घर चोरी नहीं हुई, लेकिन दूसरे दिन फिर उसके घर चोरी हो गई फिर परेशान होकर उसने पुलिस में रिपोर्ट कर दी, मगर पुलिस भी चोर को पकड़ना तो दूर उसकी छाया तक न देखी। तब भिखारी ने सोचा अब मुझे ही कुछ करना पड़ेगा। एक दिन उसे एक उपाय सूझा उसने सोने से पहले अपने घड़े में एक बिच्छू डाल दिया। रात में जब चोर आया तो उसने घड़े में हाथ डाला और बिच्छू ने उसे डंक मार दिया। वह चिल्लाने लगा। भिखारी जाग गया उसने रामगोपाल को देखा तो वह आश्चर्य चकित रह गया। रामगोपाल ने तुरन्त अपने पापों के लिये उससे क्षमा मांगी। भिखारी ने माफ कर दिया और भिखारी का घड़ा जल्दी ही भर गया।

सुबोध कुमार यादव
रौल न0 52

## "युवा"

दम किसमें है, डिगा सके जो,
युवा को उसके प्रण से।
कुछ नहीं मुश्किल, करना हासिल
अगर ठान लिया हो मन से।

कौन परिधि, व्योम, जलधि की
कौन रोक सका तुफाँ का बाँध।
होश–जोश का समावेश,
यौवन तो है एक उन्माद।

बंधनहीन, विचार नवीन
युवा नहीं किसी वय का नाम।
हर शख्स में छुपा युवा एक,
बस उसको वो ले पहचान।

किस्मंत का लेखा पढ–पढ़कर
युवा नहीं पग धरते हैं।
तदबीर के बूते निज हाथों से
तकदीर स्वयं वो गढ़ते हैं।

गर्जन से जिसके खल–दल काँपता,
स्वयं काल भय खाता है।
सदय, हृदय, कर्मठ, हठी,
वीर युवा कहलाता है।

सुरपुर से सुरसरी को लाया
कोई और नहीं वह युवा ही था
शक्ति से जिसके दिप्त है दुनियाँ
युवा ही है वो सोम–दिवा।

रंग अलग है, ढंग अलग है,
अलग है इनकी धारा।
नामुमकिन को मुमकिन कर दे
स्वयं हार इनसे है हारा।

युवा है भारत युवजनों से
है विश्व विजय तेजस्वी मनों से
कौन भला भारत की उपमा
जिसकी युवा स्वयं अनुपमा।

तरूणों ने समय पर वाट लगाया
देकर बाधा को चटकन
पाकर उन युवाओं को गर्वित भारती
हे युवा ! तुम्हें नमन
हे युवा ! तुम्हें नमन ।।

अनुपमा पाठक
रौल न0–90



Scanned with CamScanner

# जीतने वाला बनाम हारने वाला

- जीतने वाला हमेशा समाधान का हिस्सा होता है।
  हारने वाला समस्या का समाधान होता है।
- जीतने वाले के पास हमेशा कोई न कोई कार्यक्रम होता है
  हारने वाले के पास हमेशा कोई न कोई बहाना।
- जीतने वाला कहता है – मैं आपके लिये यह काम कर देता हूँ।
  हारने वाला कहता है – यह मेरा काम नहीं है।
- जीतने वाले के पास हर समस्या का कोई न कोई हल होता है।
  हारने वाले के पास समस्या है, हर समाधान के लिये।
- जीतने वाला कहता है ''मुश्किल होने के बावजूद यह काम किया जा सकता है।
  हारने वाला कहता है ''इस काम को किया जा सकता है, पर यह मुश्किल है।
- कोई गलती करने पर जीतने वाला कहता है ''मैं गलत था''।
  हारने वाला से कोई गलती होती है तो वह कहता है ''इसमें भी कोई गलती नहीं थी।
- जीतने वाला वचनबद्ध होता है।
  हारने वाला खोखले वायदे करता है।
- जीतने वाले की आँखों में कामयाबी के सपने होते हैं।
  हारने वाले के पास खोखली योजनाएँ होती है।
- जीतने वाला कहता है ''मुझे कुछ करना है।''
  हारने वाला कहता है ''कुछ होना चाहिए।''
- जीतने वाला टीम का हिस्सा होता है।
  हारने वाला टीम के हिस्से करता है।
- जीतने वाला लाभ को देखता है।
  हारनेवाला तकलीफ को देखता है।
- जीतने वाला संभावनाओं को देखता है।
  हारनेवाला समस्याओं को देखता है।
- जीतनेवाला आने वाले कल को देखता है।
  हारनेवाला बीते कल को देखता है।
- जीतने वाला सोच कर बोलता है।
  हारने वाला बोल कर सोचता है।
- जीतने वाले काम को अंजाम देते हैं।
  हारने वाले काम को होने का इंतजार करते हैं।
- जीतनेवाला सभी की जीत के सिद्धांत में विश्वास करता है।
  हारने वाला मानता है कि जीतने के लिये किसी का हारना जरूरी है।

अविनाश कुमार
रौल न0 49



Scanned with CamScanner

# अच्छी शख्सियत बनाने के 25 तरीके

1. जिम्मेदारी स्वीकार करें।
2. औरों की परवाह करें।
3. सबकी जीत के बारे में सोचें।
4. अपने शब्दों को सावधानी से चुनें।
5. आलोचना और शिकायत न करें।
6. मुस्कुरायें और दयालू बनें।
7. दूसरों के व्यवहार का सही अर्थ निकालें।
8. अच्छे श्रोता बनें।
9. उत्साही बनें।
10. ईमानदारी और सच्चाई से प्रशंसा करें।
11. जब हम कोई गलती करते हैं तो उसे कबूल करते हुए बढ़ें।
12. तर्क करें पर तकरार न करें।
13. पीठ पीछे बातें न करें।
14. अपने वादा, को वचनबद्धता में बदलिये।
15. अहसान तो मानें लेकिन दूसरे से अहसानमंद होने की उम्मीद न करें।
16. भरोसेमंद और वफादार बनें।
17. मन में ईर्ष्या न रखें।
18. सच्चे, ईमानदार और निष्कपट बनें।
19. विनम्र बनें।
20. दूसरों को समझने और ख्याल रखने वाला बनें।
21. हर रोज शिष्ट बनने का प्रयास करें।
22. हँसानें की आदत डालें और खुशमिजाज बनें।
23. दूसरों का मजाक न उड़ाए और न ही उन्हे नीचा दिखाएँ।
24. दोस्त पाने के लिये दोस्त बनें।
25. दूसरों की भावना को महसूस करें।

पूजा कुमारी
रौल न0-98

# कविता

कष्ट पड़े कठिनाई आए।
पीछे पाँव न धरें।
काँटों में गुलाब खिलते।
काँटो से क्या डरना।

सम्मुख पर्वत या सागर हो।
साहस कभी न खोना।
जितना तपता है उतना ही
और चमकता सोना।

हार कभी जो नहीं मानता
जीत उसी की होती।।
जो गहरे सागर में जाता है
वही मोती पाता है।।

मधु कुमारी
रौल न0-98



Scanned with CamScanner

## Love in Chemistry

ना ये केमेस्ट्री होती, न मैं इसका स्टूडेंट होता
ना ये लेबोरेट्री होती और न ये हर्ट एक्सीडेंट होता
प्रैक्टिस के दौरान नजर आयी एक लड़की खूबसूरत सी
जिसकी नाक टेस्टट्यूब सी और बातों में मिठास ग्लूकोज सी

सांसों में जिसके इस्टर सी खुशबू थी
वह मेरे लिये खास थी।
बेंनजीन सी उसकी आँखों का अंदाज होता था
अंधेरे में चमकती रेडियम का ताज होता था।

एक दिन जब नजरें मिली तो हुई एक
इरिर्बसिबुल रियेक्शन
अब तो लगने लगे उसके घर के चक्कर जैसे
न्यूक्लियस के चारों ओर घूमता हो इलेक्ट्रोन

इलेक्ट्रोन की तरह हमारे प्यार का कॉन्फ्रीग्रेशन था
उसी दिन मेरा उसके डैड के साथ इंट्रोडक्शन था।
उन्होंने कहा बेटा समझो अपनी औकात
आयरन नहीं रह सकता कभी गोल्ड के साथ।

तोड़ डाला हमारे प्यार का बीकर
हम तो चुपचाप रहे बेन्जडीहाइड का कड़वा घूँट पीकर

अब तो जिन्दगी हो गई अनसेचुरेटेड हाइड्रोकार्बन की तरह
आवारा घूमता हूँ और उससे प्यार करता हूँ हाइड्रोजन की तरह।

राहुल कुमार
रौल न0–77

## कबीरदास

रात गँवाई सोय कर, दिवस गँवाया खाय।
हीरा जनम अमोल था, कौड़ी बदले जाय।

दुर्लभ मानुष जनम है, देह न बारम्बार।
तरवर ज्यों पत्ता झड़े, बहुरिन लागे डार।

ऐसी बानी बोलिये, मन का आपा खोय।
औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय।

माँगन मरन समान है, मति माँगो भीख।
माँगन ते मरना भला, यह सतगुरू की सीख।

कबिरा यह तन जात है, सकै तो राख बहोर।
खाली हाथौ वे गए, जिनके लाख करोड़।

झूठे सुख को सुख कहैं, मानव है मन मोद।
जगत चबेना काल का, कुछ मुख में कुछ गोद।

चिन्ताहरण कुमारी
रौल न0–02



## मोतियों सी जगमगाती तुम्हारी हंसी

प्राण ! मुझ को लुभाती तुम्हारी हंसी,
प्राण तक खनखनाती तुम्हारी हंसी।

चाँदनी सी कभी, मोतियों सी कभी
क्रांति ले जगमगाती तुम्हारी हंसी।

मैं कही भी किसी हाल में भी रहूँ
याद आती, बुलाती तुम्हारी हंसी।

खेल ही खेल में परिजातक खिला,
खिल स्वयं, खिलखिलाती तुम्हारी हंसी।

जिन्दगी जब सताती रूलाती मुझे
धैर्य दे तब हंसाती तुम्हारी हंसी।

स्नेह भरती अथक देह के दीप में
ज्योति मन में जगाती तुम्हारी हंसी।

खूब हंसती रहो, मुस्कुराती रहो,
यह तुम्हारी हंसी है, हमारी हंसी।

शर्मिष्ठा साहा
रौल न0 264



Scanned with CamScanner

# आह्वान

युवाओं ! उठ पड़ो, यह पग बढ़ाने का समय है,
जमाने के लिये कुछ कर दिखाने का समय है।
तुम्हारी जिन्दगी का है ये सबसे श्रेष्ठ मौसम,
तुम्हारे पास है सामर्थ्य का भंडार अनुपम,
शिराओं में भरी है शक्ति—साहस की तरंगें,
हृदय में है उमड़ती हर समय ऊँची उमंगें।

उसी युवा—शक्ति को सार्थक बनाने का समय है।
जमाने के लिये कुछ कर दिखाने का समय है।
''दिया'' के साथ जब इस शक्ति का होगा समन्वय
सृजन की ओर पग बढ़ जाएँगे निर्बाध—निर्भय,
तुम्हारी शक्ति से संसार का कल्याण होगा।
तुम्हारे संगठन से भव्य युगनिर्माण होगा।

दिया हर द्वारा देहरी पर जलाने का समय है।
जमाने के लिये कुछ कर दिखाने का समय है।
असंख्यों स्वर यहाँ नुपूर कंठ में अब भी घुटे हैं
स्वयं ही दुर्व्यसन के हाथ में लाखों लूटे हैं
अभी इंसान को जकड़े हुए हैं कुप्रथाएँ
दिवस में भी हजारों की अंधेरी हैं दिशाएँ

दिशा देकर उन्हें साहस दिलाने का समय है।
जमाने के लिये कुछ कर दिखाने का समय है।

रीतु कुमारी
रौल न0 242

---

# सपना

हाँ मैनें एक सपना देखा है
एक बार नहीं सैकड़ों बार देखा है।
एक ऐसा मंजिल हम बनाएँगे,
सारे जगत् में फूल ही फूल खिलाएँगे।

काम मुश्किल है, पर नामुमकिन नहीं
क्या कर नहीं सकता, मनुष्य नहीं।
जब हम ठान लेंगे हम,
उसे प्राप्त करके ही लेगें दम।

ना होगा किसी से भेदभाव
और धर्म के नाम पर लूट—पाट।
युद्ध के बादल कभी न बरसे
हंसी—खुशी के लिये कोई न तरसे।

जब देश का हर वासी, यही गीत गायेगा,
हमारा देश, उन्नति कर पाएगा।
है प्रीत जहाँ की रीत सदा,
मैं गीत वहीं का गाता हूँ
भारत का रहने वाला हूँ, भारत की बात सुनाता हूँ।

अभय नन्द झा
रौल न0—56



Scanned with CamScanner

# ग्रिजली महाविद्यालय

नित्य नये आयाम बनाता ग्रिजली महाविद्यालय
हम सब का सम्मान बढ़ाता ग्रिजली महाविद्यालय।

शिक्षा का हर रंग यहाँ है
विद्वानों का संग यहाँ है
सबमें नई उमंग यहाँ है
हर दिन नई तरंग यहाँ है
कई पुस्तकों से सजा है यहाँ का पुस्तकालय

नित्य नये आयाम बनाता है ग्रिजली महाविद्यालय
हम सब का सम्मान बढ़ाता ग्रिजली महाविद्यालय।

हम सब मिलकर आगे आयें
अपना स्वाभिमान जगायें
नित्य इसका सम्मान बढ़ायें
देश का इसे आदर्श बनायें।
ऐसा मोहक रूप हो जैसे
इन्द्रदेव का आलय

नित्य नये आयाम बनाता है ग्रिजली महाविद्यालय
हम सब का सम्मान बढ़ाता ग्रिजली महाविद्यालय।

कुमारी प्रीति
रौल न0–60

---

## सफलता पाने के टिप्स

- नए मित्र बनाएँ और पुराने मित्र संजोएँ।
- पहले ''कृप्या'' फिर आखिर में धन्यवाद कहने की आदत डालें।
- बहादुर बनें और कुछ नहीं तो बहादुर बनने का अभिनय करें, बहादुरी स्वयं आप में जन्म ले लेगी।
- हर बात पर ध्यान दें, सफलता के अवसर दबे पाँव ही आते हैं।
- दूसरों को सुनने की आदत डालें ताकि उनके बुरे अनुभवों से आप लाभ उठा सकें।
- स्वयं में आत्मविश्वास को जगाएँ, अपना कोई लक्ष्य भी निर्धारित करें।
- कठिन से कठिन कार्य भी करने पर उतना ही सरल होता है।
- सभ्यता और सहजता से ''नहीं'' कहना सीखें।
- ''कठिन है यह कार्य'' कहने के बजाय ''कार्य करने का मौका दें'' कहना सीखें।
- मेहनत का सदा सम्मान करें चाहे वह अपने नौकर ही क्यों न हो।
- असफलता के बावजूद प्रयत्न करें जीवन प्रयत्न का ही नाम है।

परीना कुमारी
रौल न0–33



Scanned with CamScanner

# खारा समुद्र

एक गाँव में दो भाई रहते थे। बड़ा भाई अमीर था तो छोटा भाई अत्यंत ही गरीब था। कुछ दिन बाद दीपावली का त्योहार आया। बड़े भाई के घर में अनेकों पकवान, मिठाई बनी लेकिन छोटे भाई के पास तो खाने लायक भी कोई चीज नहीं थी। वह अपने बड़े भाई के पास मदद मांगने गया लेकिन बड़े भाई ने बिना मदद किए उसे लौटा दिया। छोटा भाई बड़े ही उदास मन से अपने घर की ओर चल दिया। अचानक उसे रास्ते में एक बूढ़े आदमी से भेंट हो गई। बूढ़े के सिर पर एक लकड़ी का गट्ठर था। बूढ़े ने छोटे भाई से कहा कि क्या बात है बेटा तुम बहुत उदास दिखाई दे रहे हो। दिवाली पर तो खुश होना चाहिए। छोटा भाई बोला काहे की दिवाली बाबा मेरे पास तो खाने लायक भी कोई चीज नहीं है और मेरे बड़े भाई ने भी मेरी मदद नहीं की। तब बूढ़े व्यक्ति ने कहा इस लकड़ी के गट्ठर को मेरे घर पहुँचा दो। उसने लकड़ियों के गट्ठर को बूढ़े व्यक्ति के घर पहुँचा दिया। बूढ़े आदमी ने उसे एक मालपुआ दिया और बोला इसे लेकर तुम जंगल को जाना तुम्हें एक बरगद का पेड़ मिलेगा और पेड़ के नीचे एक चट्टान मिलेगा जिसे हटाने पर एक गुफा नजर आएगा। तुम गुफे के अन्दर चले जाना। वहाँ तुम्हें तीन बौने मिलेंगे उन्हें मालपुआ बहुत पसन्द है तुम उन्हें मालपुआ दे देना और वे तुम्हें एक पत्थर की चक्की देगें। छोटे भाई ने मालपुआ लेकर जंगल की ओर चल दिया और बूढ़े व्यक्ति के कहे अनुसार उसे जंगल में एक बरगद का पेड़ मिला और चट्टान हटाने पर गुफा मिला। वह गुफे में अन्दर प्रवेश किया तो उसे तीन बौने मिले उसने वह मालपुआ बौने को दे दिया तो बौने ने उसे एक पत्थर की चक्की दी। उसे भले बूढ़े ने बताया था कि चक्की साधारण नहीं होगा बल्कि तुम जब भी कोई सामग्री की इच्छा प्रकट करोगे तो सामग्री बनना शुरू हो जायेगा और जब लाल कपड़े से चक्की ढँक दोगे तो सामग्री बनना बंद हो जायेगा। छोटा भाई चक्की लेकर घर लौट आया। चक्की के सहारे वह बड़ा आदमी बन गया। बड़ा भाई सोचने लगा कि छोटा भाई बड़ा कैसे बन गया। एक दिन उसने छोटे भाई से पूछा। छोटे भाई ने सच्चाई बता दी। एक दिन मौका पाकर बड़े भाई ने चक्की चुरा ली और अपने परिवार के साथ किसी दूसरे टापू पर बसने की योजना बनाई और एक नाव खरीद कर उसपर सवार होकर अपने परिवार के साथ चल दिया। जब नाव बीच समुद्र में पहुँची तो बड़े भाई ने शांतिपूर्वक कहा चक्की–चक्की नमक निकाल। बस चक्की से नमक निकलना शुरू हो गया उसे चक्की बन्द करना नहीं आता था इसलिये नाव में नमक धीरे–धीरे भर गया और नाव डूब गई।

सोनी कुमारी
रौल न0 79

---

# शिक्षा का गिरता स्तर

भारत की शिक्षा व्यवस्था का जयगान कभी पूरे विश्व में गूंजा करता था। भारत की कला–संस्कृति से प्रवाहित होकर विदेशों से छात्र यहाँ पढ़ने आते थे। पूर्व में यहाँ गुरूकुल की व्यवस्था थी जिसमें गुरू अपने छात्रों को हर तरह की शिक्षा का ज्ञान देते थे। गुरू छात्रों को उत्तम शिक्षा देने की कोशिश करते थे, लेकिन आज गुरूकुल व्यवस्था की जगह स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी ने ले ली है। शिक्षा पद्धति भी पहले के मुकाबले बदल चुकी है। साथ ही विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा ने आज व्यवसाय का रूप ले लिया है। स्कूल, कॉलेज की जगह कोचिंग संस्थानों में शिक्षक शिक्षा दे रहे हैं। शिक्षा के मामले में छात्र–छात्राओं के माता–पिता प्रतिस्पर्धी हो चुके हैं। आज अभिभावक हो या शिक्षक कोई नहीं चाहता कि उनके बच्चे मौखिक ज्ञान के बजाय नैतिक ज्ञान प्राप्त करे। नैतिक शिक्षा का स्तर काफी गिर चुका है। शिक्षक छात्र की गरिमा, धुमिल हो चुकी है। शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारने के लिये हम सभी को सटीक, सशक्त और सार्थक प्रयास करना चाहिए।

राज किशोर यादव
रौल न0–65



Scanned with CamScanner

# कन्या भ्रूण हत्या में शिक्षा की भूमिका

जननी को पुन: जन्म मिले। यह इस युग की सवोच्च क्रांति होगी। हम सभी जानते हैं कि जगत में नारी श्रेष्ठ है। नारी को हम देवी आदि शक्ति लक्ष्मी नामों से पुकारते हैं, परन्तु आज स्थिति यह हो गई है कि हम नारीत्व को तो सम्मान दे रहे हैं परन्तु नारी के रूप को नहीं। मेरा कहने का मतलब है कि हम उस नारी को जन्म लेने से पहले ही मार देते हैं।

हमारे देश के एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार यह पता चला है कि हमारे देश में प्रति 1000 पुरूषों पर 936 महिलाएँ हैं और एक रिपोर्ट चौकानें वाली है कि ऐसी घटनाएँ गाँवों से अधिक शहरों में हो रही है। चंडीगढ़ के रिपोर्ट के अनुसार वहाँ प्रति 1000 पुरूषों के पीछे 813 महिलाएँ हैं। वहाँ लोग भाड़े पर लड़कियों को लाकर अपना वंश चलाते हैं। इनमें और भी राज्य अग्रसर है। जैसे – राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा।

यह स्थिति केवल पिछड़े समाजों में ही नहीं, बल्कि उनमें भी है जो अपने आपको ''शिक्षित'' बताकर गर्व महसूस करते हैं। हमारे देश में लिंग परीक्षण संबंधी कानून बनाए गए है किन्तु फिर भी भारत में 10 लाख बच्चियाँ अपना पहला जन्मदिन नहीं देख पाती। प्रतिवर्ष 500000 से अधिक महिलाएँ गैर–कानूनी रूप से भ्रूण हत्या करवाती है।

लोग बेटियों को ही आखिर क्यों मार रहे हैं ? बहुत कोई का मानना है कि दहेज इतनी बढ़ गई है कि 3 या 4 बेटियों की शादी करना मुश्किल हो जाता है तो क्या महज चंद रूपयों के लिये हम ऐसा कर रहे हैं या फिर कोई और कारण है?

शिक्षा व्यक्तियों को सिर्फ साक्षर बना कर संतोष कर देना नहीं है या फिर थोड़ी बहुत दुनियादारी सीख लेने से अथवा तकनीकी कुशलता हासिल कर लेने से नहीं आ पाती।

''शिक्षा इंसान को बदल सकता है जरूरत है उन्हें सही शिक्षा दी जाए।'' सही शिक्षा वह है, जो विद्या के साथ संस्कार दे।

शिक्षा उन्हें बता सकती है कि लोग किस प्रकार से इन बेटियों को मारे जाने से हमारे समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। अगर हम इसी तरह बच्चियों को मारते रहे तो एक दिन ऐसा हो जाएगा की बेटियों का मिलना मुश्किल हो जाएगा और सारे वंश समाप्त हो जाऐंगे। मुझे लगता है शिक्षा के साथ–साथ मीडिया, सिनेमा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। महिलाओं की उपलब्ध्यिों को गर्व के रूप में दिखाए और महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, बदसलूकी को Exclusive News न दिखाकर एक शर्मनाक घटना के रूप में दिखाए ताकि हमारा समाज इससे अवगत हो।

इसमें हमें बहुत बड़ा रोल अदा करना होगा। आशाजनक, उत्साहवर्द्धक और प्रोत्साहित करने वाला वातावरण निर्मित करना होगा।

**''तू नहीं है मेरे हाँड–माँस से बनी सपना,**
**फिर भी एक चमत्कार की तरह तू मेरी अपना,**
**एक लम्हे के लिये भी न जानी ये भूल,**
**तू मेरी कोख में नहीं, बल्कि है दिल में पला हुआ फूल।**

खूशबू कुमारी
रौल न0–10



## नारी रक्षा

आसमाँ से दे कोई आवाज
धरती पर छाया है अंधियारा
सिसक रही है मानवता
दानवता का अट्टहास यहाँ

अटक से कटक तक
कश्मीर से कुमारी तक
बन गए हैं नारी के कोख
नारी भ्रूण का कत्लेगाह

आसमाँ से दे कोई आवाज
जग में न होगी नारी
पुरूषों को जन्म देगा कौन यहाँ
धरती पर कब रूकेगा
भ्रूण हत्या का चलन यहाँ

आसमाँ से दे कोई आवाज
मर रही है कोख में
करोड़ों नारी भ्रूण रूप में यहाँ
माता–पत्नी–बेटी–बहना को
जग में हम पाएँगे फिर कहाँ

आसमाँ से दे कोई आवाज
नारी सम्मान भूमि भारत में
कब रूकेगा कोख नरसंहार
आसमाँ में बैठा देव भी
रोता है इस पर कोटि बार

आसमाँ से दे कोई आवाज
मरती है नारी यहाँ पर
कभी कोख में
कभी जंगल में
कभी मंगल (सुहाग सेज) में

आसमाँ से दे कोई आवाज
नारी जब होगी सशक्त
तब होगा राष्ट्र निर्माण
तब बनाएँगे भारत में
देवता भी वास स्थान
आसमाँ से दे कोई आवाज ।।

अमित कुमार
रौल न0–30

## शिक्षक की गरिमा

शिक्षक की गरिमा मत भूलो, अमृत है उसकी वाणी में।
वो ही है सच्चा निर्माता, वो अन्तर्हित हर प्राणी में ।।

उसकी कृपा दृष्टि पाकर, मन के विकार मिट जाते हैं।
उसके ही गुण गा–गाकर हम, पशु से मानव बन जाते हैं।।

उसके बिना मनुष्य अधूरा है, पूरा उसका उत्थान नहीं।
उसके अनुकम्पा बिना मनुष्य को, मिल सकता कुछ ज्ञान नहीं ।।

जो तु नाशक है बुद्धि का, अन्यायों का प्रतिरोधक है।
गुण का भण्डार भरा जिसमें, वह नूतनता का शोधक है।।

उसकी गरिमा गुरूता पाकर, श्री रामचन्द्र भगवान बने।
उसकी क्षमता को अपनाकर, जग में कृष्ण महान बने।।

उसकी ही सम्बल पाकर के शिवाजी वीर विराट बने।
गुरू की कृपा रहे यदि, तरे कंकड़ पत्थर के छँट जाते हैं।।

यह स्मरण रखो, शिक्षक ही अध्याय बदलता रहता है।
पृथ्वी पर दूजा ब्रह्म बन, इतिहास बदलता रहता है।।

उसकी गुरूता और गरिमा को, स्वीकार करो, स्वीकार करें।
कहते ''श्रेष्ठजन'' तन, मन, धन से, तुम सब उसका सम्मान करो।।

सुमित कुमार
रौल न0–23

## किसको किसकी चिन्ता है ?

वीरों को आन की,
कायरों को जान की,
किसानों को धान की,
गायक को तान की,
नाविक को तूफान की,
कमजोर को बलवान की,
नेता को मतदान की,
विद्यार्थी को इम्तिहान की,
मुसाफिर को सामान की,
व्यापारी को नुकसान की,
भगवान को जहान की,
पंछी को उड़ान की,
माँ–बाप को संतान की,
ऋषियों को ज्ञान की,
अमीरों को सम्मान की,
कंजूस को मेहमान की।

नीरज कुमार पाण्डेय
क्रमांक –522
सत्र–2014–15



Scanned with CamScanner

## मानव जीवन में प्रेम

जिन्दगी एक किराए का घर है,
छोड़ के एक दिन जाना पड़ेगा।
मौत जब हमको आवाज देगी,
घर छोड़कर रिश्ते तोड़कर जाना पड़ेगा।

जगत में जो कुछ है,
सब भगवान की ही मूर्ति है,
यह समझ कर सबसे प्रेम करो,
सबकी पूजा करो,

अपना जीवन सबके लाभ के लिये,
समर्पण कर दो।
भूल कर भी ऐसा काम मत करो,
जिससे किसी का अहित हो,
जिसके पास पैसे नहीं हैं,
परन्तु बुद्धि, विवेक, सत्य, श्रद्धा और प्रभु भक्ति है,
वह परम धनी है।

प्रेम से इंसान क्या भगवान
भी वश में आ जाते हैं।
इसलिये सदा प्रेमपूर्वक रहना चाहिए।
क्योंकि प्रेम से स्वर्ग और लड़ाई से विनाश होगा।

सुबोध कुमार
रौल न0–96

## आग जलनी चाहिए

हो गई है पीर पर्वत– सी पिघलनी चाहिए,
इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।
आज यह दीवार, परदों, की तरह हिलने लगी,
शर्त लेकिन थी कि यह बुनियाद हिलनी चाहिए।
हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गाँव में,
हाथ लहराते हुए लाश चलनी चाहिए।
सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
सारी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए।
मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।

सुधीर कुमार
क्रमांक – 543, सदन – रूसो
सत्र – 2014–15

## नारी-शक्ति

नारी दशप्रहरधारिणी दुर्गा है – संसार में नारी शक्ति को जगाने के लिये।
नारी खड्गधारिणी काली है – पाखण्डों का वध करने के लिये।
नारी लक्ष्मी है – संसार का सुशोभन बहाने के लिये।
नारी सरस्वती है – जगत में विद्या वितरण के लिये।
नारी धरती है – सहिष्णुता के गुण से।
नारी आकाश है – सबकी आश्रयदायिनी होने से।
नारी वायु है – सबको जीवनदायिनी होने से।
नारी जल है – सबको रससिक्त करनेवाली, दूसरों को अपना बनाने वाली होने से।
नारी ज्योति है – प्रकाश के कारण
नारी माटी है – क्योंकि नारी माँ है।

**नारी त्रैलोक्य जननी, नारी त्रैलोक्य रूपिणी।**
**नारी त्रिभुवन दारा, नारी शक्ति स्वरूपिणी।।**



Scanned with CamScanner

# क्रोध से नुकसान

1. क्रोध से मनुष्य की आँख बंद हो जाती है, जुबान खुल जाते हैं।
2. क्रोध का मतलब दूसरे की गलतियों की सजा स्वयं को देना है।
3. क्रोध मूर्खता से शुरू होता है और पश्चाताप पर समाप्त होता है।
4. क्रोध में की गई बातें अंत में अपने ऊपर ही उल्टी पड़ जाती है।
5. सुबह से शाम तक 24 घंटे काम करने में व्यक्ति उतना नहीं थकता , जितना क्रोध से एक घंटे में थक जाता है।
6. मनुष्य क्रोध में समुद्र की तरह बहरा , आग की तरह उतावला हो जाता है।
7. क्रोध तो मधुमक्खी के छत्ते पर पत्थर फेंकने के समान है।
8. एक बार क्रोध करने पर शरीर मे 8 बूंद खून कम हो जाता है ,जबकि 8 बूंद खून बनने में 5 दिन लगते हैं।
9. क्रोध को क्षमा से, अंहकार को नम्रता से और लोभ को संतोष से जीतकर अपने बहुमूल्य मनुष्य जीवन को सफल बनाइए।
10. क्रोध समझदारी को घर से बाहर निकाल देता है, और अक्ल के दरवाजे को बन्द कर देता है।

**("मनुष्य का जीवन बहुत दुर्लभ है इसे क्रोध से बचाईए")**

जयमशीह वड़ीग
क्रमांक –569, सदन – रूसो
सत्र–2014–15

---

# ऐसा कुछ मत करो

- किसी की प्रशंसा न कर सको, तो निंदा भी न करो।
- किसी की कामयाबी की कामना न कर सको, तो नाकामयाबी की कामना भी मत करो।
- किसी का उत्थान न कर सको , तो पतन भी मत करो।
- किसी को पथ नहीं दिखा सकते हो, तो रोशनी भी बंद मत करो।
- किसी की भलाई नहीं चाहते हो, तो बुराई भी मत करो।
- किसी की नजदीकियां नहीं चाहते हो, दूरियों को भी मत बढ़ाओ।
- किसी के लिए फरिश्ता नहीं बन सकते हो, शैतान तो मत बनो।
- किसी पर फूल नहीं बरसा सकते हो, पत्थर तो मत बरसाओ।
- किसी से गले नहीं लग सकते हो, मुँह तो मत मोड़ो।
- अपने बच्चों का भविष्य संवार नहीं सकते, तो उजाड़ो मत।
- किसी के लिए ज्योति नहीं जला सकते तो, बुझाओ मत।
- किसी के लिए अच्छी नजरिया नहीं रख सकते हो, तो घटिया नजरिया तो मत रखो।
- अगर आप जीत नहीं सकते हो, हारो तो मत।
- अगर आप ईमानदार नहीं बन सकते हो, बेईमान भी मत बनो।

संदीप कुजुर
क्रमांक –519, सदन– राधाकृष्णन
सत्र –2014–15



Scanned with CamScanner

# विशेष तथ्य

- 1 से 99 तक की स्पेलिंग में कहीं भी a, b, c, d का उपयोग नहीं होता है।
- D का प्रयोग पहली बार hundred में होता है।
- 1 से 999 तक की स्पेलिंग में a, b, c का उपयोग नहीं होता है।
- A का उपयोग पहली बार Thousand में होता है।
- 1 से 999,999,999 तक की स्पेलिंग में कहीं भी b, c का उपयोग नहीं होता है।
- B का उपयोग पहली बार Billion में होता है।
- C का उपयोग इंग्लिश काउन्टिंग में कहीं भी नहीं होता है।

संध्या कुमारी
क्रमांक –515, सदन – अरस्तु
सत्र–2014–15

---

# कवि और धनवान

एक दिन एक कवि किसी धनी आदमी से मिलने गया और उसे कई सुंदर कविताएँ इस उम्मीद के साथ सुनाई कि शायद वह धनवान खुश होकर कुछ ईनाम जरूर देगा लेकिन वह धनवान भी महाकंजूस था, बोला तुम्हारी कविताएँ सुनकर दिल खुश हो गया।तुम कल फिर आना, मैं तुम्हें खुश कर दूँगा।

कल शायद अच्छा ईनाम मिलेगा।ऐसी कल्पना करता हुआ वह कवि घर पहुँचा।अगले दिन वह फिर धनवान की हवेली में जा पहुँचा। धनवान बोला, सुनो कवि महाशय, जैसे तुमने मुझे अपनी कविता सुनाकर खुश किया था , उसी तरह मैं भी तुम्हें बुलाकर खुश हूँ । तुमने मुझे कल कुछ भी नहीं दिया, इसलिए मैं भी तुम्हें कुछ नहीं दे रहा , हिसाब बराबर हो गया।कवि बेहद निराश हो गया।उसने अपनी आपबीती एक मित्र को कह सुनाई और उस मित्र ने बीरबल को बता दिया ।बीरबल बोला अब जैसा मैं कहता हूँ , वैसा करो।तुम उस धनवान से मित्रता करके उसे खाने पर अपने घर बुलाओ ।हाँ अपने कवि मित्र को भी बुलाना मत भूलना।मैं तो खैर वहाँ मौजूद रहूँगा ही।कुछ दिन के बाद बीरबल की योजनानुसार कवि के मित्र के घर दोपहर के समय भोज का कार्यक्रम तय हो गया।नियत समय पर वह धनवान भी आ पहुँचा उस समय बीरबल ,कवि और कुछ और मित्र बातचीत में मशगुल थे।समय गुजरता जा रहा था लेकिन खाने – पीने का कोई नामो–निशान न था।वे लोग पहले की तरह बातचीत में व्यस्त थे। धनवान की बेचैनी बढ़ती जा रही थी , जब उससे रहा न गया तो वह बोला –भोजन का समय तो कब का हो चुका ? क्या हम यहाँ खाने पर नहीं आये हैं ?

"खाना कैसा खाना?" बीरबल ने पूछा।

खाने का तो कोई निमंत्रण नहीं था।यह तो आपको खुश करने के लिए आपको खाने पर आने को कहा गया था।जवाब बीरबल ने दिया। धनवान का पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया, क्रोधित स्वर में बोला, यह सब क्या है ? इस तरह किसी ईज्जतदार आदमी को बेईज्जत करना ठीक है क्या? तुमने मुझे धोखा दिया है ।

अब बीरबल हँसता हुआ बोला यदि मैं तुमसे यह कहूँ कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है तो, .....! तुमने इस कवि से यही कहकर धोखा किया था न कि कल आना सो मैंने भी तुम्हारे साथ कुछ ऐसा ही किया तुम जैसे लोगों के साथ ऐसा ही व्यवहार होना चाहिए । धनवान को अब अपनी गलती का आभास हुआ और उसने कवि को अच्छा ईनाम देकर वहाँ से विदा ली।वहाँ बैठे सभी बीरबल को प्रशंसा भरी नजरों से देखने लगे।

**(अकबर–बीरबल)**

मिथुन कुमार
क्रमांक –549



Scanned with CamScanner

# अवसर की पहचान

एक बार एक ग्राहक चित्रों की एक दुकान पर गया। उसने वहाँ पर अजीब से चित्र देखा। पहले चित्र में चेहरा पूरी तरह बालों से ढ़ँका हुआ था और पैरों में पंख थे। एक दूसरे चित्र में सिर पीछे से गंजा था। ग्राहक ने पूछा – यह चित्र किसका है ? दुकानदार ने कहा – अवसर का।

ग्राहक ने पूछा – इसका चेहरा बालों से ढ़ँका हुआ क्यों है ? दुकानदार ने कहा – क्योंकि जब अवसर आता है तो मनुष्य अक्सर नहीं पहचानता। ग्राहक ने पूछा – और इसके पैरों मे पंख क्यों है? दुकानदार ने कहा –वह इसलिए कि वह तुरंत वापस भाग जाता है, यदि इसका उपयोग न हो तो यह तुरंत उड़ जाता है। ग्राहक ने पूछा – और यह दूसरे चित्र में पीछे से गंजा सिर किसका है? दुकानदार ने कहा – यह भी अवसर का है। यदि अवसर को सामने से ही बालों से पकड़ लेंगे तो वह आपका है। अगर आपने उसे थोड़ी देर से पकड़ने की कोशिश की तो पीछे का गंजा सिर हाथ आयेगा और वो फिसलकर निकल जायेगा। वह ग्राहक इन चित्रों का रहस्य जानकर हैरान था पर अब वह बात समझ चुका था।

दोस्तों, आपने कई बार दूसरों को यह कहते हुए सुना होगा या खुद भी कहा होगा कि "हमें अवसर ही नहीं मिला" लेकिन ये अपनी जिम्मेदारी से भागने और अपनी गलती को छिपाने का बस एक बहाना है। वास्तव में भगवान ने हमें ढ़ेरों अवसरों के बीच जन्म दिया है। अवसर हमेशा आते रहते हैं, पर हम उसे पहचान नहीं पाते या पहचानने में देर कर देते हैं और कई बार हम बड़े अवसर की ताक में रहते हैं, पर अवसर बड़ा या छोटा नहीं होता। हमें हर अवसर का भरपूर सदुपयोग करना चाहिए।

---

# मेरे पिता

एक शहर में दो भाई रहते थे। उनमें से एक शहर का सबसे बड़ा बिजनेस मैन था तो दूसरा शराबी था जो अक्सर नशे की हालत में लोगों से मारपीट किया करता था। जब लोगों को इस बारे में पता चला तो काफी आश्चर्य हुआ कि आखिर दोनों में इतना अंतर क्यों है ? जबकि दोनों एक ही माता– पिता की संतान हैं, एक जैसी शिक्षा प्राप्त है और बिल्कुल एक जैसे माहौल में पले– बढ़े हैं। कुछ लोगों ने इस बात का पता लगाने का निश्चय किया और शाम को शराबी भाई के पास पहुँचे। उन लोगों ने देखा कि वह अपने पत्नी तथा बच्चे को पीट रहा था। उन लोगों ने उसे शांत कराया और पूछा कि भाई तुम ऐसे क्यों हो ? तुम बेवजह लोगों को मारते–पीटते क्यों हो ? नशे में धुत होकर अपने बीबी , बच्चों को पीटते हो............. आखिर ये सब करने की वजह क्या है ? उसने उत्तर दिया – मेरे पिता लोगों ने कहा – पिता !! ......कैसे ?

उसने कहा कि मेरे पिता शराबी थे, वे अक्सर मेरी माँ और हम दोनों भाईयों को पीटा करते थे............भला आप लोग मुझसे और क्या उम्मीद कर सकते हो ?........ मैं भी वैसा ही हूँ....... फिर वे लोग दूसरे भाई के पास पहुँचे वे अपने काम में व्यस्त थे और थोड़ी देर बाद उनसे मिलने आया, उसने कहा – माफ कीजियेगा, मुझे आने में थोड़ी देर हो गयी, बताईये मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूँ ? लोगों ने इस भाई से पूछा कि आप इतने सम्मानित बिजनेस मैन हैं, आखिर आपकी इन उपलब्धियों की वजह क्या है ? उसने भी वही उत्तर दिया – मेरे पिता लोगों ने आश्चर्य से पूछा – भला वो कैसे ?

उसने कहा कि मेरे पिता शराबी थे, नशे में वे हमें मारा– पीटा करते थे, मैं ये सब देखकर चुप रहता था और तभी मैंने यह निश्चय कर लिया था कि मैं ऐसा बिल्कुल नहीं बनना चाहता, मुझे तो एक सभ्य, सम्मानित और बड़ा आदमी बनना है, और मैं वही बना।

धनंजय कुमार पाण्डेय
क्रमांक –535



Scanned with CamScanner

# चुटकुले

1. टीचर संता से : संता बताओ टेन्स कितने प्रकार के होते है ?
संता : तीन
टीचर : तीनों का एक– एक उदाहरण बताओ।
संता : मैंने कल आपकी बेटी को देखा था। आज मैं उससे प्यार करता हूँ और कल मैं उसको भगा कर ले जाऊँगा।

2. संता खाली कटोरी में रोटी डुबो कर खा रहा था, वेटर ने देखा तो पूछा : आप क्या कर रहे हैं ? संता ने कहा कि मैं मैथ का टीचर हूँ , मैंने दाल सपोज की हुई है।

3. संता की तपस्या से खुश होकर भगवान बोले – वर माँगो वत्स मैं तुमसे प्रसन्न हूँ। संता ने कहा कि जैसा आप मुझे समझ रहे हैं मैं वैसा नहीं हूँ । मुझे वधू चाहिए।

4. संता बंता से :– यार , सरकार ने वोटिंग करने के लिए 18 साल के होने का कानून बनाया है तो फिर शादी करने की उम्र 21 साल क्यों ?
बंता संता से :– देखो , सरकार को भी पता है कि देश संभालना आसान है , लेकिन बीबी संभालना नहीं ।

प्रियंका कुमारी
क्रमांक –507

---

# अनजानी जमीन पर छलांग

दो दिन से वह उलझे हुए हैं। क्या करें उस पेशकश का ? वह कुछ भी तय नहीं कर पा रहे। अपने काम में भी मन नहीं लग रहा उनका।

कभी– कभी फैसले लेना कितना मुश्किल होता है ? दरअसल , हम भविष्य में छलांग लगाना चाहते हैं , लेकिन हमारे पास जो है, उसे खोने से डरते हैं। जिदंगी और जोखिम का अजीब रिश्ता है। हमें जिदंगी जीने के लिए कुछ फैसले लेने पड़ते हैं। कभी हो सकता है कि उन फैसलों का जोखिम से कोई लेना–देना न हो लेकिन कभी –कभी सचमुच कोई फैसला बड़े जोखिम वाला हो सकता है। उन्हीं मौकों पर हम चकरा जाते हैं।

असल में छलांग तो हमें आने वाले कल में लगानी होती है। हम जब छलांग लगाते हैं, तो अपनी जमीन से हटना ही पड़ता है, हम एक जगह टिके हुए होते हैं, एक मायने में रूके हुए होते हैं। हम जब अपने रूकने को महसूस करते हैं , तो वहाँ से हिलना चाहते हैं। अब हिलने के लिए कुछ जुगत तो करनी पड़ेगी ना। आमतौर पर हम इस तरह हिलना चाहते हैं कि उस रूकावट को पार कर जाये लेकिन उसमें कोई खास दिक्कत न आये । हमें कम– से – कम उस जमीन का पूरा भरोसा हो, जिस पर हमारे कदम पड़ने वाले हैं। कभी– कभी जिंदगी हमें बड़ी छलांग लगाने का मौका देती है। यह छलांग एक मायने मे अनजानी जमीन पर होती है । हम एक जगह से छलांग लगाते हैं और नहीं जानते हैं कि सही जगह लैंड करेंगे कि नहीं । वह जमीन हमारे लिए कैसी होगी ? बस यहीं पर हम अटक जाते है , हमें अपने पर जितना भरोसा होता है , उतना ही हम जोखिम ले पाते हैं। हमें अपने उसी भरोसे पर काम करना चाहिए , बाकी सब अपने – आप सध जाता है।

विभा कुमारी
क्रमांक –506, सदन – राधाकृष्णन
सत्र–2014–15



Scanned with CamScanner

# नहले पे दहला

एक करोड़पति मर गया और स्वर्ग का दरवाजा खटखटाने लगा ।

देव – कौन हो तुम ?

करोड़पति – मैं धरती पर करोड़पति था ।मुझे स्वर्ग में प्रवेश चाहिए।

देव – स्वर्ग में रहने लायक तुमने कौन – सा काम किया है ?

करोड़पति – एक बार मैंने एक भूखी भिखारिन को 10/– रूपये दिये थे।एक बार मैंने कार से टकरा कर घायल हुए एक बच्चे को 100/– रूपये दिये थे।

देव – और कुछ किया ?

करोड़पति – और कुछ तो याद नहीं आ रहा।

देव (दूसरे देव से ) – भाई क्या करें इसका ?

दूसरे देव – इसके 110/– रूपये लौटाकर इसे नरक भेज दो ।

विशाल कुमार
क्रमांक –578, सदन – अरस्तु,
सत्र–2014–15

---

## गजल

वफा की राह में दिल जैसा रहनुमा लेकर
मैं क्या करूँगा जमाने से मश्वरह लेकर
न जी सकोगे कभी चैन से खुदा की कसम
अपने आशिक से दिल की बद्दुआ लेकर
न जाने कितने ही पत्थर बरस पड़े मुझपर
चला था मैं घर से हाथ में आईना लेकर।

वसीफ अंसारी
क्रमांक – 483,
सत्र–2013–14

## Some words bearing all the vowels

| | | |
|---|---|---|
| Autogenic | = | स्वरचित |
| Automobile | = | मोटरगाड़ी |
| Behaviour | = | व्यवहार |
| Communicate | = | सूचित करना |
| Cauliflower | = | फूलगोभी |
| Dialogue | = | बातचीत |
| Discourage | = | हतोत्साहित करना |
| Education | = | शिक्षा |

- Nisha Kumari singh
Roll no- 538, House – Vivekanand
Session- 2014-15



Scanned with CamScanner

# Aim of Education

Education is a life long process. It is said that a child starts learning when he is in the womb of his mother. From birth to death, whatever a child learns, is Education. It means the process of education continues the whole total, we can say that total life span of a man is education. In other words, education is life and life is education.

Education is the backbone of a country. It is the pillar of a society. It is a man making process so that the human resource of a nation may be utilised according to its various needs. Education developes the inherent qualities of body, mind and soul of a man. It helps a man to discharge his duties deligently, intelligently and efficiently.

To achieve any aim, one does any work and for the achievement of the aim, we decide some objectives and these objectives collectively help us to achieve that aim. As the aim of water is to quench the thirst and fire is to ignite, similarly education has only one aim - "Development of personality."

The Harmonious development of the best part of physique, spirit, mind, heart and soul is called personality. The aim of education is the development of the total personality of a person. According to Lord Brougham - "Education make people easy to lead but difficult to drive, easy to govern but impossible to slave." Education means not to literate a person only. Education and literacy are two different things. Education enhances not only the book knowledge but also teaches moral, aesthetic and social values of a living society which is more valuable than first one. Everyone wants to be happy and satisfied and education is a way towards it. Education makes possible a real life full of happiness.

Education is always associated with tolerance, co-operation, brotherhood, friendship and good will towards all. As Gandhi ji states - "An education which does not teach to discriminate between good and bad and to assimilate the one and eschew the other is a misnomer." So, an educated person means a person who has deep knowledge of matters and subjects along with the vast experience of social behaviour and other cultural heritage. An educated person means, a person who has capacity to take right decision even in a critical situation. According to Robert Frost - "Education is the ability of listening to almost anything without losing temper and self confidence in the period of trouble and sadness." It develops the personality of a person.

According to Swami Vivekanand - "Education is not something powered out from outside. It is the exposition of self in totality." Education increase good human values. According to Vivekanand - "Education helps to build the character." And our character is the mirror of our personality. Education brings foldness and self-confidence in the period of trouble and sadness which is again an integral part of our personality.

End all and be all of education is the development of personality of a person.

- Sonali Kapsime
Enrol. No. 53

**Seven Techniques to Improve Human Relation**

- *The six Most important words.*
  *I admit. I made a mistake*
- *The five most important words.*
  *You did a good job*
- *The four most important words.*
  *What is your opinion*
- *The three most important words.*
  *If you please*
- *The two most important words.*
  *Thank you*
- *The one most important word.*
  *We*
- *The least important word.*



Scanned with CamScanner

# India's Contribution to world unity

India is a land that has been blessed by both God & nature. Nature has endowed her with all the wealth, power and beauty of the world. It is the place where human mind has seen full development. The sages and thinkers pondered over the greatest problems of life. They found solutions of many mysteries. Unfortunately, the west is obsessed with the thoughts and literature of the Greeks and the Romans. In past time, India's greatness and glory remained hidden from the west. But at present, India is getting attention over the world. Nowhere human mind has shown as a comprehensive and universal development as in India.

India offers a golden opportunity to the people of the world. It is an intellectual elite. Be it zoology or botany or geology or anthropology or archaeology, India offers an interesting study of all these discipline. The "Vedic Mythology" has given a new character to the study of mythology. Indian fables, legends and myths are a storehouse of wisdom. India provides ideal condition for the study, growth and delay of languages. It is the home of the Aryan and their great language Sanskrit.

India has been the spiritual leader of the world. It is the home of "Brahmanism" and the birth place of "Buddhism." It gave refuge to the followers of the Parsi religion. Be it is the burning question of the day or the mysteries of the world, India can serve as a big laboratory to solve and resolve them. Universal history remains incomplete without India being at the center of it. That's why Max Muller considers India to be the natural leader of the world.

Ravi Kumar

---

# TASTES OF LIFE

Life is to live, no one deny it. But it must be understood that life does not run on any condition. Life is a continuous journey where ups and downs come, the only need is to walk bravely. Life is a plate which contains sour, sweet and spicy taste. And its necessary to taste everything. Think, if we love sweets and everyday we are given to eat sweets, what will happen ? We would like to change the taste ! After sweets we are

given to taste something sour, we would feel better, isn't it ? If we continues to take the taste of same type, we shall be unable to realise the importance of other tastes. We should take life as a plate which contains various tastes. As night is necessary after day, in the same way sorrow is necessary after happiness. We should accept it as a challenge and do friendship with life.

It's true that there are various pressure in the life of a teacher. But these pressure prepare us to live life in a better way. Remember troubles in life are like washing machine. They twist, turn and knock us round but at the end we come out brighter and better than before.

Prashant Kumar



Scanned with CamScanner

# Student life based on Film's name

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Classes | = | Kabhi Kabhi | Paper correction | = | Andha Kanoon |
| Course | = | GodZilla | Viva | = | Encounter |
| Exam | = | Kalyug | Marks | = | Ashambav |
| Paper out | = | Plan | Result | = | Sadma |
| Examination hall | = | Chamber of secrets | Pass | = | Ajooba / Chamatkaar |
| Examiner | = | Mrityudata | Fail | = | Devdas |
| Question Paper | = | Paheli | Vocations | = | Masti |
| Answer Paper | = | Kora Kagaj | Supplementary | = | Aakhri Rasta |
| Exam Time | = | Qayamat se Qayamat tak | | | |
| Cheating | = | Aksar | | | |
| Last Exam | = | Independence day | | | |

- Ruhi Ambast
Roll.- 539

# It's better to give no example than a bad one

Once there was a boy named Nikhil who lived in a village with his father. When Nikhil grew up his father sent him abroad, for his further studies . After Nikhil finished his studies and got a good job, he got married and settled down in abroad itself. He never made his father know the exact place where he stayed but sent money every month to his father. After many years the father heard from Nikhil about his grandson and wanted to see him . After a long search he reached at the correct address of his son .

To his surprise Nikhil was not at all happy to see him. He shouted at his father for coming to his house .His father with a pale voice told him that he would stay for few days and then return back to the village. That night when Nikhil and his family sat on the dining table for supper, his wife got angry with her father in Law's poor table manner and asked Nikhil to make his father sit separately when they eat. Next day, at lunch time Nikhil asked his father to sit aside with a small tool and have his lunch. The father's heart broke but he didn't speak a word. When his grandson saw this he quietly went outside with a hammer nail and some pieces of wood. When Nikhil came out he saw his son doing something with these things. He asked his son "Jack, what are you doing ?" Jack replied " Papa when you grow old you too will need a small tool like the one you gave the grand pa to have food on it , and it will take a lot of time to make. That's why I have begun to make it. So, that by the time you grow old, I can give you this.

**Lesson : - As you Sow, So shall you reap.**

Shalet Joseph
Roll no – 551



Scanned with CamScanner

# Quotation

1. **If you can't be a pencil to draw happiness for others, try to be a eraser so that you can remove one's sadness.**

2. **E** - To eradicate ignorance & literacy.
   **U** - To Develop Sense of Utility
   **A** - To acquire the quality of aspiration.
   **I** - To inculcate interest for acquiring knowledge.
   **N** - To be noble and humble in life.
   **D** - To develop a sense of discipline.
   **C** - To cultivate a sense of curiosity and creativity.
   **T** - To teach the quality of tolerance.
   **O** - To be obedient to elders in life.

3. **Know about body –**
   a. Our sneezes can travel at 160 Km/h as fast as train.
   b. Our Stomach produces up to 2 liters of hydrochloric acid in a day.
   c. There is enough carbon in our body to fill 900 pencils, enough fat to make 75 candles, enough phosphorus to make 220 match heads & enough iron to make a 7.5 cm nail.

4. **Secrets of success in our room says–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Fan | - | Be cool | Roof | – | Aim high |
| Glue | - | Stick to high | Calendar | - | Be up to date |
| Window | – | See the world | Wardrobe | – | Be organized |
| Dustbin | – | Throw all the evils | Mirror | – | Reflect befor you act |
| Clock | – | Every minute is precious | Lamp | – | Be open and Welcome good things |

5. **Do you know –**
   a. The average person falls asleep in 7 min.
   b. India has more post offices than other countries.
   c. The frog don't drink water, they absorb water through their skin.
   d. The bear has 42 teeth.
   e. Cats have 32 muscles in each ear.
   f. There are only two words in English which has consecutive of three words ...... Bookkeeper, Bookkeeping.

**What is chemistry?**

It is a chemical's mystery.
Reactions give me a chill, but doing it is a thrill.
Chemicals are bright, Equations give me fright.
Friends here is a piece of advice, without it we can't fight.

Priyanka Priyadarshini
Roll no – 542



Scanned with CamScanner

# नीति - श्लोकाः

1. यस्मिन् देशे न सम्मानो न वृर्त्तिर्न च बान्धवाः।
न च विद्योगमः कश्चित् तं देशं परिवर्जयेत्।।

- जिस देश में न तो आदर–सम्मान हैं, न आजीविका प्राप्ति के साधन हैं और न बंधु–बांधव हैं और न ही किसी विद्यालय, का उस देश को त्याग देना चाहिए।

2. यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिश्षेवते।
ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति अध्रुवं नष्टमेव च।।

- जो मनुष्य निश्चित को छोड़कर अनिश्चित के पीछे भागता है– उसका निश्चित भी नष्ट हो जाता है और अनिश्चित तो नष्ट है ही।

3. न विश्वसेत् कुमित्रे च मित्रे न विश्वसेत्।
कदाचित् कुपितं मित्रम् सर्व गुह्यं प्रकाशयेत्।।

- किसी भी कुमित्र पर विश्वास न करें और सुमित्र पर भी विश्वास न करें। सुमित्र पर इसलिए विश्वास करें न क्योंकि यदि कभी वह रूठ गया तो सारे रहस्यों को प्रकट कर देगा।

4. मनसा चिन्तितं कार्य वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्ये चौपि नियोजययेत्।।

- मनुष्य को चाहिए कि मन के द्वारा विचारे हुए कार्यो को वाणी द्वारा प्रकट न करें अपितु मननपूर्वक उसकी रक्षा करते हुए चुपके – चुपके ही उसे कार्य में परिणित कर दें।

5. शैले – शैले न माणिक्यं मौक्तिकं न गजे गजे।
साधवो न हि सर्वत्र चन्दनं न वने–वने।।

- पर्वत–पर्वत पर माणिक्य नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में, मोती उत्पन्न नहीं होता, सज्जन पुरूष सर्वत्र नहीं मिलते और प्रत्येक वन में चन्दन नहीं होता।

6. माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पठितः।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।

- वे माता–पिता अपनी संतानों के बहुत बड़े शत्रु हैं जिन्होंने अपनी संतानों को उत्तम शिक्षा नहीं दिलवाई क्योंकि वे विद्याहीन संतान विद्वानों की सभा में ऐसे ही तिरस्कृत और कुशोभित होते हैं– जिस प्रकार हंसों के मध्य बगुला।

7. दुर्जनस्य च सर्पस्य वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे पदे।।

- दुर्जन और सर्प इन दोनों में से सर्प अच्छा है लेकिन, दुर्जन अच्छा नहीं है क्योंकि सर्प तो काल आने पर ही काटता है और दुर्जन तो पग–पग पर हानि पहुँचाता है।

श्री सुरेश सिंह



Scanned with CamScanner

# पुराणम्

हिन्दूनां मान्यग्रन्थेषु पुराणमतिविस्तरम्।
धर्मोजनश्रुतिः सृष्टिः तीर्थानि युगदेवते।।
संस्काराः कर्मकाण्डाश्च स्थितः सामाजिकी तथा।
राजवंशावलीत्यादि सुस्पष्टं यत्र वर्णितम्।।
सर्गश्च प्रतिसर्गस्च वंशो मन्वन्तराणि च।
वंशानुचरितं चैव पुराणं पञ्चलक्षणम्।।
मद्वयं भद्वयं चैव बत्रयं वचतुष्टकम्।
अ–ना– पल्लिंग कू–स्कानि पुराणनिप्रचक्षते।।
अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम।
परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्।।

–हिन्दू धर्म का सबसे मानित ग्रन्थ पुराण अतिविस्तरित है इसमें धार्मिक तथ्यों के अलावा सृष्टि उत्पति और प्रमुख तीर्थो का वर्णन है।

–संस्कार , कर्मकाण्ड, समाज , राजवंश का भी स्पष्ट उल्लेख है। सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश परम्परा, वंश अनुसार चरित्र और मन्वन्तर ये इसके पाँच लक्षण है।

–मत्स्य, मार्कण्डेय, भविष्य, भागवत, ब्रह्म, ब्रह्माण्ड, ब्रह्मवैवर्त, वामन, वायु, विष्णु, वाराह, अग्नि, नारद, पदम् , लिंगापुराण, गरूड़, कूर्म, स्कन्दपुराण– ये अठारह पुराण है। जो वेद व्यास की रचना मानव जगत के ऊपर परोपकार के लिए रचित है।

प्रो0 विवेकानंद पाण्डेय
(व्याख्याता)



Scanned with CamScanner

# कविता

कर्मों में अधिकार तेरा
मत चिंता कर क्या फल मिलता है
फल जैसा भी हो, तुझको तो कर्म निरंतर ही करना है।
अनचाहा या मनचाहा
जैसा हो परिणाम धनंजय
अनासक्त सम बुद्धियुक्त तू
नित्य किये जा काम धनंजय
फल पाने की ईच्छा से,
जो किया कर्म तो वह खोटा है।
कर्मयोग का शरणागत हो
फल का इच्छुक तो रोता है।
सम बुद्धियुक्त जो किया कर्म
पर नहीं फलों की अभिलाषा है
पूर्ण कुशलता से करना हर कर्म, योग की परिभाषा है।

टुकलाल साव
क्रमांक – 534

# माँ

माँ की एक दुआ आपकी जिदंगी बना देगी
खुद रोयेगी पर वह आपको हँसा देगी
कभी भूल कर भी माँ को मत रूलाना
एक छोटी सी बूँद भी पूरी धरती हिला देगी।

माँ के बिना जिंदगी विरान होती है।
तन्हा सफर में हर राह सुनसान होती है।
जिंदगी में माँ का होना जरूरी है।
माँ की दुआ से ही हर मुश्किल आसान होती है।

माँ तो जन्नत का फूल है।
प्यार करना उसका उसूल है।
दुनिया की मोहब्बत फिजूल है।
माँ की हर दुआ कबूल है।
माँ को नाराज करना इंसान तेरी भूल है।

सतीश प्रसाद केसरी
क्रमांक – 531

# स्वास्थ्य रक्षक स्वर्णिम सूत्र

- रात्रि को जल्दी सोना और प्रातः जल्दी (सूर्योदय से पहले) जागना स्वास्थ्य के लिए उत्तम है।
- स्वास्थ्य का अर्थ केवल शरीर का स्वस्थ होना नहीं अपितु मन और मस्तिष्क का प्रसन्न रहना भी है।
- प्रातः काल उठने के बाद (10 – 15 मिनट) ईष्टदेव का ध्यान मानसिक शान्ति को बनाये रखता है।
- स्वस्थ रहने और रोगों से बचने के लिए सदा पौष्टिक (हितकारी) भोजन करना चाहिए, पौष्टिक भोजन का सेवन करने वाले व्यक्ति को औषधि की आवश्यकता नहीं रहती है।
- भोजन करते समय मन पूर्णतः शांत और प्रसन्न रहना चाहिए।
- भोजन सदा समय पर करना चाहिए। पहले खाये हुए भोजन के पाचन हुए बिना भोजन कर लेना स्वास्थ्य के लिए घातक है।
- रात्रि के समय दही का सेवन करना और दिन के समय सोना (ग्रीष्म ऋतु को छोड़कर) स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
- व्यायाम करना शरीर के लिए लाभदायक है परन्तु अपनी शारीरिक शक्ति से अधिक व्यायाम या श्रम करना बहुत हानिकारक है।
- आवश्यक से अधिक मोटापा और पतलापन दोनों हानिकारक है परन्तु मोटापा अधिक हानिकारक और अधिक रोगों की जड़ है, अतः इससे सावधान रहें।
- रोगों को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए। ध्यान न देने पर सामान्य रोग भी भयंकर रूप धारण कर सकता है।

रवि कुमार
क्रमांक – 552



Scanned with CamScanner

# मोहभंग-कोख में दो रंग

डाउटर हो या सन
इतना मूर्ख मत बन।

सुनिये एक कहानी सच्ची
बात नहीं है झूठी कच्ची।
धनु और धानी के थे दो संतान
बड़ा था उगना छोटी थी डुबनी।
माँ– बाप के छाये में दोनों पले–पढ़े।
ओह अग्रज अनुजा ना संग– संग पढ़े।
एक दुलरूआ तो दूसरी लक्ष्मी धन
इतना मूर्ख मत बन
डाउटर हो या सन ।

माता – पिता हर रोज बढ़कर
उगना को स्कूल भेजते गढ़कर
बेचारी डुबनी क्या करती पढ़कर
घर के ढ़ेरों कामों में पड़कर
डुबनी को न थे स्कूल के अवसर
फिर भी थोड़ी रात में जगकर
पास कर गई सारी कक्षाएँ दनादन
इतना मूर्ख मत बन
डाउटर हो या सन ।
लेकिन है यह बात अंदर की ।

जुआ, नशा में मन लगे बंदर की।
काम करते – करते डुबनी पढ़ी।
मैट्रिक में उगना फेल , डुबनी आगे बढ़ी।
लगन मेहनत और श्रद्धा से आगे चढ़ी।
उगना कामचोर पढ़ने में न लगाये मन
डाउटर हो या सन
इतना मूर्ख मत बन।

एक ही साल दोनों की हुई शादी
तब से उगना की शुरू हुई बर्बादी
कुसंगत और कुचाल में
सफल हो जाता हर हाल में
फँस गया बेचारा जंजाल में
क्योंकि दारू पीता ताल–बेताल में
असमय समा गया काल के गाल में
छोड़ गया परिवार को असीम बेहाल में
व्यथा समाहित वहाँ का हर जन
इतना मूर्ख मत बन
डाउटर हो या सन ।

डुबनी अपने ससुराल में
नहीं फँसी कभी जंजाल में
अपने मृदुल कोमल संभाषण से
ही केवल नहीं बल्कि
विलक्षण स्पष्ट विचारशीलता को देखकर
और उसके अदम्य कार्यकुशलता को परखकर

सबने सराहा , हिम्मत बढ़ाई..........
आगे की जारी रखो पढ़ाई
माँ –बाप को अपन पास ले आई

कालक्रम में वह बिटिया
बन उभरी सशक्त डिबिया (शिक्षिका)
फूले नहीं समाते उसके तन
इतना मूर्ख मत बन
डाउटर हो या सन ।

एक हाथ से नहीं घुमता कुम्हार का भी चक्का
कच्ची मिट्टी से निर्माण हेतु
(लगाना) होगा दोनों हाथ पक्का।
संस्कार हो संस्कृति हो
लज्जा भाव हो, पर ना हो हक्का – बक्का
आदर्श हमारी नारी – दम्यन्ति, सीता , सावित्री
निश्चित हो नहीं लगेगा धक्का
कुतर कर अपने एक पंख को
प्रगति नहीं ला सकते भरपूर।
सुनहरे हैं , चंचल पंख हैं उनके
सपने न होने दे चूर।
नार्यस्तु यत्र पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता
यही हमारी शाश्वत सुर



Scanned with CamScanner

आधुनिकता के आड़ में अश्लीलता के सघन झाड़ में
भारतीयता से ना हो कभी दूर।
तलवार है धार है, म्यान में इसे रखें,
(यह) कामना है मेरी विलक्षण।
दोनों को समझें अपना जीवन धन
डाउटर हो या सन
इतना मूर्ख मत बन।



## दंगाईयों के रामबाण–दंग है दंगाई भाई

हर तरफ आग है
फन उठाये नाग है
दंगों की लपेटों में
अमन का ये बाग है।
कौन जला अभी–अभी ?
राख का सुराग है।
अभी हथेली पर दिवाली का दाग है।
तानसेन के देश में क्या उल्लुओं का राज है ?
आग का जो धर्म है
धर्म का जो मर्म है
इसे नहीं वे जानते
खुद को नहीं पहचानते ?
धर्म के नाम पर मार – काट ही,
देशद्रोहियों का एक विभाग है
तानसेन के देश में क्या उल्लुओं का राज है ?
धर्म क्या विवाद है !
माँ भारती के जन–जन में
अभी भी दिल दिमाग है।
सोमनाथ की चट्टानी नींव
नहीं समुद्री झाग है।
विवेकानंद के इस देश में,
बुझता नहीं चिराग है।
हिन्दु मुस्लिम सिख ईसाई,
मूल सत्य का एक ही भाग है।
हो नाम अनेक धर्म एक है,
यही आर्यावर्त का सुहाग है।

जयप्रकाश मेहता
क्रमांक –581



Scanned with CamScanner

## भगवान के डाकिए

पक्षी और बादल ये भगवान के डाकिए हैं
जो एक महादेश से दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं।
मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते हैं।

हम तो केवल आँकते हैं
कि एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है।
और यह सौरभ हवा में तैरते हुए
पंक्षियों की पाँखों पर गिरता है।
और एक देश का भाप दूसरे देश में पानी बनकर गिरता है।

अभिषेक कुमार
क्रमांक – 526

## चिठ्ठियाँ

लेटरबॉक्स में पड़ी हुई चिठ्ठियाँ
अनंत सुख–दुख वाली चिठ्ठियाँ, लेकिन कोई किसी से नहीं बोलती ,
सभी अकेले– अकेले
अपनी मंजिल पर पहुँचने का इंतजार करती हैं
कैसा है यह एक साथ होना , दूसरे के साथ हँसना न रोना क्या हम भी , लेटरबॉक्स की चिठ्ठियाँ हो गए हैं।

रामदेव गोस्वामी

## हमारा भारत GREAT बन गया

बीड़ी अब
Cigarette बन गयी ,
चटाई
Carpet बन गयी ,
मुक्केबाजी
Boxing बन गयी ,
कुश्ती हमारी
Wrestling बन गयी ,
गिल्ली डंडा
Cricket बन गया ,
हमारा भारत
Great बन गया ,
गाय हमारी
Cow बन गयी ,
शर्म हया अब
Wow बन गयी ,

काढ़ा हमारा
Chai बन गया ,
छोरा बेचारा
Guy बन गया ,
कठपुतली अब
Puppet बन गया ,
.............हमारा भारत
Great बन गया ,
हल्दी अब
Turmeric बन गयी ,
ग्वारपाठा अब
Aloevera बन गया ,
योग हमारा
Yoga बन गया ,
घर का जोगी
Joga बन गया ,



Scanned with CamScanner

भोजन 100 रू0
Plate बन गया ,
घर की दीवारें
Wall बन गयी ,
दुकानें
Shopping Mall बन गयी ,
गली मोहल्ला
Ward बन गया ,
ऊपर वाला
Lord बन गया ,
रक्षा कवच
Helmet बन गया ,
हमारा भारत
Great बन गया ,
माँ हमारी
Mom बन गयी ,
हमारा भारत
Great बन गया ,
छोरियाँ
Item Bomb बन गयी ,
पिताजी अब
Dad बन गये ,
घर के मालिक
Head बन गये,
हमारा भारत
Great बन गया ,
तुलसी की जगह
Money Plant ने ले ली ,
चाची की जगह Aunty ने ले ली ,
पिताजी अब डेड हो गये..........!
भाई तो अब ब्रो हो गये ,
बिचारी बहन भी अब सिस हो गयी...........!

दादी की लोरी अब
टांय– टांय फिस्स हो गयी ,
टीवी के सास–बहू में भी
अब साँप– नेवले का रिश्ता है.....!
पता नहीं एकता कपूर
औरत है या फरिश्ता है......!!!
जीती – जागती माँ अब
बच्चों के लिए ममी हो गयी......!!
रोटी अब अच्छी कैसे लगे
Maggi जो इतनी यमी हो गयी.....!
गाय का आशियाना अब
शहरों की सड़कों पर बचा है।
विदेशी कुत्ते ने लोगों के
कंधे पर बैठकर इतिहास रचा है........!!
बहुत दु:खी हूँ यह सब देखकर
दिल टूट रहा है................
हमारे द्वारा ही हमारी भारतीय सभ्यता का साथ छूट रहा है
एक Message भारतीय सभ्यता के नाम ।

प्रियंका कुमारी
रौल न0–430



# बनारस

इस शहर में बसंत
अचानक आता है
और जब आता है तो मैंने देखा है
लहराया या मडुवाडीह की तरफ से
उठता है धूल का एक बंवडर
और इस महान पुराने शहर की जीभ
किरकिराने लगती है।
जो है वह सुगबुगाता है
जो नहीं है वो फेंकने लगता हैं पचजियाँ
आदमी दशाश्वमेध पर जाता है
और पाता है घाट का आखिरी पत्थर
कुछ और मुलायम हो गया है
सीढ़ियों पर बैठे बंदरों की आँखों में
एक अजीब सी नमी है
और एक अजीब सी चमक से भर उठा है
भिखारियों के कटोरों का निचाट खालीपन।
तुमने कभी देखा है
खाली कटोरों में बसंत का उतरना
यह शहर इसी तरह खुलता है
इसी तरह भरता
और खाली होता है यह शहर
इसी तरह रोज–रोज एक अनंत शव
ले जाते हैं कंधे
अंधेरी गली से
चमकती हुई गंगा की तरफ
इस शहर में धूल धीरे–धीरे उड़ती है
धीरे– धीरे चलते हैं लोग
शाम धीरे–धीरे होती है।
यह धीरे–धीरे होना
धीरे– धीरे होने की सामूहिक लय
दृढ़ता से बाँधे है समूचे शहर को
इस तरह कि कुछ भी गिरता नहीं है
कि हिलता नहीं है कुछ भी
कि जो चीज जहाँ थी
वही पर रखी हैं गंगा वहीं है
कि वहीं पर बँधी है नाव
कि वहीं पर रखी है तुलसीदास की
खड़ाऊ सैकड़ों बरस से
कभी सुई –साँझ बिना किसी सूचना के
घुस जाओ इस शहर में
कभी आरती के आलोक में इसे अचानक
देखो अद्‌भुत है इसकी बनावट
यह आधा जल में ही
आधा मंत्र में आधा फूल में ही
आधा शव में, आधा नींद में है
आधा शंख में, अगर ध्यान से देखो तो
यह आधा है और आधा नहीं भी है।
(लंबी कविता का अंश)

शायरा प्रवीण
क्रमांक–565

## क्या हैं बेटियाँ

बेटा वारिस है तो बेटी पारस है
बेटा वंश है तो बेटी अंश है।
बेटा आन है तो बेटी शान है
बेटा तन है तो बेटी मन है।
बेटा मान है बेटी गुमान है
बेटा संस्कार है तो बेटी संस्कृति है ।
बेटा राग है तो बेटी बाग है
बेटा दवा है तो बेटी दुआ है।
बेटा भाग्य है तो बेटी विधाता है
बेटा शब्द है तो बेटी अर्थ है।
बेटा गीत है तो बेटी संगीत है
बेटा प्रेम है तो बेटी पूजा है।

सोहन कुमार चंद्रा
क्रमांक–547



Scanned with CamScanner

## बेटियाँ बोझ नहीं हैं



शाम हो गई अभी तो, घूमने चलो न पापा
चलते–चलते थक गई, कंधे पर बिठा लो न पापा।
अंधेरे से डर लगता, सीने से लगा लो न पापा
मम्मी तो सो गई, आप ही थपकी देकर सुलाओ न पापा।
स्कूल तो पूरी हो गयी, अब कॉलेज जाने दो न पापा
पाल पोस कर बड़ा किया, अब जुदा तो मत करो न पापा।
अब डोली में बिठा ही दिया, तो आँसू तो मत बहाओ न पापा
आपकी मुस्कराहट अच्छी है, एक बार मुस्कुराओ न पापा।
आपने मेरी हर बात मानी, एक बात और मान जाओ न पापा
इस धरती पर बोझ नहीं मैं, दुनियां को समझाओ न पापा।

सोहन कुमार चंद्रा
क्रमांक–547

## महिलाओं पर अत्याचार

एक समय देवी नारी थी, होता था हर्ष अपार
लेते जन्म कहा जाता था, बेटी लक्ष्मी का अवतार ।
ना जाने अब क्यों लोगों के, मन में आया बुरा विचार
क्यों नहीं सुनकर बहता आँसू , महिलाओं पर अत्याचार ,
जबकि कम नहीं मर्दो से, महिलाएँ हर मोड़ पर
थोड़ा मौका मिला तो पहुँची चँद्रमा के छोर पर।
उठाली बंदूकें मर्दो संग, चलती कंटीली राहों में
हर क्षेत्र में घूम रही है, बाहें मिलाकर बाहों में।
फिर भी तनिक दया न आती, कैसा निर्मोही संसार
क्यों नहीं सुनकर बहता आँसू, महिलाओं पर अत्याचार ,
कुछ भी भ्रूण हत्या होती, कुछ की हत्या शादी के बाद
कुछ की बेच दिया जाता, रो– रो करती शोषण का फरियाद।
इज्जत लूट भी कम नहीं होती, कोई आशिकीपन का शिकार,
डायन बताकर किसी–किसी से, किया जाता है दुर्व्यवहार।
क्या यही है प्रेम कहानी, होना चाहिए दर्द अपार
क्यों नहीं सुनकर बहता आँसू, महिलाओं पर अत्याचार ।

खुशबू कुमारी सिन्हा
क्रमांक–554



Scanned with CamScanner

# Google और आपकी सोच

आपका दिमाग Google की तरह काम करता है या कहें कि Google आपके दिमाग की तरह काम करता है। खैर जो भी हो, वे Important नहीं है, Important ये है कि हम अपने दिमाग की Processing को समझें और उसे अपने Favour में नेम करें। अगर आप internet नेम करते हैं तो मैं 99.99% Confidence के साथ कह सकता हूँ कि आप Google नेम भी करते होंगे।

हम Google नेम क्यों करते हैं ?

अपने मतलब की चीज Internet पर खोजने के लिए!

हम Google कैसे नेम करते हैं?

हमें जो खोजना होता है उसके instruction Google को देते है और वो हमारे सामने उससे related results display कर देते हैं।

यानि हमारा output हमारे input पर depend करता है!

अब Google में type कीजिये "why India is good" result पर ध्यान दीजिये पुनः type कीजिये "why India is bad" result देखिये। आपने देखा होगा कि आपने जो search किया वही आपको मिला होगा। अब आप आँख बंद कीजिये और अपने Mind से पूछिये "why India is good" Mind में जो Picture आ रहा है उस पर ध्यान दीजिये वाह क्या दिखा...................... Culture...... Temple..... Bollywood.... मौसम, नेचुरल ब्युटी, सचिन तेंदुलकर........................ पुनः एक बार फिर आँखें बंद कीजिये और Mind से पूछिये "why India is bad" क्या दिखा गरीबी, Corruption, Rape, टूटी – फूटी सड़कें, लूटपाट. ............................................. यानि आपने जो सोचा वही मिला But problem ये है कि हमें कमियाँ और बुराईयाँ खोजने की आदत सी पड़ गयी है Even अगर हम ऊपर के Example की बात करें तो बहुत से लोगों (including me) में जब "why India is good" सोचा होगा तो Mind की processing slow रही होगी, थोड़ा जोर लगाना पड़ा होगा कि अच्छा क्या है पर बुराई तुरंत दिखी होगी, ऐसा शायद समाचार पत्र की वजह से है जहाँ हमेशा Negative news को अधिक Coverage दी जाती है But जीम important thing पे कि थोड़ा खोजने पर अच्छाई भी दिख जाती है। जब good सोचेंगे तो Good दिखेगा जब Bad सोचेंगे तो Bad दिखेगा।

हम ये नहीं कहेंगे कि आप बुरी चीज क्यों सोचते हैं अच्छी चीज क्यों नहीं सोचते हैं। आपको खुद ही अलर्ट रहना होगा और जैसा आप चाहते हैं वैसा ही सोचना होगा तो हमें अच्छा खोजने की आदत डालनी होगी, Positive सोचना होगा हर समय............. ..................हर Situation में दिमाग को सही instruction देने होंगे क्योंकि आपका input device ही आपके output को ठीक करता है computer में ही नहीं Life में भी। हम इस पर दिमाग खर्च करेंगे कि सामने वाला अच्छा क्यों है और अच्छा बनने का कोशिश करेंगे और बुरे इंसान और बुरे चीज पर दिमाग खर्च नही करना चाहिए।। believe हम भगवान की बनायी हुई सबसे नायाब Creation हैं, उसने हमें वो सारी खुबियाँ दी हैं जो इस Life को शानदार बनाने के लिए काफी है जो लोग इनका नेम सही ढ़ंग से करते हैं वो महान बन जाते हैं और जो नहीं करते हैं वो आम रह जाते हैं। Let's not become आम Let's become महान

***All the Best !***

केशव कुमार
क्रमांक–434



Scanned with CamScanner

# एक खत प्रकृति के नाम

जीवन में ज्ञान व प्रेरणा कहीं से भी और किसी से भी मिल सकती है । मित्रों आज मैंने एक कविता पढ़ी , पढ़कर लगा कि प्रकृति ऐसे अनंत कारणों से भरी हुई है , जो हमें सिखाती है कि जीवन हर पल आनंद से सराबोर है। नदियों का कल –कल करता संगीत , झूमते गाते पेड़ एवं छोटे–छोटे जीव हमें सिखाते हैं कि जीवन को ऐसे जियो कि जीवन का हर पल खुशियों का सौगात बन जाये।

**मैं आपके साथ भी यह कविता बाँटना चाहूँगा।**

कविता का स्पष्ट अर्थ था कि कितनी आसानी से जीव–जंतुओं ने अपनी अच्छाइयों से जीवन को संवारने का संदेश दिया है। ऐसे कई जीव हैं जो हमें सकारात्मक जीवन की प्रेरणा देते हैं। कुनबे के साथ रहने वाली चींटी, संघर्ष और मेहनत का सजीव उदाहरण है। डॉ0 हरिवंश राय बच्चन ने अपनी कविता के माध्यम से कहा है कि "हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती हैं।"

चीटियाँ सिखाती है कि स्वयं पर भरोसा रखें। दस में से नौ बार असफल होने के बाद भी हारने के बजाय दोगुने परिश्रम से प्रयास करना ही जीत है। बिना किसी खौफ और रूकावट के आसमान की ऊँचाइयों को छूते बाज के हौसले हमें सिखाते हैं कि राह में आने वाली अड़चनों को नये अनुभवों का आधार माने ।ऊँची सोच रखें, सारा आकाश आपका है।

आत्मसम्मान के साथ जीने का साहस पपीहा एवं राजहंस से सीखा जा सकता है। आत्मविश्वास से लबरेज ये जीव, परिस्थितियों से जूझने व आगे बढ़ने की शिक्षा देते हैं। सर्वदा सत्य है कि उत्साह समस्त प्रगति का स्त्रोत है। इनका जीवन हमें संदेश देता है कि उत्साह है तो हम कुछ भी कर सकते हैं। उत्साह है तो सफलता है।मैं एक छोटी –सी कहानी के माध्यम से इसे स्पष्ट करना चाहता हूँ।

कुछ समय पहले की घटना है। ब्रिटेन में एक बच्चा फिनले, मस्तिक घात का शिकार हो गया था। डॉ0 के अनुसार ताउम्र वह अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सकता था। एक दिन उसकी माँ उसके लिए बत्तख का बच्चा ले आयी लेकिन संयोगवश उसके पैरों में कुछ दिक्कत थी ।बत्तख को पशु चिकित्सक को दिखाया गया। चिकित्सक ने हड्डी जोड़ने के लिए बत्तख के पैर में लकड़ी का एक टुकड़ा बाँध दिया। फिनले और बत्तख की दोस्ती हो गयी। फिनले बत्तख की चाल को बड़े गौर से देखता और उसकी नकल कर चलने की कोशिश भी करता। परिणाम यह हुआ कि बच्चा चलने लगा।

मित्रों, ऐसी अनगिनत कहानियाँ हैं, जिनमें छोटे–छोटे जीव–जंतुओं ने इंसान की जिदंगी को अपनी अच्छाइयों से खुशनुमा बना दिया है ।मित्रों यदि हमें जीवन की सफलता में स्वर्णिम सोपानों पर चढ़ना है तो प्रकृति की सभी रचना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखना चाहिए, क्योंकि ऐसा कोई अक्षर नहीं है, जो मंत्र न हो, ऐसा कोई पौधा नहीं जो औषधि न हो, **ऐसा कोई जीव नहीं है जो जीवन की सच्चाईयों से हमें रूबरू न कराता हो।**

प्रकृति के कण–कण जिदंगी को खुशनुमा एवं आनंदमय बना सकते है।

महेश कुमार यादव
क्रमांक–541

## " क्यूट दादागिरी"

एक छोटा–सा बच्चा रात में बोला प्लीज भगवान आप मुझे एक साइकिल दे दो। मेरे सारे फ्रेंडस के पास साइकिल है। और वह सो गया। अगले दिन वह उठा तो उसे साइकिल नहीं मिला, उसे गुस्सा आ गया। तब उसने गणेश जी की छोटी मूर्ति उठाई और शंकर भगवान से बोला अगर बच्चा चाहिए तो शाम को 4 बजे साइकिल लेकर मंदिर के पीछे आ जाना।



Scanned with CamScanner

# समय का सदुपयोग

जीवन का महल समय की घंटे –मिनटों की ईटों से चिना गया है, यदि हमें जीवन से प्रेम है तो यही उचित है कि समय को व्यर्थ नष्ट न करें। मरते समय एक विचारशील व्यक्ति ने अपने जीवन के व्यर्थ ही चले जाने पर अफसोस प्रकट करते हुए कहा था कि – मैंने समय को नष्ट किया , अब समय मुझे नष्ट कर रहा है ।

खोई दौलत फिर कमाई जा सकती है। भुली हुई विद्या फिर याद की जा सकती है। खोया स्वास्थ्य चिकित्सा द्वारा लौटाया जा सकता है, पर खोया हुआ समय किसी भी प्रकार नहीं लौट सकता, उसके लिए केवल पश्चाताप ही शेष रह जाता है।

जिस प्रकार धन के बदले में अभिष्ठित वस्तुएँ खरीदी जा सकती है, उसी प्रकार समय के बदले भी विद्या, बुद्धि, लक्ष्मी, कीर्ति, आरोग्य, सुख–शांति, मुक्ति आदि जो भी वस्तु रूचिकर हो खरीदी जा सकती है। ईश्वर ने समय रूपी प्रचुर धन देकर मनुष्य को पृथ्वी पर भेजा है और निर्देश दिया है कि इसके बदले में संसार की जो वस्तु रूचिकर समझें खरीद लें।

किन्तु कितने व्यक्ति हैं जो समय का मूल्य समझते हैं और उसका सदुपयोग करते हैं ?

अधिकांश लोग आलस्य और प्रमाद में पड़े हुए जीवन के बहुमूल्य क्षणों को यों ही बर्बाद करते रहते हैं। एक –एक दिन करके सारी आयु व्यतीत हो जाती है और अंतिम समय वे देखते हैं कि उन्होंने कुछ प्राप्त नहीं किया, जिंदगी के दिन यों ही बिता दिये। इसके विपरीत जो मानते हैं कि समय का नाम ही जीवन है, वे एक –एक क्षण कीमती मोती की तरह खर्च करते हैं और इसके बदले में बहुत कुछ प्राप्त कर लेते हैं। हर बुद्धिमान व्यक्ति ने बुद्धिमत्ता का सबसे बड़ा परिचय यही दिया है कि उसने जीवन के क्षणों को व्यर्थ बर्बाद नहीं होने दिया। अपने समझ के अनुसार जो अच्छे से अच्छा उपयोग हो सकता था उसी में उसने समय को लगाया। उसका यही कार्यक्रम अंततः उसे इस स्थिति तक पहुँचा सका , जिस पर उसकी आत्मा संतोष का अनुभव करे।

प्रतिदिन एक घंटा यदि मनुष्य नित्य सदुपयोग में लगाया करे तो उतने छोटे समय से भी वह कुछ ही दिनों में बड़े महत्वपूर्ण कार्य कर सकता है। एक घंटे में चालीस पाठ पढ़ने से महीने में बारह सौ पाठ और साल में करीब पंद्रह हजार पाठ पढ़े जा सकते हैं। इतने पाठों में कई सौ ग्रंथ हो सकते हैं। यदि वो एक ही किसी विषय के हो तो वह व्यक्ति उस विषय का विशेषज्ञ बन सकता है। एक घंटा यदि कोई व्यक्ति विदेशी भाषा सीखने में लगाये तो वह मनुष्य निःसंदेह तीन वर्ष में इस संसार की सब भाषाओं का ज्ञाता बन सकता है। एक घंटा प्रतिदिन व्यायाम में कोई व्यक्ति लगाया करे तो अपने आयु को वह पंद्रह वर्ष बढ़ा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के प्रख्यात गणित आचार्य चार्ल्स फास्ट ने प्रतिदिन एक घंटा गणित सीखने का नियम बनाया था और उस नियम पर अंत तक डटे रहकर ही इतनी प्रवीणता प्राप्त की। ईश्वरचंद विद्यासागर समय के बड़े पाबंद थे, जब वे कॉलेज जाते, तो रास्ते के दुकानदार अपनी घड़ियाँ उन्हें देखकर ठीक करते थे। वे जानते थे कि विद्यासागर कभी एक मिनट भी आगे–पीछे नहीं चलते।

एक विद्वान ने अपने दरवाजे पर लिख रखा था, कृपया बेकार मत बैठिये यहाँ पधारने की कृपा की है तो मेरे काम में कुछ मदद कीजिये। साधारण मनुष्य जिस समय को बेकार की बातों में खर्च करते रहते हैं , उसे विवेकशील लोग अपने कामों में लगाते हैं। यही आदत है कि सामान्य श्रेणी के लोगों को भी सफलता के उच्च शिखर पर पहुँचा देती है। मोजार्ट ने हर घड़ी उपयोगी कार्य में लगे रहना अपने जीवन का आदर्श बना लिया था, वह मृत्यु शैय्या पर पड़े रहकर भी कुछ करता रहा। रैक्यूम नामक प्रसिद्ध ग्रंथ उसने मौत से लड़ते –लड़ते पूरा किया।

इस प्रकार अनेक उदाहरण हमें अपने चारों ओर बिखरे हुए मिल सकते हैं। हर उन्नतिशील और बुद्धिमान मनुष्य की मूलभूत विशेषताओं में एक विशेषता अवश्य मिलेगी – समय का सदुपयोग। जिसने इस तथ्य को समझा और कार्य में उतारा, उसने ही यहाँ आकर कुछ प्राप्त किया है अन्यथा तुच्छ कार्यो में आलस्य और उपेक्षा के साथ दिन काटने वाले लोग किसी प्रकार सांसे तो पूरी कर लेते हैं, पर उस लाभ से वंचित रह जाते हैं जो मानव जैसी बहुमूल्य वस्तु प्राप्त होने पर उपलब्ध होनी चाहिए या हो सकती थीं।

उमेश प्रसाद यादव
क्रमांक–514



Scanned with CamScanner

# गाँवों से पलायन

भारत गाँवों का देश है यह बिल्कुल सच साबित है, क्योंकि भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी गाँवों में निवास करती है लेकिन इस 65 प्रतिशत जनता का हाल क्या है यह छिपी हुई नहीं है। आज इन ग्रामीण समाजों में बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है इस बेरोजगारी के कारण भारत में गाँवों से नगरों की ओर पलायन की प्रवृत्ति बढ़ी है। इस पलायनवादी प्रवृत्ति के चलते कई तरह की समस्याएँ पैदा हो रही हैं। एक तरफ शहरों में पलायन से कई अराजकताओं का लगातार विस्तार हो रहा है जिसमें सामाजिक अपराध, प्रदूषण, और यातायात की समस्या आम है तो दूसरी तरफ गाँवों में भी पलायन से कई सामाजिक समस्याएँ पैदा हो रही है जिसमें सामाजिक सौहार्द में कमी और सामाजिक मान्यताओं और परम्पराओं के विघटन की समस्या प्रमुख है , ऐसे में ग्रामीण पलायन रोकने की दिशा में सार्थक प्रयास जरूरी है।

वैसे गाँवों से शहरों की ओर पलायन का सिलसिला कोई नया मसला नहीं है। गाँवों में कृषि के लिए भूमि के लगातार कम होते जाने, आबादी बढ़ने और प्राकृतिक आपदाओं के चलते रोजी–रोटी की तलाश में ग्रामीणों को शहरों– कस्बों की ओर मुँह करना पड़ा। गाँवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी भी पलायन का दूसरा बड़ा कारण है , साथ ही गाँवों में भेदभाव सामाजिक व्यवस्था के चलते शोषण और उत्पीड़न से तंग आकर भी बहुत से लोग शहरों का रूख कर लेते हैं। इसमें सबसे प्रमुख कारण है अशिक्षा और बेरोजगारी। गाँवों में शिक्षा का संस्थागत ढ़ाँचा नहीं रहने के कारण ग्रामीण शिक्षित नहीं हो पाते हैं। अशिक्षा उन्हें मजदूरी व अन्य काम करने को विवश करती है। ग्रामीण अच्छे–बुरे को नहीं समझ पाते, उन्हें अपने पेट भरने के लिए काम करने की दरकार होती है। ऐसे में गाँवों के गरीब परिवारों को मजदूरी करनी पड़ती है। गाँवों के नजदीक मजदूरी नहीं मिलने के कारण वे महानगरों व बड़े शहरों में पलायन करते हैं। इसके अलावे शिक्षित ग्रामीणों को भी नौकरी नहीं मिल पाती है। उन्हें भी नौकरी के कारण बाहर शहरों में पलायन करना होता है। सरकार द्वारा भी स्थानीय स्तर पर नौकरी की सुविधाएँ मुहैया नहीं करायी जाती है इस कारण भी गाँव से लोग महानगरों की ओर पलायन को विवश हो जाते हैं।

पलायन को रोकने के लिए सरकार एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रचार–प्रसार करने की जरूरत है, बिहार, झारखंड, ओड़िसा, छत्तीसगढ़ सहित उग्रवाद प्रभावित राज्यों के सुदूरवर्ती गाँवों मे विकास योजनाओं में काम नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को काम नहीं मिल पाता। सरकार को इन क्षेत्रों में गति प्रदान करने की आवश्यकता है। इसके अलावे सरकार सुदूरवर्ती गाँवों में पलायन के दुष्प्रभावों के बारे में बताएँ। सरकारी एजेंसियाँ पलायन कर गए लोगों की कहानियाँ नुक्कड़–नाटक के माध्यम से बताने की कोशिश करे। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रंगमंच, नुक्कड़–नाटक को देखना पंसद करते हैं। छोटे शहरों में होर्डिंग्स व पोस्टरों के माध्यम के जरिये भी प्रचार– प्रसार करे। जिन सुदूरवर्ती गाँवों में युवतियों का पलायन होता है, उन क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाए सरकार व गैर स्वयंसेवी संस्थाएँ इन क्षेत्रों में जाकर शिक्षा का प्रचार–प्रसार करे। लोग अगर शिक्षित होंगे, तो पलायन की समस्याओं को भी समझ सकेंगे। सरकार इन क्षेत्रों में प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च व तकनीकी एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान कराए। उन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रशिक्षण दे, जिससे वे रोजगार से जुड़ सकें और अपनी आमदनी बढ़ा सके। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गाँधी ने एक बार कहा था कि "हमारी योजनाओं का केवल 15 प्रतिशत धन ही आम आदमी तक पहुँच पाता है। देश के किसी गाँव में दिल्ली से भेजा गया एक रूपया वहाँ पहुँचते –पहुँचते 15 पैसा हो जाता है।" यह ऐसा क्यों होता है? वह शेष 75 पैसे कहाँ चले जाते हैं? इसका एक ही जवाब है कि वह राशि भ्रष्टाचार रूपी मशीनरी द्वारा हजम कर ली जाती हैं।

निष्कर्षत: आजादी के बाद पंचायती राज व्यवस्था में सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 73वें संविधान संशोधन के जरिये पंचायती राज संस्थाओं को अधिक



Scanned with CamScanner

मजबूत तथा अधिकार संपन्न बनाया गया है ताकि ग्रामीण संरचना को मजबूत बनाया जा सके । संक्षेप में ग्रामीण पलायन रोकने के लिए सामाजिक न्याय पर आधारित समाज की स्थापना करना अति आवश्यक है। सर्वप्रथम गाँवों में रोजगार के अवसर निरंतरता के साथ उपलब्ध कराये जाये, जिससे लोगों को आर्थिक सुरक्षा तो मिलेगी, साथ ही वे स्वतः अपनी जीवन शैली में सुधार करेंगे। मनरेगा भारत निर्माण कार्यक्रम और स्वयं सहायता समूहों के जरिए , इस दिशा में जो प्रयास हो रहे हैं उन्हें और तेज करने की जरूरत है तथा साथ ही कल्याणकारी योजनाएँ भ्रष्ट व्यक्तियों द्वारा हथिया न ली जाय, इस पर भी कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है तभी वस्तुतः ग्रामीण पलायन रूकने की संभावना है।

विवेक कुमार
क्रमांक–517

---

# माँ

माँ एक दुआ है, जो सदा सर पर रहती है।
माँ एक नग्मा है, जिसकी गूँज
जिंदगी का एहसास दिलाती है।
माँ एक साया है, जो अंधेरे में,
रोशनी का एहसास दिलाती है।
माँ एक निधि है, जिसको गँवाने से
दुबारा हासिल नहीं की जा सकती है।
माँ और फूल में मुझे कोई फर्क
नजर नहीं आता
माँ का प्यार किसी को बताने या सिखाने का नहीं है।
माँ का आँचल जन्नत के दरख्त का साया है।
माँ आसमान का खूबसूरत और बेहतरीन तोहफा है।
सख्त से सख्त दिल को, माँ की पुरनम
आँखों से मोम किया जा सकता है।
माँ के बगैर घर कब्रिस्तान लगता है।
इस बात से हमेशा बचना कि
माँ नफरत करे,
या बद्दुआ के लिए हाथ उठाए
माँ के कदमों तले जन्नत होती है।

निवेदिता
क्रमांक–563

# क्या हम स्वतंत्र है? (व्यंग्य)

आज हर कोई भ्रष्टाचार पर भाषण दे रहा है
हर कोई अपने भ्रष्ट ना होने का आश्वासन दे रहा है......
अपने ख्वाब बेच इंसान सो रहा है...
देखा जाए तो हर कोई रो रहा है...
अमीर कार के लिए रोता है..
तो गरीब घर बार के लिए रोता है..
कोई कैश के लिए जीता है...
तो कोई ऐश के लिए पीता है...
किसी के नाम के घोटाले ही घोटाले हैं तो,
किसी को खाने के लिए लाले हैं...
सच तो कभी नहीं टिकता है
पर झूठ मोतियों के भाव बिकता है।
हर कोई जमाने को बदलना चाहता है...
पर कोई खुद में नहीं झाँकता है...
कहने को देश में गणतंत्र है..
सवाल ये है कि क्या हम स्वतंत्र हैं ?

संयोगिता मिश्रा
क्रमांक–576



Scanned with CamScanner

# माँ और हमारा व्यवहार

जब आँख खुली तो अम्मा के गोदी का एक सहारा था
उसका नन्हा सा आँचल मुझको मुख मंडल से प्यारा था
उसके चेहरे की झलक देख चेहरा फूलों सा खिलता था
उसके अमृत – बूँद से मुझको जीवन मिलता था
हाथों से बालों को नोचा पैरों से खूब प्रहार किया
फिर भी माँ ने पुचकारा हमको जी भर के प्यार किया।
(जारी)

अब्दुल वहाब
क्रमांक–433

# विद्यार्थी जीवन का मूल मंत्र

| | | |
|---|---|---|
| विद्यार्थी जीवन | – | एक तपस्या |
| विद्यार्थी का साथी | – | पुस्तकें |
| विद्यार्थी का काम | – | पढ़ना |
| विद्यार्थी का विश्वास | – | कर्म करना |
| विद्यार्थी का भोजन | – | सात्विक आहार |
| विद्यार्थी का वस्त्र | – | सादगी |
| विद्यार्थी का संतोष | – | ज्ञान प्राप्ति |
| विद्यार्थी का ध्यान | – | एकाग्रता |
| विद्यार्थी उद्देश्य | – | लक्ष्य प्राप्ति |

याशिका प्रिया
क्रमांक–568

# शिक्षा का स्वरूप

शिक्षा व्यापक है,
इसे समझना ही होगा।
शिक्षा एक आधार है,
इस ग्रहण करना ही होगा।
शिक्षा एक दृश्य दर्पण है,
इस दर्पण से स्वच्छ होना ही होगा।
शिक्षा ज्ञान की कलाकृति है,
इसे समाज कल्याण में समर्पित करना ही होगा।
शिक्षा एक मूल्यवान संपत्ति है,
इसे संभाल कर रखना ही होगा।
शिक्षा से ही आपका व्यापक स्वरूप है,
इसे जीवन में अपनाना ही होगा।
शिक्षा नहीं तो आप एक संकुचित रूप हैं,
इसे स्वीकार करना ही होगा।

लखन सिंह
क्रमांक–528

# देश प्रेम

फूलों की क्यारियों से
एक अजीब –सी खुशबू आती है।
त्याग की देवी कस्तुरबा,
अहिंसा के पुजारी बापू की याद दिलाती है।
फूलों की क्यारियों से
एक अजीब –सी खुशबू आती है।
निर्भीक सुभाषचंद्र बोस ,निडर भगत सिंह
की याद दिलाती है।
फूलों की क्यारियों से
एक अजीब –सी खुशबू आती है।
बाल प्रेमी चाचा नेहरू,
लौहपुरूष सरदार पटेल
की याद दिलाती है।
फूलों की क्यारियों से
एक अजीब –सी खुशबू आती है।

सुमित्रा कुमारी
क्रमांक–558



Scanned with CamScanner

## निराशा को हावी न होने दे

एक व्यक्ति अपनी इकलौती बच्ची का बहुत ही लाड़ प्यार से लालन – पालन करता था। बच्ची अब 7–8 साल की हो चुकी थी। वह अपनी बेटी को अपने हाथों से खाना खिलाता, फिर कहीं जाकर खुद भोजन करता। उन्हीं दिनों उनके गाँव में एक महामारी फैली , जिसकी चपेट में उसकी बेटी सुकन्या आ गई। बहुत कोशिश के बाद भी वह बच नहीं पाई।

पिता गहरे शोक में डूब गया उसने अपने रिश्तेदारों व दोस्तों से खुद को दूर कर लिया और खोया –खोया सा रहने लगा। एक दिन अपने बेटी के बारे में सोचते–सोचते उसकी आँख लग गई उसे सपना आया कि वह स्वर्ग में पहुँच गया है। उसने देखा कि वहाँ नन्ही परियों का एक जुलूस निकल रहा है। सभी के हाथों में मोमबत्ती है और वे सभी सफेद ड्रेस में हैं, पर उनमें से एक लड़की की मोमबत्ती बुझी हुई है। उस व्यक्ति ने जब पास जाकर देखा तो वह उसकी बेटी सुकन्या थी। उसने अपनी बेटी को खुब दुलारा और पूछा कि बेटी तुम्हारी मोमबत्ती में रोशनी क्यों नहीं है। सुकन्या बोली, पापा सब मेरी मोमबत्ती कई बार जलाते है, लेकिन आपके आँसुओं से वह हर बार बुझ जाती है। उस व्यक्ति की आँख एकदम खुल गई और उसे सपने का मतलब समझ में आ गया। बस फिर क्या था, उसने पहले की तरह सभी से मिलना–जुलना शुरू कर दिया ताकि उसके आँसुओं से उसकी बेटी की मोमबत्ती कभी न बुझे।

सीखः– जीवन में उतार–चढ़ाव आते रहते हैं पर दुःख तकलीफों के पहाड़ टूटने पर भी हिम्मत से काम लेना चाहिये। अगर कैरियर में सब कुछ ठीक–ठाक चलते–चलते अचानक कुछ बुरा हो भी जाय तो दुःखी होने के बजाय अपने प्रयासों की गति पर ब्रेक न लगने दें।

विजय कुमार
क्रमांक–431

## माँ–बाप ही सच्चे भगवान हैं

एक बालक अपने माँ–बाप की खूब सेवा किया करता था। उसके दोस्त उससे कहते कि अगर इतनी सेवा तुमने भगवान की  की होती तो तुम्हें भगवान मिल जाते लेकिन इन सब चीजों से अन्जान वह अपने माता– पिता की सेवा करता रहा। एक दिन उसके माँ–बाप की सेवा भक्ति से खुश होकर भगवान धरती पर आ गये। उस वक्त वो बालक अपनी माँ के पैर दबा रहा था। भगवान दरवाजे के बाहर से बोले–दरवाजा खोलो बेटा, मैं तुम्हारी माँ–बाप के प्रति भक्ति से प्रसन्न होकर तुम्हें वरदान देने आया हूँ। बालक ने कहा,–इंतजार करो प्रभु मैं माँ की सेवा में लगा हूँ। भगवान बोले– देखो मैं वापस चला जाऊँगा बालक ने कहा – आप जा सकते है। भगवान मैं सेवा बीच में नहीं छोड़ सकता। कुछ देर बाद उसने दरवाजा खोला तो क्या देखता है, भगवान बाहर खड़े थे। भगवान बोले– लोग मुझे पाने के लिए कठोर तपस्या करते हैं पर तुमने मुझसे प्रतीक्षा करवाई । बालक ने जवाब दिया– भगवान जिस माँ–बाप की सेवा ने आपको मेरे पास आने को मजबूर कर दिया, उन माँ–बाप की सेवा बीच में छोड़कर मैं दरवाजा खोलकर कैसे आता।

**यही इस जिन्दगी का सार है। जो माँ–बाप हमें यह जीवन देते हैं, अपना पेट काटकर बच्चों के लिए अपने भविष्य का भी परवाह नहीं करते हैं तो हमारा भी यह फर्ज बनता है  कि हम कभी उन्हें दुःख न दें,उनकी आँखों में कभी आँसू न आने दें, चाहे परिस्थिति जो भी हो आप भी ऐसा करने का प्रयत्न कीजियेगा।**

प्रकाश प्रसाद केसरी
क्रमांक–532



Scanned with CamScanner

# झारखण्ड राज्य है, सुहावन

झारखंड राज्य है, सुहावन पावन मोर
भारत के देशवा में।
इहवाँ के माटी में संपदा अपार है।
तांबा, लोहा, कोयला के भरमार है।
अबरख रहे मनभावन पावन मोर भारत के देशवा में...
एशिया में लोहा के बड़ा कारखाना ।
टाटा जमशेदपुर हटिया को माना।
दामोदर की घाटी लुभावन पावन मोर भारत के देशवा में....
बाबा बैजू देवघर के निवासी।
इनके दर्शन से कटे यम के फाँसी।
जाई काँकरिया माह सावन पावन मोर भारत के देशवा में...
शोभा जंगल की है सबसे निराली।
कितनो सुन्दरता सजाये वनमाली।
विविध दूमन मोह भावन पावन मोर भारत के देशवा में...
नदी नाला झरना जल पावना उइवाँ
शोभे पहाड़ी पारसनाथ उहवाँ।
झारखण्डी नहीं ये झारखण्ड हैं पूजावन मोर भारत देशवा में...
सोने या चमवेश राज्य से उभारा ।
स्वर्ग बन जायेगा राज्य में उभारा।
करे हम उसका गुणगावन पावन मोर भारत के देशवा में ....

सुभाष कुमार यादव
क्रमांक–540




# चुटकुले

- डॉक्टर :– मुझे बहुत दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि आपकी बीबी दो दिन की मेहमान है।
  व्यक्ति :– कोई बात नहीं डॉक्टर साहब , इसमें दु:खी होने की कोई बात नहीं । जब बीस साल निकल गये तो दो दिन भी निकल ही जायेंगे।

- पत्नी ने पति से पूछा :– सुनिए आपको मुझमें सबसे अच्छा क्या लगता है ?
  मरीज :– चश्मे के साथ 75 किलो।
  डॉक्टर :– बिना चश्मे के?
  मरीज :– वह तो दिखता ही नहीं।

- मुन्ना भाई :– यार सर्किट , जरा भाग कर बाजू वाले घर से डॉक्टर को बुला ला....... मेरी तबियत बहुत खराब हो रही है।
  सर्किट :– भाई आप तो खुद डॉक्टर हो......
  मुन्ना भाई :– हाँ पर मेरी फीस बहुत ज्यादा है।

- मैथ का टीचर (बच्चे से) :– मैं तुम्हारे जितना बड़ा था, तो मैथ में मेरे 100 नंबर आते थे।
  बच्चा :– आते होंगे, पर आपको जरूर कोई अच्छा टीचर पढ़ाता होगा।

- रोहन अपने बेटे से :– बेटा बिस्तर क्यों लगा रहा है ?
  बेटा :– तीन मेहमान आ रहे है.. नानी का बेटा, मम्मी का भाई और मेरा मामा।
  रोहन :– एक बिस्तर और लगा। मैं बताना भूल गया कि मेरा साला भी आ रहा है।

नंद किशोर
क्रमांक–564



Scanned with CamScanner

## Life without Education

Life without education is just like
the sun without shine.
A glass without water is just like
a matter without child.
Life without education is just like
student without class.
Teacher without students is just like
trees without leaves.
Life without education is just like
Heart without body.
Population without a country is just like
Broad field without any grass.

- Priyanka Kumari
Roll No. 507

## Life is other name of...

Life is other name of ...
Life is the other name of enjoy,
Come spent it with full satisfaction.
Life is the other name of game,
In which condition are not always same.
Life is the other name of opportunity
Get it and deal it with full beauty.
Life is the other name of fight,
In which think positive and do right
Life is the other name of learn,
In here everytime you face a new turn.
Life is the other name of challenge,
Come and face it with your talent.

- Christina Topno
Rollno – 508

# WHAT DOES A FAILURE MEAN ?

Many Great people failed many times, but they won. Failures are nothing but stepping stones to success. Don't think that have accomplished nothing just because you failed. Remember, you have learned something you have not been disgraced. It does mean you are not perfect .So work to achieve perfection. Sometimes people think failures never achieve. It is not so. only thing you will take a little longer.

Failure does not mean you are a failure. It does mean you have not succeeded yet. Better try again. There was a Greek king named Herodius who was defeated by enemy king. He fled to a cave. There he watches a spider who was weaving a web. The spider was falling again and again. The spider at last succeeded in building a web, the king thought that if a spider has courage to do this then I am a human being superior than all animals. I can also succeed so he builds an army. He then defeated the king and once again got his kingdom back. This incident suggests that one should not feel that he is failure but he may think that he is one step ahead of achieving the success. So we can say that failure is the ladder to success. Failure seems to be nature's plan for preparing us for greater responsibilities.

- Anna Shruti Singh
Roll No – 536



Scanned with CamScanner

## Some important Points on Education

1. The root of education is bitter but its fruit is sweet.
2. An educated person can realize the importance of education.
3. Education is nothing but adjustment with situation
4. Without education man cannot understand himself properly.
5. Education is an instrument of social change and social control.
6. A man without learning (Edn.) is just like a beast.
7. Education is the development of good moral character.
8. Education brings boldness and self-confidence in the period of trouble.
9. An educated person is he, who is satisfied with what he has.

- Shalini Sharma
Roll No. 520

## Examination is just like Cricket

- Examination is a cricket match.
- The candidate is a batsman.
- The paper setter is a bowler.
- The invigilator is an umpire.
- The marksheet is a score board.
- The desk is a pitch.
- The examination hall is a stadium.
- The pen is a bat.
- The answer sheet is over.
- The difficult question is a spin.
- Writing answer without stop is a six.
- To think than write is a four.
- A good answer is a good batting.
- Solving half of a question is a run out.
- To be caught while taking out a paper from paper is an L.B.W.
- Solving any question is stumped out taking blank answer sheet is clean bowled.

Mukesh Kumar
Roll no – 504



Scanned with CamScanner

## Man Poem - Promise of man life

Promise of my life
It's the time, when days are calm,
Than our wildness, made it apart,
That's the time, when we are unknown,
Ready to fight for a simple cause,
It's not over here,
But from here we start,
Day come, when our wildness is over,
We are tagged in a band forever,
This unknown band made us together,
Made us incomplete alone forever,
We now more always together,
Shares every moment of life,
But don't know, why God made us apart,
Give us different way of life,
Now we separated with miles apart.
Only can hear our voice,
Can share only our feelings in visibly,
Met always at a long interval,
But mostly are incomplete,
But I still hope to be complete,
Which type of this band is? Don't know,
Invisible but more than the blood,
Someone called its friendship,
But I called it's a Promise of Man Life....

- Neha Kumari
Roll no- 579



## Winners v/s Losers

The winner is always part of the answer,
The loser is always part of the problem.

The winner always has a programme,
The loser always has an excuse.

The winner sees an answer for every problem,
The loser sees problem for every answer.

Winners have dreams,
Losers have schemes.

Winners are part of the team,
Losers are apart from the team.

Winners see the gain,
Losers see the pain.

Winner choose what they say,
Losers say what they choose

Winners make it happen,
Losers let it happen atlength.

Winners plan and prepare to win
The key word is "Preparation".

- Baleshwar Rikiyasan
Roll No. - 533






Scanned with CamScanner

# Disease Awareness - EBOLA

**EBOLA**

Recently, a news worldwide had shocked every part of the globe. The News widespread about EBOLA. Every citizen of the world was very concerned about this. WHO has declared world emergency for this. In India one person was identified to be carrier of EBOLA and he was kept in isolation. Worldwide many People died. Here's description about EBOLA.

EBOLA previously known as EBOLA haemorrhagic fever is a rare and deadly disease caused by infection with one of the EBOLA virus species. EBOLA can cause diseases in human and non- human primates (Gorillas, Monkeys and Chimpanzee).

Ebola is rare diseases caused by infection with a virus of the family Filoviridae genus Ebola virus. There are five identified Ebola virus species. Four of them have caused disease in humans, these are Ebola virus (Zaire ebola virus), Sudan Virus (Sudan ebola virus), Taiforest virus (Taiforest ebola virus), and Bundibugyo virus (Bundibugyo ebola virus). The fifth Reston virus (Reston ebola virus) has formly caused disease in non-human primate but not in humans.

## Transmission

Ebola is spread through direct contact with:

- Blood or body fluids (including but not linuted to faeces, saliva , sweat, urine, vonut, breast milk and semen) of a person who is sick with Ebola.
- Objects ( like needles and syringes) that have been contaminated with the virus .
- Infected fruitbats or primates (apes &monkeys).

Ebola is not spread through the air or by water, or in general, by food. However, in Africa, Ebola may be spread as a result of handling bushmeat and conact with infected bats. There is no evidence that mosquitoes or other insects can transmit Ebola virus.

## SIGNS AND SYMPTOMS

A person infected with EBOLA virus is not contagious until symptoms appears Sign and symptoms of EBOLA include fever, severe headache, and fatigue, muscle pain, weakness, diarrhea, vomiting, abdominal pain and unexplained hemorrhage (blood bleeding).

Symptoms may appear anywhere from 2 to 21 days after exposure to Ebola virus, but the average is 8 to 10 days.

Health care provider caring for Ebola patients and family, friends in close contact with the Ebola patients are at the highest risk of getting sick because they may come in contact with infected blood and body fluids. Exposure to EBOLA virus can occur in health care setting like hospitals staffs, nursing medical equipments.



Scanned with CamScanner

## Diagnosis

| Timeline of infection | Diagnostic test |
|---|---|
| Within few days after symptoms begin | ELISA<br>PCR<br>Virus isolation |
| Later in disease course or after recovery | IgM and IgG<br>antibodies |
| Retrospectively in deceased patients | Immonohsito Chemistry testing<br>PCR<br>Virus Isolation |

## Treatment

No FDA approved vaccine or specific treatment is available for Ebola. Symptoms of Ebola and complications are treated as they appear. The following basic interventions, when used early, can significantly improve the chances of survival.

- Providing intervenous fluids and balancing electrolytes.
- Maintaining oxygen status.
- Treating other infections if occur.

Recovery from EBOLA may have long termed complications such as joint and vision Problems.

## Prevention

- Practice careful hygiene.
- Avoid funeral or burial rituals that require handling the body of someone who has died of Ebola.
- Avoid in contact with bats and non-human primates.
- Do not handle item that may have come is contact with an infected person's blood or body fluids.

Ebola can be prevented, if every one is aware about it. So spread the message of preventing Ebola to each part of the world. Only prevention and knowledge about this disease will eradicate the Ebola from outbreaking.

Vivekanand Pandey
Asst. Professor



Scanned with CamScanner

# Proud to be an Indian

India –a country known for its glorious past and myths. Once a slave country which was ruled for 200 years has shackled down her old System and is now moving ahead of the world. In the last 67 years after the independence India has progressed a lot in the field of a space research and investing along the planetary connection of the outer world. One of the latest approach to the space world is MOM- Mars Orbital Mission. This article will present a brief description about MOM. India's first Mission to Red planet was conceived in 2010.

After intensified scrutiny it was given flag off on 3Aug 2012. Within 2 days, ISRO commenced the preparation of polar satellite launch vehicle (PSLV) in Thirvanthpuram and Spacecraft centre at Bangalore. After 15 months, Rigorous labour of day and night launch vehicle, spacecraft and payloads were fabricated tested, integrated and made ready fit to fly.

All components were moved to Sri Harikota Launch site on 2nd Aug2013, well ahead of launch date. MOM was mated with launch vehicle fuelling was commenced and all was set for launch on 28th October.

Alas! Nature and weather has stopped two ships of ISRO for tracking the rocket launch from their location in pacific without these launch would have been tricky rescheduling the launch became imperative. If ISRO had failed on Nov.19 then the mission was to be aborted and it would reschedule after two years. The ships containing tracking parts arrived and the MOM was ready to fire up on 5th November 2013.The PSLV rocket took the spacecraft to its initial 248x23500 km elliptical orbit. By performing several burns with its 440 Nitrogen liquid Apoge motor engine. When the spacecraft was closest to earth, the altitude of the apogee was raised in succession. A speed of 11.4km/sec was maintained and the MOM was on Voyage of 9.25 lakh km crossing the earth's gravitational sphere of influence. As it entered interplanetary space, MOM came under the domination of the sun and took a heliocentric path which interesected orbit of Mars. It was supposed to reach on 24thSeptember 2014 the day of destiny. The work of ISRO scientists was awesome and MOM landed successfully on Mars and it became the first to reach in first attempt. India became the first nation to reach mars in first attempt and therefore it acquires a position to colonize the Mars after USA, USSR and Europe. Proud to be an Indian. Salute to all Indian scientists.

Sneha Bharti
Asst. professor





Scanned with CamScanner

# PRIDE OF COLLEGE

## Session 2009-10

**Ist**



SHWETA MAHESWARI
Roll No. - 9, Marks -767

**IInd**



KUMARI SHASHIKALA
Roll No. - 87, Marks - 764

**IIIrd**



SAMITA SHEETAL
Roll No. - 59, Marks - 763

## Session 2010-11

**Ist**



JAYANT KUMAR
Roll No. - 28, Marks - 816

**IInd**



RAVI KUMAR KESHRI
Roll No. - 12, Marks - 815

**IIIrd**



RUCHI SINGH
Roll No. - 09, Marks - 813

## Session 2011-12

**Ist**



MANOJ KUMAR
Roll No. - 19, Marks - 854

**IInd**



KHUSHBU KUMARI
Roll No. - 81, Marks - 844

**IIIrd**



BIJAY KUMAR
Roll No. - 07, Marks - 839

## Session 2012-13

**Ist**



FATIMA JAFFEREY
Roll No. - 8, Marks - 866

**IInd**



JASMEET KAUR
Roll No. - 58, Marks - 859

**IIIrd**



GARIMA ARORA
Roll No. - 38, Marks - 852



VIKAS KUMAR
Roll No. - 89, Marks - 852



Scanned with CamScanner

# Student's Editor



SUBHASH
Roll No. - 540



RUHI
Roll No. - 539



VIVEK
Roll No. - 517



SANDHYA
Roll No. - 515



Scanned with CamScanner

# PHOTO GALLERY

























Scanned with CamScanner